B1

मानक पाठ्य पुस्तक

हिन्दी

# 힌디어 표준교재 B1

한국외국어대학교 인도어과 · 인도학과

चलें, हिन्दी सीखें

मज़ा आएगा



한국외국어대학교
HANKUK UNIVERSITY OF FOREIGN STUDIES
CFL 특수외국어교육진흥사업

힌디어 표준교재 B1

# मानक पाठ्य पुस्तक
# हिन्दी

B1

한국외국어대학교 인도어과·인도학과

본 교재는 2020년 정부(교육부 국립국제교육원) '특수외국어교육진흥사업'의
지원을 받아 수행된 결과입니다. (CFL-한국외-2020-힌디-C-1)

한국외국어대학교 특수외국어교육진흥원

# 저자 संपादक


**[ 저자 ]**

**최종찬** (Choi, Jongchan)
한국외국어대학교 인도어과 교수

**고태진** (Koh, Taejin)
한국외국어대학교 인도어과 부교수

**김용정** (Kim, Yongjeong)
한국외국어대학교 인도연구소 HK교수

**이동원** (Lee, Dongwon)
서울대학교 아시아언어문명학부 강사

**D.A.P. Sharma**
델리대학교 D.C.A.C. 힌디어과 부교수

**[ 감수위원 ]**

**이은구** (Lee, Eungu)
한국외국어대학교 인도학과 교수

**Om Nath Bimali**
델리대학교 산스크리트학과 교수

**Harsh Bala Sharma**
델리대학교 I.P.C. 힌디어과 조교수

**Jyoti Sharma**
델리대학교 시바지대학 힌디어과 조교수

# 머리말 प्रस्तावना

본 교재는 국민에게 전문적인 특수외국어교육에 대한 기회 제공과 특수외국어 인재 양성을 위해 시행된 특수외국어교육진흥법에 의거하여 개발되었습니다.

그간 표준화된 공통 교육과정 없이 진행되었던 국내 특수외국어교육에 대한 내실화를 도모하고 전공 학생뿐만 아니라 일반인에게도 체계화된 수준별 학습이 가능하도록 각 단계에서 익혀야 하는 표준 교육과정에 따라서 개발된 작은 결실입니다.

『힌디어 표준교재 B1』은 『힌디어 표준교재 A1』과 『힌디어 표준교재 A2』을 학습한 분들을 대상으로 일상은 물론 친숙한 사회적·추상적 주제나 관심 분야에 대해 중급 수준의 힌디어 구사 능력을 함양할 수 있도록 집필하였습니다. 『힌디어 표준교재 B1』은 과마다 주제와 관련된 핵심 표현 학습을 위한 '대화', 인도에서 사용되는 다양한 서식을 활용한 '말하기', '듣기', '읽기', '쓰기' 연습문제, 심화 학습을 위한 '생각해 보기'로 구성되어 있으며, '문화 이해'를 통해 언어소통뿐 아니라 문화소통 능력도 키울 수 있게 했습니다.

교재를 열성적으로 감수를 해 주신 한국외국어대학교 이은구 교수님, 델리대학교 Om Nath Bimali 교수님, Harsh Bala Sharma 교수님과 Jyoti Sharma 교수님 그리고 출판될 수 있도록 편집을 맡아 주신 편집부 여러분들께 감사의 말씀을 드립니다. 또한 본 교재를 위해 그 누구보다도 진심을 다해 도움을 주신 Dhiraj Mishra 교수님께는 특별한 감사의 말씀을 드립니다.

끝으로 힌디어와 같은 특수외국어가 체계적으로 잘 교육될 수 있도록 특수외국어교육 기반 조성에 심혈을 기울이고 지원을 아끼지 않는 국립국제교육원 관계자 여러분께도 심심한 사의를 표합니다.

집필위원 일동

# 일러두기 सूचनाएँ

힌디어 표준교재는 대한민국 정부의 특수외국어교육진흥법에 의거하여 체계적으로 개발된 표준교육과정을 바탕으로 힌디어를 배우고자 하는 학습자의 의사소통 능력 신장을 위한 교재입니다.

## » 집필방향

- 특수외국어 표준교재는 유럽언어공통기준(CEFR)을 참고하여, 초급(A), 중급(B), 고급(C) 단계로 개발되었습니다. 각 단계는 다시 둘로 나뉘어 총 6개의 세부단계(A1, A2, B1, B2, C1, C2)로 구성됩니다.
- 그러나 힌디어 표준교재는 힌디어의 개별적 특수성을 반영한 힌디어 표준교육과정, 즉 유럽언어공통기준에서 제시되지 않았던 문자와 발음의 단계인 A0를 추가 개발하였습니다.
- 힌디어 표준교재는 문법지식이 아닌 단계별 의사소통을 우선적인 학습목표로 삼아 집필되었습니다. 따라서 주제, 어휘, 문법, 기능, 상황 등의 선정 및 배열에서 일반 힌디어 교육과 차이를 보일 수 있습니다.
- 중급 수준의 학습자를 위한 과정인 B1에는 외국어로서의 힌디어를 전공하는 대학교 2학년 학생 수준을 고려한 구체적 학습목표가 제시됩니다.
- B1 교재는 일상에 관해 힌디어로 주저함 없이 이야기할 수 있는 언어사용을 목표로 합니다. 따라서 일상생활에서 자주 마주치는 문제에 대한 자신의 견해를 비교적 상세하게 설명하고, 친숙한 사회적·추상적 주제나 관심 분야에 대해 간단한 의사소통이 가능하도록 설계되어 있습니다.
- 힌디어 표준교육과정에 근거하여 개발된 본 교재를 통해 힌디어 전공학생 뿐만 아니라 일반인들도 표준화된 양질의 교육을 제공받을 수 있는 기반이 마련될 것을 기대합니다.

## » 교재구성

- 본 교재는 모두 12 과로 구성되어 있습니다.
- 각 과는 대화, 문화이해, 듣기, 말하기, 읽기, 쓰기, 생각해 보기로 구성됩니다.
- 각 과는 기본적으로 4~6시간의 수업 내용으로 구성되어 있습니다. 물론 학습 현장 상황과 학습자의 학업 성취 정도에 따라 수업 시간은 유연하게 조절 가능합니다.
- 중급 과정에 해당하는 본 교재는 한국어 해석과 문법 설명 없이 힌디어로만 구성됩니다.
- 각 과의 첫 페이지는 사진, 학습목표, 도입 질문으로 구성되어 학습자가 해당 과의 주제와 어휘를 접하고 관련 배경지식을 형성할 수 있습니다.





- '대화(वार्तालाप)'는 해당 과의 주제에 맞는 자연스럽고 실용적인 힌디어 대화로 이루어져 있습니다.
- '문화이해( )'는 주제와 관련된 사진과 함께 한국어 질문이 주어집니다. 이 질문에 대한 답을 찾는 과정에서 학습자는 인도 사회와 문화에 대한 심도 있는 지식을 확보할 수 있습니다.



- 본 교재에는 A1, A2 교재의 '문법'과 '문형 이해하기' 대신 통합적 의사소통 능력 개발을 위해 '듣기(सुनना)', '말하기(बोलना)', '읽기(पढ़ना)', '쓰기(लिखना)' 영역에 따라 더욱 다양한 형식의 연습문제를 제시하여 학습자의 흥미와 관심에 맞는 유의미한 연습이 이루어질 수 있도록 했습니다.



- 각 과의 마지막은 '생각해 보기(सोचना)'로 주제와 관련된 또 다른 대화문을 실어 상황별 표현을 익힐 수 있게 했습니다.
- 부록에는 듣기 지문, 정답과 함께 B1 교재에 새로 나온 어휘 약 1,200개가 색인 형식으로 정리되어 있습니다.

# 목차

# अनुक्रम







머리말 02

일러두기 04

पाठ 01
**विवाह** 08

पाठ 02
**परिवार** 22

पाठ 03
**कॉलेज जीवन** 38

पाठ 04
**भावनाएँ** 50

पाठ 05
**अवकाश** 62

पाठ 06
**अस्पताल** 76








पाठ 07
**फल और सब्ज़ियाँ** 90

पाठ 08
**यातायात** 104

पाठ 09
**संचार** 118

पाठ 10
**लड़ाई-झगड़ा** 132

पाठ 11
**हवाई अड्डा** 146

पाठ 12
**प्रकृति** 160

**부록** 174

듣기 지문 175

정답 182

어휘 184

참고 자료 / 출처 218



पाठ

# 01 विवाह

**학습목표**

인도 결혼 문화의 특징을 이해하고 힌디어로 설명할 수 있다.

**도입 질문**

| | |
|---|---|
| 인도 결혼식에 가본 적이 있나요? | क्या आप कभी भारत में विवाह समारोह में गए हैं? |
| 인도의 결혼식 절차는 어떻게 되나요? | भारत के विवाह का कौन-सा कार्यक्रम होता है? |
| 신부와 신랑은 어떤 의상을 입나요? | वर और वधू शादी में क्या पहनते हैं? |
| 신랑측 결혼 행렬을 본 적이 있나요? | आपने कभी भारत के रास्ते में बारात देखी है? |

## वार्तालाप 1

**रोशन** नमस्ते भाभी! यह मेरे विवाह का निमंत्रण पत्र है। मेरा विवाह सुजी से होगा। सभी को विवाह में आना होगा।

**डॉ॰ ज्योति** वाह, आपको बधाई। हम विवाह में ज़रूर आएँगे। अगर मेरे पति नहीं भी आ सकें, तो भी मैं और बच्चे ज़रूर आएँगे।

**रोशन** शुक्रिया भाभी! अभी विदा दीजिए। वास्तव में विवाह की काफ़ी तैयारी करनी है।

**डॉ॰ ज्योति** बिलकुल। मुझे भी आपके विवाह के लिए काफ़ी तैयारी करनी होगी।

(थोड़ी देर बाद)

**आकाश** (ज्योति का भाई) यह रोशन और सुजी के विवाह का निमंत्रण पत्र है। लेकिन विवाह में जाने के लिए क्या योजना है?

**डॉ॰ ज्योति** दरअसल रोशन के विवाह के लिए हमें भी काफ़ी तैयारी करनी है। सभी के लिए कपड़े और ज़रूरी सामान लेने होंगे।

**आकाश** यह तो है! वरमाला में, मैं शेरवानी और तुम लाचा पहन लेना। विवाह में, मेरे लिए कुर्ता पायजामा और तुम ख़ुद के लिए साड़ी रख लेना। माँ और पिता जी के लिए तीन सेट कपड़े काफ़ी होंगे।

**डॉ॰ ज्योति** सही है! मेरे पास गहने तो हैं। लेकिन थोड़ा शृंगार का सामान लेना होगा। तुम्हें परफ़्यूम ख़रीदना होगा। सब कुछ मान्यवर में मिल जाएगा।

**आकाश** वास्तव में, हम कल सब कर लेंगे। विवाह के दूसरे रस्मों - फेरे, कन्यादान, जूता छुपाई और मंडप के लिए भी कुछ न कुछ मान्यवर में मिल जाएगा।

**डॉ॰ ज्योति** उसकी ज़रूरत नहीं है। विवाह के रस्मों में वर की तरफ़ से वधू के परिवार वालों को उपहार दिया जाता है।

**आकाश** अच्छा! अगर मैं विदाई में सफ़ारी सूट पहनूँगा तो कैसा रहेगा? तुम अपने लिए लहँगा ख़रीद सकती हो?

**डॉ॰ ज्योति** विदाई में साड़ी पहनना ही ठीक रहेगा। लेकिन रिसेप्शन में मैं लहँगा पहनूँगी।

**आकाश** तुम्हारी सोच बिलकुल व्यावहारिक है। हम ख़ूब एंजॉय करेंगे।

**डॉ॰ ज्योति** अगर सब ठीक हुआ तो सच में बहुत मज़ा आएगा।

## वार्तालाप 2

**आकाश** वो देखो, बैंकेट हॉल! वहाँ ढोल, ताशा और शहनाई बज रहे हैं। हम विवाह स्थल पर पहुँच गए।

**डॉ॰ ज्योति** लड़की के परिवार वाले छोटी फूल माला से स्वागत कर रहे हैं।

**आकाश** हाँ, रोशन ने काफ़ी ज़ोरदार तैयारी की है। बैंकेट हॉल काफ़ी सुंदर सजाया गया है।

**डॉ॰ ज्योति** सच में, स्टेज पर बहुत सुंदर फूल और सजावट है। लगता है काफ़ी मेहनत से डिज़ाइन चुना गया है।

**आकाश** इस सजावट की प्रशंसा होनी ही चाहिए। हॉल में सभी कुछ बिलकुल क़रीने से किया गया है।

**डॉ॰ ज्योति** नि:संदेह! वो भी देखो, वेज खाने का स्टाल एक ओर है तो नॉन वेज खाना बिलकुल दूसरे कोने में।

**आकाश** म्यूजिक का स्टेज प्लेटफ़ॉर्म भी एक कोने में है, जबकि हर जगह उसे स्टेज के पास लगा देते हैं। इस व्यवस्था से किसी को परेशानी नहीं होगी।

**डॉ॰ ज्योति** मंडप को भी बहुत सुंदर ढंग से अलग-अलग फूलों से सजाया गया है।

**आकाश** यहाँ पर इधर देखो या उधर, सभी लोग प्रसन्न दिख रहे हैं। स्वागत में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं दिख रही है।

**डॉ॰ ज्योति** बिलकुल सही कह रहे हो। बिलकुल पर्फ़ेक्ट फ़ील हो रहा है।

**आकाश** वाह! तुम्हारी यह बात तो रोशन को बतानी पड़ेगी।

**डॉ॰ ज्योति** ऐसा है अभी हम विवाह के रस्मों का आनंद लेते हैं। रोशन को कभी बाद में बता देना।



1 신랑과 신부가 지금 무엇을 하고 있을까요?

2 우리나라 전통혼례에는 어떤 의식이 있을까요?

## सुनना

**[1-2] ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।**

**1. शादी में आने वाले लोगों को खाने में सबसे ज़्यादा क्या पसंद आया?**

① सब्ज़ी

② पनीर

③ पकवान

④ मिठाई

**2. शादी के लिए किस दूसरे शब्द का इस्तेमाल किया गया है?**

① विवाह

② वर

③ वधू

④ फ़ोटो

**[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, × चुनिए।**

**3. इस हॉल का निर्माण 10वीं शती में राजा मानसिंह ने करवाया था।**

○ ×

**4. यह इमारत सफ़ेद संगमरमर से बनी है।**

○ ×

## बोलना

**1. दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।**

① : नमस्कार! भाई साहब, आपको शादी के हॉल तक आने में कोई परेशानी तो नहीं हुई?

: ______________________

② : अब तो आपको बेटे की शादी की रिसेप्शन पार्टी में भी आना होगा।

: ______________________

③ : बहन, आपका परिवार बहुत ही भला है, हमें आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा।

: ______________________

④ : आपके परिवार में नई वधू को मिलाकर अब कितने सदस्य हो गए?

: ______________________

## बोलना

**2. आप अपने अनुभव के बारे में बताइए, जब आपने घर में शादी की तैयारी में अपना योगदान दिया था।**

① आपके घर में किसकी शादी थी? आपने उस शादी के लिए क्या ख़ास तैयारी की?

| शादी किसकी थी | आपका उनके साथ क्या रिश्ता है | तैयारियों की सूची | अनुभव |
|---|---|---|---|
| | | | |

② आपने इस शादी के लिए किस परिधान का चुनाव किया और क्यों?

## पढ़ना

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**

विवाह किसी भी समाज में एक महत्त्वपूर्ण संस्कार होता है। भारतीय समाज में विवाह के साथ बहुत सी औपचारिकताएँ, रीति-रिवाज और तैयारियाँ जुड़ी हैं। ख़ास तौर पर लड़की के विवाह में औपचारिकताएँ लड़के के विवाह से ज़्यादा होती हैं। शादी के निमंत्रण-पत्र छपवाना, बाँटना और फिर कपड़ों की तैयारी, खाने-पीने के इंतज़ाम आदि किए जाते हैं। लड़की के लिए ख़ास लहँगा, साड़ी, साथ ही गहने और सजने के दूसरे सामान ख़रीदने पड़ते हैं और लड़के के लिए शेरवानी, पगड़ी आदि की ख़रीदारी होती है। सभी बारातियों और दुल्हन के घर वालों को भी विशेष रूप से तैयार होने के लिए नए कपड़े और गहने आदि ख़रीदने होते हैं। हिंदू भारतीय शादी में आम तौर पर हल्दी की रस्म, मेंहदी की रस्म के अलावा कई पारंपरिक रीतियों का पालन दूल्हा और दुल्हन के परिवारों द्वारा किया जाता है। भारतीय समाज में शादी एक बड़ा पर्व है। पुराने समय में एक महीने तक शादी के रीति-रिवाज चलते थे, परंतु अब अति व्यस्त जीवन में एक सप्ताह या उससे भी कम समय में शादी के सभी रीति-रिवाज निपटा दिए जाते हैं।

**1. भारतीय समाज में विवाह के साथ क्या जुड़ा है?**

① पूजा पाठ
② अति व्यस्तता
③ औपचारिकताएँ और रीति-रिवाज
④ सुविधाएँ

**2. पुराने समय और वर्तमान की शादी में किसका अंतर आया है?**

① परिवार का
② खान पान का
③ नृत्य का
④ समय का

## पढ़ना

[3-4] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।

मेरे सुपुत्र

**चि० सुमित सुरागी**

के विवाह उपलक्ष्य में

**प्रीतिभोज**

रखा गया है जिसमें आप सादर आमंत्रित है।

**दिनांक** 5/2/2018 सोमवार

**समय** प्रात: 11 बजे

**स्थान** गायत्री एवं शनिमंदिर के पास, सुवासरा

विनीत

जीतेंद्र सुरागी - सौ० सरोज सुरागी

सुवासरा ज़िला - मंदसौर (म० प्र०)

**3.** कार्ड के अनुसार समारोह क्या है?

① शगुन　② सुरागी

③ विवाह　④ प्रीतिभोज

**4.** कार्ड के अनुसार समारोह किस दिन होना है?

① प्रात:　② सोमवार

③ फरवरी　④ 11 बजे



## लिखना

**1.** शादी का कार्ड दिए गए शब्दों से ख़ाली स्थान भर कर बनाइए।

सुमित, प्रिती कुमारी, श्री भुवन शर्मा, तिलकोत्सव, बारात आगमन,
बुधवार 25/10/2015, श्री राम सेवक शर्मा

।। श्री गणेशाय नमः ।।

| वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभः
निर्विघ्नं कुरुमें देवो सर्वकार्येषु सर्वदा |

| सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके
शरण्ये त्र्यम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते |

मान्यवर महोदय, परमपिता परमेश्वर कीअसीम कृपा से हमारे यहाँ

① ________　② ________

के संग

द्वितीय सुपुत्री (③　　　)　सुपुत्र (④　　　)

का पाणि ग्रहण संस्कार

बुधवार दिनांक　　　　को होना निश्चित हुआ है।

अतः आप सभी महानुभवो को नम्र निवेदन है की इस शुभ अवसरपर आप सपरिवार सहित पधारकर वर- वधु को शुभ आशिर्वाद प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें।

**मांगलिक कार्यक्रम**

(⑤ ________) सोमवार 23/02/2015

(⑥ ________) बुधवार 25/02/2015 दोपहर 12 बजे

शुभविवाह : बुधवार 25/02/2015

स्वागत समारोह एवं
स्वरूची भोज : (⑦ ________) शाम 7 से 9

बिदाई : बुधवार 25/02/2015 रात 10 बजे

## लिखना

**2.** दी गई शब्दावली का प्रयोग करके विषय से संबंधित छोटा निबंध लिखिए।

लहँगा, शेरवानी, मेंहदी, पगड़ी, रीति-रिवाज

## मेमो

सोचना

## 'आज मेरे यार की शादी है.....'

[वर्मा दंपति की दो संतानें हैं – श्याम (बेटा) और सुमन (बेटी)। श्याम (28 वर्ष) सुमन से बड़ा है और वह तीन साल से एक कंपनी में काम करता है। सुमन (25 वर्ष) की नौकरी एक साल पहले लगी है। जब से सुमन की नौकरी लगी, तभी से मिस्टर और मिसेज़ वर्मा ने उसके लिए लड़का देखना शुरू कर दिया था। एक साल बाद उन्हें अपनी पसंद का घर-वर मिला है। लड़के वालों को लड़की पसंद है। यह बात बताने के लिए लड़के (संजय) के पिता (सक्सेना जी) मि॰ वर्मा को फ़ोन करते हैं। मि॰ वर्मा का हैंडफ़ोन बजता है।]

**मि॰ वर्मा** [फ़ोन उठाते हुए] नमस्कार सक्सेना जी! कैसे हैं? घर में सब कुशल-मंगल?

**मि॰ सक्सेना** जी, हम सब बढ़िया हैं। आप सुनाएँ!..... अच्छा, मैंने आपको किया है ख़ुश ख़बरी देने के लिए। आपकी बिटिया हमें पसंद है, संजय को भी बहुत पसंद है। तो अब आप शादी की तैयारी कीजिए।

**मि॰ वर्मा** सक्सेना साहब, मुझे समझ नहीं आ रहा है कि कैसे आप लोगों का धन्यवाद करूँ। मैं तो इतना शुक्र-गुज़ार हूँ कि आपसे बता नहीं सकता।

**मि॰ सक्सेना** अजी! ऐसी कोई बात नहीं है वर्मा जी। आपकी बिटिया हर तरह से क़ाबिल है, सुंदर है। बल्कि हम ख़ुश-किस्मत हैं कि सुमन जैसी बहू हमारे घर आएगी। और वैसे भी वर्मा जी, आप तो जानते ही हैं, हम लोगों का क्या, बच्चे राज़ी तो हम भी राज़ी।

**मि॰ वर्मा** हाँ, बात तो ठीक ही कह रहे हैं आप......

**मि॰ सक्सेना** अच्छा, अब आगे की बातें करें! दरअसल, हमारे पास टाईम कम है। ऐसा है कि संजय की छुट्टी फरवरी भर ही है, एक मार्च को वह वापस यूएस चला जाएगा। इसी के भीतर हमें सब करना है।

**मि॰ वर्मा** अरे! ये तो बड़ा मुश्किल है, एक महीने के भीतर सारे इंतज़ाम!..... सॉरी। शॉपिंग, कैटरर और पता नहीं पंडाल भी ख़ाली होगा या नहीं! बीस-पच्चीस दिन तो लहँगे वाले ही ले लेते है। कैसे होगा?..... मैं तो कुछ सोच नहीं पा रहा हूँ।

**मि॰ सक्सेना** वर्मा जी! आप बिलकुल परेशान न हों, मैंने पंडित जी से पता कर लिया है, इस महीने कई मुहूर्त हैं, लगभग हर तीसरे दिन। पहले शादी का दिन पक्का कीजिए, फिर उस डेट पर पंडाल देख लेंगे। नहीं ख़ाली हुआ तो कोई बैंकेट हॉल बुक कर लेंगे।



[गेस्ट की लिस्ट थोड़ी कम कर लेंगे। और रही बात शॉपिंग की तो ज़्यादा ताम-झाम में पड़ने की ज़रूरत नहीं है। और बच्चों को भी कौन-सा यहाँ रहना है? प्रैक्टिकल होकर सोचिए, वर्मा जी! सब हो जाएगा।]

**मि॰ वर्मा** चलिए! जब करना ही है, हमारे पास ऑप्शन है ही नहीं तो करना ही पड़ेगा। ठीक है, सक्सेना जी। आज से ही लग जाता हूँ मैं। अच्छा, नमस्ते!

**मि॰ सक्सेना** भाभी जी को भी मेरी नमस्ते कहिएगा और मेरी तरफ़ से उन्हें बधाई भी दीजिएगा।

[मिसेज़ वर्मा (सविता जी) किचन में है। वर्मा जी उन्हें यह ख़बर देने के लिए आवाज़ लगाते हैं....]

**मि॰ वर्मा** हाँ भई, सविता....! सुन रही हो....!

**सविता जी** हाँ जी, एक मिनट, आती हूँ। ......... हाँ जी, अब बोलो!

**मि॰ वर्मा** सक्सेना जी का फ़ोन आया था। उन्हें सुमन पसंद है। लेकिन....

**सविता जी** क्या...! सचमुच! मैं तो ख़ुशी से पागल हो गई! इतनी अच्छी बात इतनी देर में बता रहे हो आप? कमाल करते हो जी!

**मि॰ वर्मा** अरे, अभी तो फ़ोन रखा है मैंने और तुम्हें आवाज़ दी है। सुनो, समस्या ये है कि शादी उन्हें एक महीने के भीतर ही करनी है क्योंकि लड़का एक मार्च को यूएस चला जाएगा और फिर पता नहीं कब छुट्टी मिले!

**सविता जी** हाय.... ये कैसे होगा? मैंने तो सुमन के लिए कुछ भी नहीं ख़रीदा है। ज़ेवर तो चलो कोई बात नहीं, लेकिन, लहँगा, सूट इतनी जल्दी कैसे तैयार होंगे? मैं तो कहती हूँ, सक्सेना जी से एक बार बात करके देखो, शायद मान जाएँ।

**मि॰ वर्मा** भले मानस! तुम्हें क्या लगता है, मैं चुप रहा। मैंने परेशानी नहीं बताई? तुम्हें केवल शॉपिंग की पड़ी है, मुझे तो दस और काम हैं - रुपये-पैसे, पंडाल, कैटरर, कार्ड छपवाना-बाँटना सब देखना है मुझे। पर, अब करें क्या जब कोई रास्ता ही नहीं है! होशियारी इसी बात में है कि हम लोग आज से ही तैयारी शुरू कर दें।

**सविता जी** ठीक है जी, ऊपर वाले की इच्छा... उसने कुछ अच्छा ही सोचा होगा!

**मि॰ वर्मा** तुम आज सुमन के साथ मिलकर ज़ेवर और कपड़ों की लिस्ट बना लो, मैं दोपहर बाद पंडित जी के यहाँ जाता हूँ।



पाठ
02

# परिवार

**학습목표**

인도의 가족 형태 및 관계를 이해하고 힌디어로 설명할 수 있다.

**도입 질문**

| | |
|---|---|
| 당신의 가족에 대해 말해주세요. | आप के परिवार के बारे में बताइए। |
| 휴일에 가족들과 무엇을 하나요? | आप छुट्टी में अपने परिवार के साथ क्या करते हैं? |
| 인도 결합가족의 구성원을 설명해보아요. | भारतीय संयुक्त परिवार के सदस्यों का वर्णन करें। |
| 라키와 락샤반단에 대해 알고 있나요? | क्या आप राखी और रक्षाबंधन के बारे में जानते हैं? |

## वार्तालाप 1

**जीमिन** आशा, भारतीय परिवार के बारे में कुछ बताओ।

**आशा** जीमिन, भारत में मुख्यत: दो तरह के परिवार होते हैं। एकल परिवार और संयुक्त परिवार।

**जीमिन** अच्छा, तब तो पहले यह बताओ कि एकल परिवार किसे कहते हैं?

**आशा** वास्तव में एकल परिवार में एक पुरुष (पिता), एक महिला (माता) और उनकी संतान होती है। संयुक्त परिवार में बहुत सदस्य होते हैं।

**जीमिन** ऐसा, एकल परिवार तो समझ गया लेकिन संयुक्त परिवार के विषय में थोड़ा अधिक बताओ।

**आशा** एक व्यक्ति जब अपने भाई बहन और माता-पिता के साथ ही साथ दादा, दादी, ताऊ, ताया, चाचा, चाची, भैया, भाभी, बुआ के साथ रहता है, तब उसका परिवार संयुक्त परिवार कहा जाता है।

**जीमिन** दादा, दादी, ताऊ, ताया, चाचा, चाची, बुआ के बारे में थोड़ा समझाओ। ये सभी उस व्यक्ति से कैसे जुड़े होते हैं?

**आशा** जीमिन, भारत में लोग अपने पिता के पिता को दादा और दादा की पत्नी को दादी कहते हैं।

**जीमिन** इसका मतलब हुआ कि पिता की माता दादी कही जाती हैं।

**आशा** बिलकुल सही, इसी तरह से पिता के बड़े भाई को ताऊ जी और छोटे भाई को चाचा जी कहा जाता है। भैया तो जानते ही हो?

**जीमिन** थोड़ा ठहरो, तो ताया और चाची उनकी पत्नी को कहा जाता होगा, है न? आशा!

**आशा** हाँ, सही समझे। बुआ पिता की बहन को कहते हैं और तुम भाई-बहन तो जानते ही हो?

**जीमिन** हाँ, अब भारतीय परिवार के बारे में समझ गया।

## वार्तालाप 2

**सुजी** जीन, बहुत जल्द मेरे घर नन्हा मेहमान आने वाला है।

**जीन** ओहो, आपको बधाई हो, होने वाली बुआ जी! तो क्या भाभी जी हॉस्पिटल चली गईं?

**सुजी** हाँ, माँ भी साथ गई हैं। अब जब नन्हा मेहमान आएगा तब सब एक साथ वापस घर लौटेंगे।

**जीन** वैसे डॉक्टर के ओपिनियन में नॉर्मल डिलीवरी होगी अथवा सिजेरियन डिलीवरी? सिजेरियन होगा तो काफ़ी समय लग सकता है।

**सुजी** डॉक्टर ने नॉर्मल का अड्वाइस किया है। इसमें भी काफ़ी तनाव तो होता ही है।

**जीन** हाँ, यह तो है! डिलीवरी में बच्चे की माँ का जन्म फिर से होता है। वो अपना सारा दर्द आने वाले मेहमान को देख कर सह लेती है।

**सुजी** जीन, जब नन्हा मेहमान आएगा तब क्या-क्या होगा?

**जीन** जब तुम्हारे घर पर नन्हा मेहमान आएगा तब लोग उसकी परवरिश में लगेंगे। इसकी शुरुआत बहुत से रस्मों के साथ होगा।

**सुजी** अच्छा, तब मुझे ख़ास क्या करना चाहिए?

**जीन** तुम्हें सिर्फ़ घर को अच्छे से साफ़-सुथरा रखना चाहिए। इसके अलावा बहुत ज़्यादा सोचने की ज़रूरत नहीं है। चाची जी सब कुछ बता देंगी।

**सुजी** ठीक है जीन। तुमसे बात करके मुझे थोड़ा सुकून मिल रहा है।

**जीन** ऐसा होता है। जाकर ख़ुशियों के स्वागत की तैयारी करो।





**1** 이 아이의 눈에 검은 색을 왜 칠한 것일까요?

**2** 우리나라에서는 아이가 건강하게 자라길 바라며 무엇을 하나요?

## सुनना

**[1-2] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1. राखी किस रिश्ते में प्यार के लिए मनाया जाता है?**

① पति-पत्नी

② माता-पिता

③ भाई-बहन

④ चाचा-चाची

**2. नेहा राखी के दिन क्या-क्या करेगी?**

① बच्चों के साथ अपने भाई के घर जाएगी।

② डाक से राखी भेजेगी।

③ भाई को राखी बाँध देगी।

④ सूजी का हलवा बनाएगी।

**[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, × चुनिए।**

**3. सकट चौथ के दिन बच्चे माँ की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करते हैं।**

○ ×

**4. इस दिन गणेश जी की पूजा की जाती है।**

○ ×

## बोलना

**1. दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।**

① : भैया, मेरे भतीजे के जन्म की बहुत बहुत बधाई हो।

: ______________________

② : अच्छा, उसके नामकरण का कार्यक्रम कब होगा? और फिर दावत भी करनी होगी!

: ______________________

③ : तुम जल्दी आना बहन।

तुम्हारी भाभी और भतीजा तुमसे मिलने का इंतज़ार कर रहे हैं।

: ______________________

④ : और मेरे भाँजे को लेकर आना, वो भी तो कब से इसके आने का इंतज़ार कर रहा था।

: ______________________

## बोलना

**2. आप अपने अनुभव के बारे में बताइए, जब आपके परिवार के सभी सदस्य बच्चे के नामकरण में शामिल हुए थे।**

① परिवार के सदस्यों से में कौन-कौन आया था और बच्चे के लिए क्या लाया था।

| कार्यक्रम | सदस्य का नाम | बच्चे से रिश्ता | उपहार |
|---|---|---|---|
| | | | |

② आप जिस कंपनी में काम करते हैं, आपके घर के कार्यक्रम में उन लोगों को भी आपने बुलाया होगा, तो उन्होंने क्या कहा, इस बारे में बोलिए।

## पढ़ना

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**

भारत में संयुक्त परिवार की परंपरा बहुत पुरानी है। एक ही घर में तीन चार पीढ़ियाँ एक साथ रहती हैं। दादा-दादी, माता-पिता, उनके बच्चे और बच्चों के बच्चे भी साथ ही रहते हैं। हालाँकि बदलते समय में संयुक्त परिवार की परंपरा कम होती जा रही है। इसके स्थान पर एकल परिवार बढ़ रहे हैं। संयुक्त परिवारों में बच्चों का पालन-पोषण आसानी से हो जाता था। बच्चों को अपने बड़ों के संपर्क से संस्कार और ज्ञान आसानी से मिलता था। आज के दौर में माता पिता के लिए एकल परिवारों में बच्चों का पालन-पोषण भी एक चुनौती है।

**1. बच्चों का पालन-पोषण कौन-सी परिवार व्यवस्था में ज़्यादा अच्छा होता है?**

① एकल परिवार व्यवस्था
② संयुक्त परिवार वयवस्था
③ गठजोड़ परिवार में
④ किसी परिवार व्यवस्था में नहीं

**2. कौन-सा कथन गलत है?**

① भारत में संयुक्त परिवार की परंपरा बहुत पुरानी है।
② संयुक्त परिवारों में बच्चों का पालन-पोषण आसानी से हो जाता था।
③ एक ही घर में तीन चार पीढ़ियाँ एक साथ रहती हैं।
④ भारत में संयुक्त परिवार अब नहीं हैं।

## पढ़ना

**[3-4] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**

### एकल परिवार

एकल परिवार वह होता है जिसमें माता-पिता और उनके अविवाहित बच्चें एक साथ रहते हैं। एकल परिवार का आकार छोटा होता है और परिवार के सदस्यों की संख्या भी कम होती है। इसमें अधिकतम दो ही पुश्त के लोग साथ रहते हैं।
एकल परिवारों के बनने के कई कारण हैं: 1. शहरीकरण, 2. रोज़गार / काम-धंधा, 3. पारिवारिक झगड़े, 4. जनसंख्या में वृद्धि, 5. शिक्षा, 6. स्वास्थ्य सुविधाएँ आदि

### संयुक्त परिवार

संयुक्त परिवार वह होता है जिसमें तीन या उससे अधिक पुश्त के लोग रक्त संबंध या विवाह के आधार पर एक साथ रहते हैं। इसमें दादा-दादी, ताऊ-ताई, माता-पिता, चाचा-चाची, उनके बच्चें आदि एक साथ रहते हैं। संयुक्त परिवार का आकार बड़ा होता है। अतः परिवार के सदस्यों की संख्या अधिक होती है। भारत देश में अधिकतर परिवार संयुक्त परिवार ही है।
संयुक्त परिवार में परिवार के सभी सदस्य मिलजुल कर कार्य करते हैं तथा एक ही रसोई में सबके लिए खाना बनता है। परिवार का मुखिया घर का सबसे बड़ा सदस्य होता है। सभी सदस्यों में घर के कार्य बंटे होते हैं। किसी भी समस्या का सामना परिवार के सभी लोग मिलकर करते हैं।

**3. संयुक्त  परिवार की ख़ूबियों के बारे में कौन-सा कथन ग़लत है?**

① संयुक्त परिवार  समस्या का सामना मिलकर करता है।

② संयुक्त परिवार के सदयों के बीच काम बँटा होता है।

③ संयुक्त परिवार में घर का मुखिया नहीं होता।

④ संयुक्त परिवार में एक साथ कई पीढ़ी रहती है।

**4. संयुक्त परिवार से एकल परिवार में बदलने के कारणों में शामिल न हो, वह क्या है?**

① संयुक्त परिवार में झगड़े होते थे।

② जनसंख्या में वृद्धि होने लगी थी।

③ शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा के लिए एकल परिवार अच्छा था।

④ संयुक्त परिवार में ख़र्च कम होते थे।

## लिखना

1. निमंत्रण कार्ड के ख़ाली स्थान को दिए गए शब्दों से पूरा कीजिए।

आशीर्वाद, नामकरण, विनीत, सशक्त

( ) संस्कार

श्री गणेशाय नमः

मैं पापा श्री अमोल शर्मा, माँ श्रीमति आकांक्षा शर्मा, भैया विजय शर्मा की बगिया महकाने आई।

मान्यवर,

मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि मुझे और सौभाग्यकांक्षिणी आकांक्षा को पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई है। इसी पुत्रि का

**नामकरण संस्कार**

दिनांक 20 जनवरी 2021 कि सायं 5 बजे होना सुनिश्चित हुआ है। आपसे सादर अनुरोध है कि इस शुभ अवसर पर पधार कर ( ) आकांक्षी हमारी नवजात पुत्री को सह कुटुंब, सह परिवार पधारें और अपने आशीर्वाद से उसे ( ) बनाएँ।

( )

अमोल शर्मा आकांक्षा शर्मा

2. दी गई शब्दावली का प्रयोग करके विषय से संबंधित छोटा निबंध लिखिए।

एकल, संयुक्त, पालन-पोषण, पीढ़ियाँ

सोचना

## गरमी की छुट्टी में हम तो नानी के घर जाएँगे

[सुमित और केया हाई स्कूल में पढ़ते हैं। दोनों बहुत ख़ुश हैं कि पढ़ाई से छुट्टी मिली है, अब लगभग एक महीना वे मौज-मस्ती करेंगे, दोनों अपने-अपने प्लान के बारे में बात कर रहे हैं कि गरमी की छुट्टी कैसे बिताएँगे।]

**सुमित** केया, इस गरमी की छुट्टी में क्या प्लान है तेरा, स्वीमिंग क्लास करेगी?

**केया** नहीं यार, मैं तो गाँव जाऊँगी, अपने दादा-दादी के यहाँ। वहाँ ख़ूब आम-लीची खाऊँगी और ख़ूब घूमूँगी।

**सुमित** वहाँ, गाँव में कौन-कौन हैं?

**केया** गाँव में, मेरे दादा-दादी, बड़े पापा, बड़ी अम्मा, चाचा, चाची, सब हैं। चहेरे भाई-बहनों के साथ आम-लीची के बग़ीचे में बड़ा मज़ा आता है। पूरी प्लान बताऊँ?

**सुमित** बता!

**केया** देख! मेरी एक बुआ जी हैं और दो मामा जी। पहले हम बुआ-फूफा जी के घर जाएँगे। पापा बहुत सारा गिफ़्ट का सामान लेकर जाते हैं वहाँ। फुफेरा भाई और फुफेरी बहन दोनों मुझे बहुत प्यार करते हैं। तीन-चार दिन के लिए नाना-नानी जी के यहाँ जाएँगे। मेरे मामा-मामी, ममेरे भाई और ममेरी बहनें मुझे गुड़िया कहकर बुलाते हैं। जब हम ननिहाल से आने लगते हैं तो हमें बहुत सारे गिफ़्ट और पैसे मिलते हैं। हमारे यहाँ नाती-नातिन और भानजा-भानजी को बहुत रेस्पेक्ट मिलता है। लखनऊ में मेरे मौसी-मौसा रहते हैं। गाँव से दिल्ली लौटते हुए हम वहाँ भी जाएँगे। फिर दिल्ली वापस! और तू कहाँ जा रहा है?

**सुमित** मेरी फैमिली तो बहुत साल पहले यहाँ माइग्रेट कर गई थी। इसलिए मैं तो यहीं रहूँगा। स्वीमिंग और एक्टिंग की क्लास करूँगा।

**केया** तू कहीं घूमने नहीं जाएगा?

**सुमित** पता नहीं, पापा को बिज़नेस के काम से छुट्टी मिलगी तो देखेंगे। हाँ, ताऊ जी के यहाँ छोटा-सा फंक्शन है, उसमें जाऊँगा। मेरे भैया-भाभी के बेटे, मतलब मेरे भतीजे-भतीजी की पहली बर्थडेट पार्टी है। दोनों जुड़वाँ हैं।

**केया** बस आ गई। चल! छुट्टी के बाद मिलते हैं। बाय!



[सुमित और उसके माता-पिता बर्थडेट पार्टी में गिफ़्टपैक लेकर पहुँचते हैं। बर्थडेट पार्टी में ख़ूब रौनक़ है। गाना बज रहा है - "....मेरा नाम करेगा रोशन, जग में मेरा राज दुलारा"। सुमित के ताऊ-ताई जुड़वाँ बच्चों को गोद में लिए बैठे हैं। सब एक-दूसरे को नमस्ते करते हैं। सुमित नवजात शिशु को गोद में लेने की कोशिश करता है।]

**सुमित की भाभी** [शिशुओं से] यह देखो! तुम्हारा सुमित चाचा। नमस्ते करो, नमस्ते!

**सुमित** [गोद में लेकर] बहुत सुंदर बच्चे हैं। क्या नाम रखा इनका? राशि के हिसाब से दोनों का नाम 'न' से रखना था। इसलिए बेटे का नाम नमन और बेटी का नाम नैना रखा है।

**सुमित की माँ** [सुमित की भाभी से] तुम दोनों मियाँ-बीबी तो ऑफिस चले जाते हो बेटा, तो बच्चों को कौन सँभालता है?

**सुमित की भाभी** चाइल्डकेयर मेड है और मम्मी देख-रेख कर लेती हैं।

**सुमित की माँ** इन्हें, प्ले स्कूल में जल्दी मत डालना, दादा-दादी के साथ खेलने देना। आजकल तो लोग दो-ढाई साल में ही प्ले स्कूल में डाल देते हैं। वैसे भी तीन साल के होने पर तो स्कूल जाना ही इन्हें। और ग्रेड वन के पहले दो साल तो किंडरगार्टन में ही रहना होता है। आजकल तो अच्छे स्कूल में एडमिशन कराना बहुत मुश्किल काम है। ध्यान रखना इस बात का।

**सुमित की भाभी** जी, आप बिलकुल ठीक कह रही हैं, चाची जी। ......... आपने तो कुछ लिया ही नहीं, आइए! कुछ लीजिए!

**सुमित की मम्मी** [अपने पति के लिए] अरे, ये कहाँ गए! [सुमित के पापा की ओर इशारा करते हुए] हाँ जी, आइए! कुछ खा-पी लेते हैं, चलना भी तो है!

[खाना खाने के बाद]

**सुमित के पापा** [अपने बड़े भाई से] अच्छा, भाई साहब! इजाज़त दीजिए, अब चलें।

**सुमित के ताऊ** खाना खा लिया तुमने?

**सुमित के पापा** जी, भाई साहब!

**सुमित के ताऊ** और बहू ने?

## सोचना

**सुमित के पापा** सबने खा लिया जी। अच्छा जी, नमस्ते।

[सुमित अपने ताऊ और ताई को पैर छूकर प्रणाम करता है।]

**सुमित के ताऊ-ताई** जीते रहो बेटा! ख़ूब फलो फूलो, आगे बढ़ो!

## मेमो



पाठ 03

# कॉलेज जीवन

학습목표

수업, 과제, 시험 등 대학 생활과 관련된 주제를 힌디어로 이야기할 수 있다.

도입 질문

| | |
|---|---|
| 인도에 어떤 교육기관들이 있나요? | भारत में कौन-कौन-से शिक्षण संस्थाएँ हैं? |
| 여러분은 어떤 과목을 좋아하나요? | आपको कौन-सा विषय पसंद है? |
| 여러분은 최근에 시험을 본 적이 있나요? | क्या आपने हाल में कभी परीक्षा दी है? |
| 인도의 CBSE 시험에 관해 들어본 적 있나요? | क्या आपने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा के बारे में कभी सुना है? |

## वार्तालाप 1

**मनोज** अराध्या, कैसी हो? तुम्हारे चेहरे पर तनाव क्यों नज़र आ रहा है?

**अराध्या** मनोज, मैं ठीक हूँ। कुछ ख़ास बात नहीं है।
परीक्षा नज़दीक आ गई है न?
माइनर में कोई दिक़्क़त नहीं है, लेकिन मेजर को लेकर थोड़ी चिंता है।

**मनोज** अच्छा, ऐसी बात है! मेजर के लिए अधिक परेशान मत हो।
उसमें अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए योजनापूर्वक संशोधन करो।

**अराध्या** यह सही बता रहे हो, लेकिन एक अच्छी योजना क्या हो सकती है?

**मनोज** देखो, सबसे पहले अपने क्लास नोट्स निकाल लो और सारे टॉपिक को क्रम से लिख लो।

**अराध्या** ऐसा करने से क्या होगा?

**मनोज** मुझे अपनी बात पूरी कर लेने दो। टॉपिक लिखने के बाद एक एक टॉपिक के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को ध्यान से पढ़ो। इससे तुम्हारा टॉपिक संशोधित किया जाएगा।

**अराध्या** बहुत अच्छा। इस तरीक़े से बहुत जल्दी सब कवर हो जाएगा, लेकिन क्या मैं उसे भूल नहीं जाऊँगी?

**मनोज** इसके लिए तुम टॉपिक के महत्त्वपूर्ण बिंदु अलग से नोट कर सकती हो।उस नोट को बाद में पढ़ने से सब याद रहेगा।

**अराध्या** मनोज, तुमने ढंग की योजना बताई। बहुत बहुत शुक्रिया।

**मनोज** इसमें शुक्रिया की कोई बात नहीं है।

## वार्तालाप 2

(पुस्तकालय पर)

**मनोज** नमस्ते, मुझे कुछ किताबें फ़ोटोस्टेट के लिए इश्यू करवानी हैं। क्या इसकी अनुमति है?

**पुस्तकालयाध्यक्ष** बिलकुल है। आप एक साथ चार किताबें इश्यू करवा सकते हैं। किताबों के फ़ोटोस्टेट के लिए मैं एक सलाह देना चाहूँगा।

**मनोज** अवश्य, आप बताइए।

**पुस्तकालयाध्यक्ष** आप कहीं भी फ़ोटोस्टेट करवा सकते हैं; लेकिन अगर आप कैंपस के ज़िरॉक्स सेंटर से फ़ोटोस्टेट करवाएँ तो अच्छा रहेगा। वो किताबों का फ़ोटोस्टेट सुरक्षित ढंग से करता है।

**मनोज** मैं आपकी बात समझ गया। बाज़ार में किताबों की रफ़ हैंडलिंग होती होगी, लेकिन यहाँ किताबों पर ध्यान दिया जाता होगा।

**पुस्तकालयाध्यक्ष** आपने एकदम सही समझा है।

**मनोज** आप तीन किताबें इश्यू कीजिए। मैं आपकी सलाह पर अमल करूँगा। बहुत-बहुत शुक्रिया।

(दुकान पर)

**दुकानदार** नमस्ते, मेरी दुकान पर कैसे आना हुआ?

**मनोज** नमस्ते भैया, मुझे एक पूरी किताब और दो किताबों के कुछ पेज का फ़ोटोस्टेट करवाना है। फ़ोटोस्टेट का क्या रेट है?

**दुकानदार** पूरी किताब पर एक रुपये प्रति पेज रेट है और दूसरे क़िस्म के फ़ोटोस्टेट पर दो रुपये प्रति पेज रेट लगता है।

**मनोज** रेट थोड़ा कम कर दीजिए। सब मिलाकर मुझे अधिक पेज फ़ोटोस्टेट करवाना है।

**दुकानदार** आपको 80 पैसे प्रति पेज का रेट लगा दूँगा।

**मनोज** शुक्रिया, यह किताब पूरा फ़ोटोस्टेट होगा और इन दो किताबों का पेज नंबर व्हाइट पेपर पर लिखा हुआ है।

**दुकानदार** ठीक है, आप दो घंटे के बाद आइएगा।





1 학생들이 벽에 붙은 종이에서 무엇을 확인하고 있을까요?

2 우리나라의 대학수학능력시험과 인도의 CBSE(Central Board of Secondary Education) 시험을 비교해 보세요.

## सुनना

**[1-2] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** मई महीने की किस तारीख़ से परीक्षा आरंभ हो रही है?

① 3

② 4

③ 5

④ 6

**2.** हिन्दी के बाद किस विषय की परीक्षा है?

① इतिहास

② गणित

③ भूगोल

④ तीनों

**[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, × चुनिए।**

**3.** दिल्ली विश्वविद्यालय में आंतरिक मूल्यांकन भी परीक्षा का ही एक भाग है।

○ ×

**4.** दिल्ली विश्वविद्यालय में सभी विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है।

○ ×

## बोलना

**1.** दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।

① : नवीन, परीक्षाओं की तैयारी कैसी चल रही है?

: ____________________

② : नवीन, पाठ्यक्रम में से कौन-कौन-से पाठ महत्वपूर्ण हैं?

: ____________________

③ : सीमा आप चिंता क्यों कर रही हैं?

पिछली बार तो आपने सबसे अधिक अंक प्राप्त किए थे!

: ____________________

④ : आप इस बार भी अब से अच्छे अंक पाएँगी, सीमा

बस अपनी तैयारी करती रहिए।

: ____________________

## बोलना

**2.** आप अपने अनुभव के बारे में बोलिए जब आपके एक मित्र ने परीक्षा की तैयारी के लिए आपसे सहयोग माँगा था।

| मित्र का नाम | परीक्षा का विषय | पाठ का चयन | अनुभव |
|---|---|---|---|
| | | | |

① आपने अपने मित्र को परीक्षा की तैयारी कराते समय किन बातों पर विशेष ध्यान दिया? निम्न शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अपनी बात कहें।

**समय सीमा, मेहनत, पाठ्यक्रम, दोहराना, लिखकर देखना, बार-बार प्रयास करना**

② मित्र को परीक्षा की तैयारी कराते समय आपने अपनी तैयारी किस तरह की? क्या आपको इस तैयारी कराने का लाभ मिला? चर्चा कीजिए।



## पढ़ना

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**

शिक्षा और परीक्षा एक दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा परीक्षा के बिना अधूरी है। परीक्षा हमारे ज्ञान को संतुलित बनाती है। परीक्षा के समय सभी विद्यार्थी डरते हैं। मेरी बहन परीक्षा के समय कभी कभी इतनी डर जाती है कि उसकी तबियत ख़राब हो जाती है। मुझे परीक्षाओं से डर नहीं लगता। मैं मानती हूँ कि यदि किसी विद्यार्थी ने ठीक से अपना पाठ्यक्रम पढ़ा है तो परीक्षा लिखने में उसे मज़ा आएगा। अगर हमने साल भर ठीक से पढ़ाई नहीं की है तो परीक्षा का भूत हमें भयभीत करेगा। इसके बिल्कुल विपरीत अगर पढ़ाई ठीक से और दिल लगाकर, मेहनत से की है तो परीक्षा के समय डर नहीं लगेगा। एक प्रसिद्ध कहावत है कि - 'मेहनत का फल ज़रूर मिलता है।' हिन्दी के कवि सोहनलाल द्विवेदी ने तो इस पर कविता भी लिखी है – 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।' विश्वविद्यालय के दिनों में मेरे ज़्यादातर मित्र घूमने-फिरने, फ़िल्में देखने और मौज-मस्ती में साल-भर व्यस्त रहते थे, पढ़ाई तो बिल्कुल न के बराबर होती थी और साल के अंत में उन्हें परीक्षाओं से डर लगता था। अरे भई! मस्ती करो, लेकिन पढ़ाई करना भी ज़रूरी है।

**1.** **'परीक्षा का भूत' का सही अर्थ क्या है?**

① परीक्षा का राक्षस
② परीक्षा से डर
③ परीक्षा के बारे में कोई ख़ास बात
④ परीक्षा लिखने का कोई तरीक़ा

**2.** **कौन-सा कथन ग़लत है?**

① शिक्षा और परीक्षा एक दूसरे के पूरक हैं।
② शिक्षा परीक्षा के बिना अधूरी है।
③ परीक्षा हमारे ज्ञान को संतुलित बनाती है।
④ परीक्षा की कोई ज़रूरत नहीं है।

## पढ़ना

[3-4] ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले विद्यालयों की नवम श्रेणी के नियमित परीक्षार्थियों की वार्षिक परीक्षा जो 07 मार्च, 2020 से प्रारंभ हो रही है, के लिए दिनांक सूची।

| परीक्षा का नाम | मित्रों के नाम | विषय |
|---|---|---|
| 07-03-2020 | शनिवार | हिन्दी |
| 09-03-2020 | सोमवार | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी |
| 11-03-2020 | बुधवार | अंग्रेज़ी |
| 12-03-2020 | बृहस्पतिवार | 1. कला-ए(स्केल और ज्यामिति) 2. स्वर संगीत* 3. वाद्य: संगीत* 4. गृह विज्ञान* 5. वाणिज्य(एलिमेंटस ऑफ़ बिजनेस/एलिमेंटस ऑफ़ बुक कीपिंग एवं एकाउंटेंसी/टाईप राईटिंग – अंग्रेज़ी या हिन्दी)* 6. अर्थशास्त्र* 7. Computer Science* 8. Automobiles 9. Security 10. Retail 11. Information Technology Enabled Services(ITES) 12. Agriculture 13. Travel & Tourism 14. Telecom 15. Physical Education 16. BFSI(Banking, Finance Services & Insurance) 17. Plumber* 18. Beauty & Wellenss* 19. Electronics* 20. Apparels* |
| 13-03-2020 | शुक्रवार | संस्कृत/उर्दू*/पंजाबी*/तमिल*/तेलगू* |
| 14-03-2020 | शनिवार | कला-बी |
| 16-03-2020 | सोमवार | गणित |
| 17-03-2020 | मंगलवार | Financial Literacy* |
| 18-03-2020 | बुधवार | सामाजिक विज्ञान |

**3.** परीक्षा कौन-से कोटि के लिए हो रही है?

① ग्रीष्मकालीन अवकाश वाले विद्यालय की है।

② नवम श्रेणी के नियमित विद्यार्थियों की है।

③ वार्षिक परीक्षा के परीक्षार्थियों की है।

④ सभी प्रकार के विद्यालयों की है।

**4.** कौन-सा कथन <u>ग़लत</u> है?

① परीक्षाएँ 7 मार्च से 18 मार्च तक चलेंगी।

② कोई भी परीक्षा 15 मार्च को नहीं होगी।

③ गणित की परीक्षा 13 मार्च को होगी।

④ विज्ञान और प्रौद्योगिकी की परीक्षा सोमवार के दिन होगी।

## लिखना

• 'मेहनत का फल' विषय से संबंधित छोटा निबंध लिखिए।

सोचना

## आई परीक्षा पढ़ो किताब, छोड़ो मस्ती जोड़ो हिसाब

[अमन और सीमा दिल्ली विश्वविद्यालय के एक कॉलेज में इकॉनोमिक्स(अर्थशास्त्र) ऑनर्स के विद्यार्थी हैं। सीमा को पता चलता है कि परीक्षा का डेटशीट आ चुकी है। वह अमन को फ़ोन करती है....]

**सीमा** हाय, अमन! क्या कर रहा है, बीजी (व्यस्त) तो नहीं है ?

**अमन** नहीं, कुछ ख़ास नहीं। विश्वविद्यालय की वेबसाईट देख रहा था, डेटशीट आ गई है।

**सीमा** हाँ यार, मैंने भी तुम्हें इसीलिए फ़ोन किया था। कब से कब तक हैं हमारी परिक्षाएँ?

**अमन** मैं तुम्हें डेटशीट वाट्सैप कर देता हूँ। और बता कैसे तैयारी कर रही है?

**सीमा** कुछ समझ में नहीं आ रहा है, अमन! सिलेबस इतना बड़ा है कि पता नहीं चल रहा, क्या करूँ क्या नहीं।

**अमन** जब सेकेण्ड टॉपर होकर भी तू नहीं समझ पा रही है तो मेरी क्या हालत होगी, सोच ले!

**सीमा** चल, बातें मत बना!

**अमन** चल छोड़, ये बता कि मैक्रो वाले पेपर में क्या-क्या मोस्ट इम्पोर्टेंट है? पहले वही तैयार करूँगा, बाद में बाकी टॉपिक्स करूँगा।

**सीमा** इंपोर्टेंट का मुझे नहीं पता, मैं तो सारे टॉपिक्स कर रही हूँ।

**अमन** इतना पढ़कर क्या करेगी? कॉलेज के बाद सीधे वर्ल्डबैंक जाएगी क्या?

**सीमा** फिर शुरु हो गया तू! तुम लड़कों को न, लड़कियों से हमेशा प्रोब्लम रहती है।

**अमन** हा..हा..हा..! अच्छा मैक्रो की कोई अच्छी-सी बुक बता दे सीमा!

**सीमा** क्यों, मैडम ने बताया तो था!

**अमन** हाँ, लेकिन वो थोड़ी मुश्किल है। कोई आसान-सी बता!

**सीमा** तो... जीएस गुप्ता वाली पढ़ ले।

**अमन** अपनी कॉलेज पुस्तकालय में है?

**सीमा** हाँ, होनी चाहिए, अगर इश्युड नहीं हुई तो!

**अमन** और अगर इश्युड हुई तो?

**सीमा** तब की तब देखेंगे। किसी और पुस्तकालय से लेकर फ़ोटोस्टेट करा लेंगे।

**अमन** अच्छा, एक काम कर, तू अपनी क्लास नोट्स कल लेते आना। उसकी भी जीरोक्स करा लूँगा।

**सीमा** ठीक है ले आऊँगी। अच्छा, सुन! तू एसआरसीसी में किसी को जानता है?

**अमन** क्यों?

**सीमा** मेरी एक कजन वहाँ बी. कॉम. में है, उसके एग्जाम फॉर्म में कुछ समस्याएँ आ गई है। क्लर्क कभी कहता है, प्रिंसिपल से मिलो, तो कभी कहता है एग्जाम ब्रांच जाओ। भाग-भाग कर थक गयी है बेचारी।

**अमन** कोई बात नहीं तू मेरी चिंता कर, उसकी चिंता मुझ पर छोड़ दे! वहाँ का यूनियन-प्रेसिडेंट मेरा जानकार है, मैं मैनेज कर लूँगा।

**सीमा** थैंक्यू अमन!

**अमन** चल, कल मिलते हैं। नोट्स लेते आना, याद से!



पाठ
04
# भावनाएँ

학습목표

기쁨, 슬픔, 기대, 실망, 놀람, 후회 등 자신이 느끼는 다양한 감정을 힌디어로 설명할 수 있다.

도입 질문

| | |
|---|---|
| 여러분은 언제 기쁜가요? | आप लोग कब ख़ुश होते हैं? |
| 시험 결과에 따라 어떤 기분이 들까요? | परीक्षा के परिणाम के अनुसार क्या लगेगा? |
| 우울할 땐 무엇을 하는 것이 좋나요? | उदास होते समय क्या करना अच्छा होता है? |
| 최근에 여러분은 어떤 감정을 느꼈나요? | हाल में आपको कौन-सी भावना महसूस हुई है? |

## वार्तालाप 1

**अराध्या** मनोज, आज दिल्ली विश्वविद्यालय के स्नातक का परिणाम आने वाला है। मुझे बहुत डर लग रहा है।

**मनोज** अराध्या, मुझे भी डर लग रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली बहुत कठिन है।

**अराध्या** बिलकुल, दिल्ली विश्वविद्यालय में तो परीक्षा फ़ॉर्म के साथ ही परीक्षा आरंभ हो जाती है।

**मनोज** एक प्रकार से एकदम सही कह रही हो।

**अराध्या** सुना है कि उत्तर पुस्तिका की जाँच भी काफ़ी सचेत होकर की जाती है। किसीको भी बहुत अंक कठिनाई से प्राप्त होते हैं।

**मनोज** इसकी वजह विश्वविद्यालय की अच्छी शिक्षा प्रणाली है। जब शिक्षक अच्छे से पढ़ाते हैं, तो विद्यार्थी से भी अच्छा करने की अपेक्षा होगी।

**आकाश** सही कह रही हो। मैंने तो काफ़ी मेहनत से पढ़ाई की थी और परीक्षा भी अच्छी गई है फिर भी घबराहट हो रही है।

**मनोज** धैर्य रखो। सब कुछ अच्छा होगा। मैंने भी अच्छे की अपेक्षा रखी है, लेकिन सब कुछ परीक्षा परिणाम पर है।

**अराध्या** मैंने भी अच्छे परिणाम की अपेक्षा रखी है, लेकिन अगर ख़राब परिणाम आया तो बहुत दु:ख होगा।

**मनोज** यही स्थिति मेरी भी है। मन अस्थिर हो गया है।

## वार्तालाप 2

| | |
|---|---|
| अराध्या | अभी तो हम ईश्वर से परिणाम अच्छा रहने की प्रार्थना कर सकते हैं। |
| मनोज | हो सकता है कि हम शाम को ख़ुशियाँ मनाएँ। यही दुआ है। |
| अराध्या | जीमिन, तुम्हारा परीक्षा परिणाम कैसा रहा? |
| जीमिन | जैसा सोचा था वैसा तो बिलकुल भी नहीं रहा। मन बहुत दुःखी है। |
| अराध्या | मेरा भी बहुत अच्छा परिणाम नहीं रहा। ज़ार ज़ार रोने का मन हो रहा है। |
| जीमिन | लेकिन अब रोने से क्या होगा? हमें कुछ अलग सोचना होगा। |
| अराध्या | हाँ यार, दिल्ली विश्वविद्यालय की पढ़ाई ने काफ़ी कुछ सिखाया है लेकिन अब जीवन के लिए कुछ अलग करना ही होगा। |
| जीमिन | मैं सोच रहा हूँ कि अब कोरिया वापस जाकर आगे की पढ़ाई करूँ। तुम्हारी क्या योजना है? |
| अराध्या | किसी भी कॉम्पटिशन के लिए स्नातक होना ज़रूरी है। अब मैं आगे सिविल सर्विस की तैयारी करूँगी। |
| जीमिन | बहुत अच्छी बात है। मेरी पढ़ाई तीन साल में पूरी हो जाएगी। तुम कितने साल तैयारी करोगी? |
| अराध्या | मैं भी सिविल सर्विस कॉम्पटिशन के लिए तीन साल दूँगी। उसके बाद किसी विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन कर लूँगी। |
| जीमिन | वाह, तुम्हारे पास आगे की पूरी योजना है। हम लोग फ़ोन के माध्यम से जुड़े रहेंगे। |
| अराध्या | बिलकुल, तुम कोरिया जाकर पढ़ाई में मशग़ूल हो जाओगे, लेकिन मुझे भूलना मत। |





**1** 사진은 무슨 장면일까요?

**2** 인도의 장례 문화에 대해 조사한 뒤 우리나라와 비교해 보세요.

## सुनना

**[1-2] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1. सीमा और रमेश दोनों किस परीक्षा के परिणाम की बात कर रहे हैं?**

① एम॰ए॰ हिन्दी

② एम॰फिल॰ हिन्दी

③ बी॰ए॰ हिन्दी

④ पीएच॰डी॰ हिन्दी

**2. सीमा किस संस्थान से बीएड करना चाहती है?**

① केंद्रीय हिन्दी संस्थान

② केंद्रीय शिक्षा संस्थान

③ आईपी विश्वविद्यालय

④ जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय

**[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, × चुनिए।**

**3. परीक्षा में अच्छा परिणाम मिलने पर ही मनुष्य जीवन में कुछ बेहतर कर सकता है।**

○ ×

**4. हम सभी को अपने जीवन में सिर्फ़ एक ही लक्ष्य रखना चाहिए।**

○ ×

## बोलना

**1. दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।**

① : आज हम सब रोहित से मिलने जाएँगे। क्या तुम भी चलोगे?

: ______________________

② : रोहित ने कल से ख़ुद को घर में बंद कर लिया है, क्योंकि उसका परिणाम अच्छा नहीं आया।

: ______________________

③ : रोहित के घर जाकर हम क्या कहेंगे?

: ______________________

④ : तुम ठीक कहती हो, हमें जाना ही चाहिए।

: ______________________

## बोलना

**1. आप अपने अनुभव के बारे में बताइए।**

① आपके सभी मित्र परीक्षा में अच्छे अंक लाए, पर आप असफल हो गए। आप अपनी प्रतिक्रिया के बारे में लिखिए।

| परीक्षा का नाम | मित्रों के नाम | अनुभव | मित्रों की सलाह |
|---|---|---|---|
| | | | |

② आपके माता-पिता की आपके परिणाम के बारे में क्या प्रतिक्रिया हुई, इसके बारे में बताइए।

**2. आपकी बेटी अपने विश्वविद्यालय की परीक्षा में असफल हुई। इससे पहले वह सदा प्रथम आई थी। वह बहुत उदास है, अब आगे पढ़ने की हिम्मत नहीं कर पा रही, उसे आप कैसे प्रेरित करेंगे?**

| बेटी का नाम | परीक्षा का नाम | आप उसे कैसे समझाएँगे |
|---|---|---|
| | | |



## पढ़ना

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के सही उचित उत्तर चुनिए।**

दिल्ली विश्वविद्यालय की परीक्षा पद्धति काफ़ी कठिन है। मैंने बहुत मेहनत की थी साहित्य के पेपर के लिए, लेकिन पता चला कि दिल्ली विश्विद्यालय में बहुत कम लोगों को साहित्य में प्रथम श्रेणी प्राप्त होती है। इस वर्ष अपना परीक्षा परिणाम देखकर मेरा तो दिल ही टूट गया। इतनी मेहनत के बाद भी प्रथम श्रेणी नहीं मिली। माँ कहती हैं कि मेहनत का फल ज़रूर मिलता है। निराशा से सफलता नहीं मिलती। आशा ही जीवन है। मैं अगले वर्ष की परीक्षाओं के लिए और ज़्यादा मेहनत करूँगा ताकि प्रथम श्रेणी में स्नातक में पास हो सकूँ।

**1. रेखांकित 'दिल ही टूट गया' का क्या अर्थ है?**

① निराश हो गया
② दिल ख़राब हो गया
③ मूर्ख हो गया
④ दिल की बीमारी

**2. रेखांकित 'आशा ही जीवन है' में आशा क्या है?**

① किसी लड़की का नाम
② काम करने की उम्मीद
③ कोई ग़लत विचार
④ प्राप्ति को छोड़ने की इच्छा

## पढ़ना

[3-4] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।

**Delhi University ओपन बुक एग्जाम गाइडलाइन्स, पेपर पैटर्न**

**2 घंटे का होगा पेपर -**

इस परीक्षा में छात्र घर से ही हिस्सा ले पाएँगे। स्टूडेंट पोर्टल से प्रश्नपत्र को डाउनलोड करेंगे इसके बाद प्लेन पेपर पर उत्तर लिखकर उसे अपलोड करना होगा। पेपर डाउनलोड करने और अपलोड करने के लिए उन्हें अतिरिक्त एक घंटा दिया जाएगा। जबकि प्रश्नपत्र को सॉल्व करने के लिए उन्हें 2 घंटे का समय दिया जाएगा। कुल मिलाकर छात्रों को तीन घंटे में सारा काम करना होगा। चूँकि यह ओपन बुक एग्जाम है इसलिए छात्र परीक्षा देते वक़्त किताबों और नोट्स को प्रयोग कर पाएँगे। इसमें प्रश्नों को इस तरह से सेट किया जाएगा जिससे छात्र उत्तर को सीधा कॉपी-पेस्ट न कर सकें बल्कि उनकी एनालिटिकल योग्यता का पता लग सके।

**हर कोर्स के लिए होंगे तीन सेट पेपर -**

हर कोर्स के लिए तीन सेट पेपर बनाए जाएँगे। हर पेपर में 6 प्रश्न होंगे जिनमें से छात्रों को चार प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। किसी भी प्रश्न को कोई हिस्सा नहीं होगा। अधिकतम अंक 75 होगा। सारे प्रश्नों के अंक समान होंगे।

**3. दिल्ली विश्वविद्यालय के ओपन बुक एग्जाम के बारे में कौन-सा कथन ग़लत है?**

① छात्रों को कुल तीन घंटे का समय मिलेगा।

② छात्र परीक्षा देते समय किताब और नोट्स का प्रयोग कर सकेंगे।

③ छात्र अधिकतम अंक से ज़्यादा अंक प्राप्त कर सकेंगे।

④ छात्र को 6 प्रश्न में से चार का उत्तर देना होगा।

**4. परीक्षा में विद्यार्थी को क्या-क्या करना है?**

① पोर्टल से प्रश्नपत्र डाउनलोड करना

② उत्तर को कॉपी-पेस्ट करना

③ प्लेन पेपर पर अपना उत्तर लिखकर ईमेल से भेजना

④ अपना एनालिटिकल योग्यता प्रदर्शित करना



## लिखना

• अपने विश्वविद्यालय की परीक्षा पद्धति के बारे में लिखिए।

## सोचना

### ‘......ना उदास हो मेरे हमसफ़र ’

[सेकेंड इयर में सीमा सेकेंड यूनिवर्सिटी टॉपर थी। थर्ड इयर में वह यूनिवर्सिटी टॉप करना चाहती थी, लेकिन दुर्भाग्यवश उसके सपने पूरे नहीं हुए। फाइनल इयर में वह यूनिवर्सिटी में दूसरे से तीसरे नंबर पर आ गई है। वह बहुत दुःखी है। अमन उसे फ़ोन करता है। सीमा की मम्मी फ़ोन उठाती है।]

**अमन** हलो....! सीमा?

**सीमा की मम्मी** नहीं बेटा, मैं सीमा की मम्मी बोल रही हूँ।

**अमन** नमस्ते आंटी! सीमा कहाँ है?

बेटा सीमा ने तो जब से रिजल्ट देखा है बिस्तर पर पड़ी रोए जा रही है। कुछ भी खाया-

**सीमा की मम्मी** पिया नहीं है उसने। उसके पापा भी बाहर गए हैं, समझ नहीं आता कैसे समझाऊँ उसे।तू ही उसे समझा सकता है बेटा! लो, फ़ोन देती हूँ, बात कर लो!

[सीमा बात करने से मना कर देती है]

**अमन** कोई बात नहीं आंटी, चिंता मत कीजिए, मैं एक घंटे में आता हूँ।

[अमन सीमा के घर पहुँचता है]

**अमन** सीमा...! ये क्या रंग-रूप बना रखा है तुमने? पागल हो गई है क्या तू?

**सीमा** हाँ, मैं पागल हो गई हूँ और नहीं भी हुई हूँ तो हो जाना चाहती हूँ। तू मुझे अकेला छोड़ दे, बस!

**अमन** अरे, पगली! हज़ारों छात्रों में तीसरे पोजीशन पर आना कोई छोटी-मोटी बात है? पूरी यूनिवर्सिटी में थर्ड आई है तू, कोई फेल नहीं हुई है। उसे देख, वो... जगपाल को ....

**सीमा** कौन जगपाल?

**अमन** वही अपनी क्लास का, स्पोर्ट्स वाला! सिंपल पास हुआ है वो, 45%; और, पता है! पास होने की ख़ुशी में उसने दोस्तों को पार्टी दी है।

**सीमा की मम्मी** अच्छा, तुम लोग बात करो बेटा! मैं चाय बनाकर लाती हूँ।

**अमन** सेकेंड और थर्ड में क्या फ़र्क़ है? तेरी क़ाबिलियत तो कम नहीं हुई।

**सीमा** क़ाबिलियत कौन देखता है आजकल? नंबर और पोजीशन ही पूछते हैं सब।

**अमन** लेकिन, जॉब के फ़ील्ड में तुम्हारा परफोर्मेंस ही मैटर करता है।

**सीमा** सोच रही हूँ रिपीट कर दूँ एकोनोमेट्रिक्स?

मैं सलाह नहीं दूँगा, बेशक तू रिइवैलुएशन करा ले! रिपीट में क्या गारंटी है कि नंबर बढ़

**अमन** ही जाएँगे? रिइवैलुएशन डाल दे और डीस्कूल में एडमिशन पर फोकस कर या ISE के लिए कोशिश कर।

**सीमा** तू क्या सोच रहा?

**अमन** मैं? ...... मैं सोच रहा हूँ अब शादी कर लूँ, बहुत हो गई पढ़ाई।

**सीमा** अमन, तू मज़ाक़ ना कर, मैं वैसे ही परेशान हुई पड़ी हूँ।

**अमन** देख भई! मैं तो अभी डीस्कूल में ही पढ़ूँगा। एम.ए. के बाद सोचूँगा, जॉब करनी है या पीएचडी।

**सीमा** चल, मैं भी यही करती हूँ।

**अमन** अब तू रोना-धोना छोड़, जा नहा-धो ले और मौज कर! एक गाने का लिंक वाट्सऐप कर रहा हूँ, सुन लेना।।

[अमन के जाने के बाद सीमा लिंक खोलकर गाना सुनती है - “ये सफ़र बहुत है कठिन मगर, ना उदास हो मेरे हमसफ़र......”]




पाठ
# 05 अवकाश

**학습목표**

영화의 주제, 배우, 영화 관람과 관련된 주제에 대해 힌디어로 이야기할 수 있다.

**도입 질문**

| | |
|---|---|
| 볼리우드 영화를 본 적이 있나요? | क्या आपने बॉलीवुड फ़िल्म देखी है? |
| 인도 영화배우들 중에서 누가 좋나요? | आपको भारतीय अभिनेताओं में से कौन पसंद है? |
| 여러분은 주말에 무엇을 하나요? | आप सप्ताहांत में क्या करते हैं? |
| 여가시간에 어떤 활동을 할 수 있나요? | फ़ुर्सत में कौन-सी गतिविधियाँ हो सकती हैं? |

## वार्तालाप 1

**सुजी** प्रकाश, कल रविवार को कोई काम नहीं होता।
हम सभी फ़्री रहते हैं तो कल फ़िल्म देखनी चाहिए।

**प्रकाश** फ़िल्म देखे बहुत दिन हो गए हैं। कौन-सी फ़िल्म सिनेमा में लगी है?

**सुजी** अलग अलग सिनेमा में दो तीन तरह की फ़िल्में लगी हैं।
पर मेरा मन बाहुबली फ़िल्म देखने का है।

**प्रकाश** मैं भी वही देखना चाह रहा हूँ। अब हम कल बाहुबली फ़िल्म देखने चलेंगे।

**सुजी** ठीक है, लेकिन कौन-सा शो ठीक रहेगा। मैटिनी, इवनिंग या नाइट?
मेरे अनुसार इवनिंग शो ठीक रहेगा।

**प्रकाश** इवनिंग की जगह नाइट शो चले तो लौटते समय सैर भी हो जाएगा।

**सुजी** नाइट शो में रात के 12 बज जाएँगे और मेरा हॉस्टल 11 बजे बंद हो जाता है। अतएव इवनिंग शो ही ठीक रहेगा।

**प्रकाश** ठीक है, तो मैं ऑनलाइन टिकट बुक कर लेता हूँ।
प्लैटिनम की सीट सिल्वर और गोल्ड की सीट से अच्छी होती है।

**सुजी** मुझे सिल्वर और गोल्ड की सीट पसंद नहीं है। प्लैटिनम की सीट ही बुक करना।

**प्रकाश** अच्छी बात है तो कल शाम 5 बजे पीवीआर सिनेमा पर मिलते हैं।

## वार्तालाप 2

**सुजी** रोशन, आओ सिक्यूरिटी चेक कर लें।
उसके बाद इंटरमिशन का स्नैक्स बुक कर लेंगे।

**रोशन** सुजी, तुम्हें फ़िल्म कैसी लगी।
मुझे फ़िल्म में कई जगह एनिमेशन दिखा।

**सुजी** रोशन बाहुबली के विषय में मैंने जितना सुना था उससे ज़्यादा अच्छी फ़िल्म लगी। सच में काफ़ी मेहनत से फ़िल्म बनाई गई है।

**रोशन** हाँ, ये तो है! फ़िल्म का सेट, लोकेशन और डायलॉग्स काफ़ी अच्छे हैं।
तुमने फ़िल्म के कॉस्ट्यूम पर ध्यान दिया?

**सुजी** रोशन, फ़िल्म में डाइरेक्टर ने कहानी के अनुसार कॉस्ट्यूम चुना है।
बिलकुल पर्फ़ेक्ट चयन दिखलाई पड़ता है।

**रोशन** हाँ राजमौली को काफ़ी मेहनत करने वाले डाइरेक्टर के रूप में देखा जाता है।

**सुजी** उनकी हर फ़िल्म काफ़ी उम्दा होती है। वे फ़िल्म के लिए काफ़ी गहरी थीम और कहानी यूज करते हैं।

**रोशन** इस फ़िल्म में डाइरेक्टर के साथ-साथ एक्टर और एक्ट्रेस ने भी काफ़ी मेहनत से अभिनय किया है।

**सुजी** हाँ, प्रभास और अनुष्का शेट्ठी का अभिनय काफ़ी दमदार है।
नेगेटिव रोल में राणा दुग्गुबती ने भी काफ़ी मेहनत से अभिनय किया है।

**रोशन** सुजी, राणा दुग्गुबती ने कौन-सा रोल किया है?

**सुजी** अरे, भल्लालदेव का रोल दुग्गुबती ने किया है।

**रोशन** ओह मैं उसके पिता का रोल करने वाले को दुग्गुबती समझ लिया था।

**सुजी** कुल मिलाकर इस फ़िल्म को एक बेहतर फ़िल्म कह सकते हैं।

**रोशन** बिलकुल 100 आउट ऑफ 100।




1 자이뿌르 라즈 만디르 영화관이 한때 아시아 최대 크기 영화관이었다는 사실을 알고 있나요?

2 우리나라와 인도의 멀티플렉스 영화관을 비교해 보세요.

## सुनना

**[1-2] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।।**

**1.** कनॉट प्लेस में किस सिनेमा हॉल में फ़िल्म लगी है?

① रीगल

② रिवोली

③ डिलाईट

④ कार्निवल

**2.** फ़िल्म केसरी में किस बॉलीवुड अभिनेता ने काम किया है?

① संजय दत्त

② अक्षय कुमार

③ शाहरुख़ खान

④ आयुष्मान खुराना

**[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, × चुनिए।**

**3.** मध्यांतर की व्यवस्था फ़िल्म के क्लाइमेक्स के दौरान होती है।

○ ×

**4.** मध्यांतर के दौरान हॉल के भीतर दर्शक कम होते हैं और बाहर ज़्यादा।

○ ×

## बोलना

**1.** दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।

① : विद्यार्थियो, आज आप लोगों को एक हिन्दी फ़िल्म की समीक्षा लिखनी है।

:

② : इसके लिए मेरी तरफ़ से एक फ़िल्म का सुझाव है देव-डी, जिसके निर्देशक हैं अनुराग कश्यप।

:

③ : महोदया, यह फ़िल्म शरतचंद्र के उपन्यास से किस तरह अलग है?

:

④ : इस फ़िल्म के मुख्य चरित्रों के नाम बताइए।

:

## बोलना

**2.** आप अपने अनुभव के बारे में बोलिए जब आप किसी प्रसिद्ध फ़िल्म को देखने गए थे।

| फ़िल्म का नाम | पसंद आने का कारण | मूल कथा | अनुभव |
|---|---|---|---|
| | | | |

① फ़िल्म आपको क्यों पसंद आई? फ़िल्म की मुख्य कथा क्या थी? नायक की भूमिका में कौन थे? इस बारे में बोलिए।

② फ़िल्म में नायिका की भूमिका कितनी सशक्त थी? नायिका की भूमिका का फ़िल्म में महत्त्व विषय पर बोलिए।



## पढ़ना

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**

अरे सुना है नई फ़िल्म आ रही है! क्या नाम है फ़िल्म का? फ़िल्म का नाम है सूर्यवंशी। अक्षय कुमार, अजय देवगन इस फ़िल्म में नायक हैं। यह <u>मनोरंजन</u> से भरपूर फ़िल्म है। चलो इस फ़िल्म के लिए टिकट बुकिंग करते हैं। पता चला है कि इस फ़िल्म की टिकट अभी नहीं मिल पा रही। लगभग एक महीने पहले से लोगों ने बुकिंग की है। इस फ़िल्म में मुंबई के पुलिस वाले लोगों ने भी काम किया है। यह फ़िल्म मुंबई के पुलिस वालों के जीवन पर आधारित है। समाचार पत्र में इस फ़िल्म की कहानी पढ़कर पता चला कि यह फ़िल्म <u>मनोरंजन</u> और संदेश दोनों से भरपूर है। फ़िल्म में रोमांच है, आनंद है और एक सीख है। आम तौर पर पुलिस वालों को भारत में सभी लोग दोष देते रहते हैं लेकिन यह फ़िल्म पुलिस वालों के समाज के लिए किए जा रहे कामों और उनके अपने जीवन में अपने काम के कारण आने वाली समस्याओं को दिखाती है। सिनेमा में एक और फ़िल्म आई है – 'बधाई हो'। यह एक हास्य फ़िल्म है।

**1.** रेखांकित 'मनोरंजन' का इस गद्यांश में क्या अर्थ है?

① मन की बात ② मज़ा
③ बेकार की बात ④ मन की बात मन में रहना

**2.** किन दो फ़िल्मों के बारे में बात की जा रही है?

① 'बधाई हो' और 'संसार' ② 'संसार' और 'भारत'
③ 'सूर्यवंशी' और 'बधाई हो' ④ 'संसार' और 'सूर्यवंशी'

## पढ़ना

**[3-4] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**




### देवदास

| | | | |
|---|---|---|---|
| निर्देशक | संजय लीला भंसाली | अभिनेता | शाहरुख ख़ान |
| निर्माता | भारत शाह | | माधुरी दीक्षित |
| लेखक | प्रकाश कपाड़िया | | ऐश्वर्या राय |
| आधारित | देवदास | संगीतकार | इस्माइल दरबार |
| | द्वारा भरतचंद्र चट्टोपाध्याय | स्टूडियो | मेगा बॉलीवुड प्रा॰ लि॰ |
| | | समय सीमा | 186 मिनट |

**3. फ़िल्म के संबंध में कौन-सा कथन ग़लत है?**

① भारत शाह ने फ़िल्म का निर्देशन किया।

② फ़िल्म देवदास रचना पर आधारित है।

③ फ़िल्म में तीन मुख्य अभिनेता हैं।

④ फ़िल्म लगभग तीन घंटे की है।

**4. फ़िल्म पोस्टर के संबंध में कौन-सा कथन ग़लत है?**

① फ़िल्म का नाम देवदास है।

② पुरुष पात्र शराब पीता है।

③ पुरुष पात्र ने माथे पर तिलक लगाया है।

④ एक महिला पात्र विवाहित है।

## लिखना

- दी गई शब्दावली का प्रयोग करके विषय से संबंधित छोटा निबंध लिखिए।

फ़िल्म, रोमांच, आनंद, सीख

## मेमो

सोचना

## मज़ा आ गया!

[राजन अय्यर यों तो तमिलनाडु के हैं, लेकिन वे अपने परिवार के साथ काफ़ी सालों से दिल्ली में रहते हैं। उनके बच्चों (भारती और वेदांत) को हिन्दी फ़िल्में बहुत पसंद हैं। जब भी कोई हँसी-मज़ाक़ वाली या पारिवारिक फ़िल्म रिलीज होती है, पूरा परिवार सिनेमा हॉल में मूवी देखने जाता है। राजन की पत्नी सुनीता भी हिन्दी फ़िल्में चाव से देखती हैं क्योंकि वे उत्तर भारतीय परिवार की अंदरूनी बातों को समझना चाहती हैं। बच्चे, माता-पिता के साथ मूवी देखने की योजना बना रहे हैं]

**वेदांत** [अपने पापा से] पापा! हमें कल सिनेमा हॉल में मूवी देखनी हैं।

**राजन अय्यर** ठीक है, तुम लोग प्लान कर लो, मेरा क्या, मैं तो साथ चल पड़ूँगा। लेकिन, मूवी अच्छी होनी चाहिए, आजकल बहुत गंदी-संदी फ़िल्में आ रही हैं।

**भारती** नहीं पापा, अच्छी मूवी है - गुलाबो-सिताबो, अमिताभ बच्चन की।

**राजन अय्यर** देख लो! कोई वल्गर सीन नहीं होनी चाहिए!

**वेदांत** नहीं पापा, कॉमेडी मूवी है, कोई वल्गर सीन नहीं है।

**राजन अय्यर** तुम लोगों को सब ख़बर रहती है! बुक कर लो, ये लो मेरा क्रेडिट कार्ड। पीछे की सीट बुक करना, थोड़ा महँगा तो होगा लेकिन जितना पीछे हो उतना आरामदेह रहेगा। एकोनोमी क्लास में बुक मत करना, गरदन उठाकर देखना पड़ता है।

**वेदांत** जी पापा। और... शो कौन-सी बुक करूँ 12 बजे वाली, 3 बजे वाली, 6 बजे वाली या रात 9 बजे वाली?

**सुनीता अय्यर** [किचन से आवाज़ देती हैं] 3 बजे वाली बुक करना। मुझे घर के कई काम निपटाने हैं।

[अगले दिन मॉल में गाड़ी पार्क करते हुए]

**पार्किंग इंचार्जर** सर! गाड़ी इधर लगाइए। ······ ये लीजिए रसीद। चालीस रुपये दीजिए।

[सिनेमा हॉल के गेट पर]

**सिक्युरिटी गार्ड** लाइन में लगिए! लाइन में लगिए! जेंट्स इधर, लेडिस उधर।

[सिनेमा हॉल के भीतर]

**वेदांत** पापा! दो-दो सीटें आगे-पीछे मिलीं हैं। आप और मम्मी पीछे वाली पर बैठ जाइए! मैं और दीदी यहाँ बैठ जाते हैं।

[इंटरवल(मध्यांतर) में]

**सुनीता अय्यर** वेदांत, तुम दोनों भाई-बहन जाकर कुछ खाने के लिए ले लो!

**वेदांत** आप लोग क्या लेंगे?

**राजन अय्यर** नहीं, हम कुछ नहीं लेंगे। तुम लोग लो।

**वेदांत** क्या लाऊँ दीदी?

**भारती** ऐसा कर, दो मीडियम साइज़ कोक ले आ और एक पॉपकॉर्न, ठीक है!

**राजन अय्यर** [अपनी पत्नी से] बैठो तुम लोग, मैं टॉयलेट से आया।

[फ़िल्म देखने के बाद गाड़ी में घर जाते हुए]

**वेदांत** दीदी, मुझे तो मज़ा आ गया देखकर। क्या मज़ेदार कॉमेडी है यार! मैं तो हँस-हँस कर पागल हो गया।

**भारती** मुझे भी बहुत मज़ा आया। आयुष्मान खुराना का किरदार बहुत अच्छा है। सबसे फनी तो वो सीन था जिसमें......

**सुनीता अय्यर** मुझे भी बहुत पसंद आया। लखनऊ का साझा कल्चर, लोकगीत – मुझे तो बहुत कुछ सीखने को मिला।

**वेदांत** मम्मी, आप हर हफ़्ते फ़िल्म देखने आया कीजिए, बहुत ज़्यादा सीख जाएँगी। हा.. हा..हा

**सुनीता अय्यर** चल..., शैतान! तुझे तो बस, मौक़ा मिलना चाहिए।

**भारती** पापा! आप कुछ नहीं बोल रहे हैं? अच्छी नहीं लगी?

**राजन अय्यर** नहीं बेटा, अच्छी लगी। आख़िर, अमिताभ बच्चन की फ़िल्म है। कमर्शियल फ़िल्मों से हटकर है। फ़िल्में ऐसी ही बननी चाहिए जो परिवार के साथ देखी जा सके। पता नहीं तमिल फ़िल्मों में एक्शन पर इतना ज़ोर क्यों होता है! यही हाल तेलुगु फ़िल्मों का है। जो भी है, बढ़िया रहा! घर चलकर गरमागरम चाय पीते हैं।




पाठ
# 06 अस्पताल

**학습목표**

병원 진료, 질병 증상, 입원 절차, 약국과 관련된 주제를 힌디어로 이야기할 수 있다.

**도입 질문**

| | |
|---|---|
| 주변에 아픈 사람이 있나요? | आपके पड़ोस में कोई बीमार है? |
| 병원에 입원한 적이 있나요? | क्या कभी आपकी अस्पताल में भर्ती हुई है? |
| 감기에는 어떤 증상들이 나오나요? | ज़ुकाम के लक्षणों में क्या-क्या आते हैं? |
| 인도의 전통 의학은 무엇인가요? | भारत में परंपरागत चिकित्सा क्या है? |

## वार्तालाप 1

**जीमिन** अमर, मुझे तेज़ बुख़ार लग रहा है।
तुम बाज़ार से दवा ले आना।

**आशा** अरे, तब तो तुम्हें अस्पताल जाना चाहिए!
सबसे पहले शरीर का तापमान लेना चाहिए।

**जीमिन** मैं शरीर का तापमान ले चुका हूँ।
काफ़ी कमज़ोरी भी लग रही है।

**आशा** तब तो तुम्हें अस्पताल चलना चाहिए। एम्स अस्पताल पास में ही है।
वहीं लेकर चलती हूँ।

**जीमिन** जैसा तुम ठीक समझो वैसा जल्दी करो।
मुझसे बोला भी नहीं जा रहा है।

**आशा** तुम्हारा पासपोर्ट कहाँ है?
अस्पताल में उसकी ज़रूरत होगी।

**जीमिन** पासपोर्ट नीले वाले बैग में ऊपर के ख़ाने में है।
तुम उसे वहाँ से निकाल लो।

**आशा** टैक्सी आ गई है। तुम मेरे कंधे का सहारा लेकर टैक्सी तक चल सकते हो।

**जीमिन** अस्पताल के फॉर्म पर अटेंडर के रूप में अपना नाम लिख देना।

**आशा** तुम चिंता कम करो। सब हो जाएगा। अस्पताल में पहले रजिस्ट्रेशन करवाना होगा तब तक तुम टैक्सी में आराम कर सकते हो। मैं अंदर जाती हूँ।

**जीमिन** जल्दी जल्दी करना।

## वार्तालाप 2

**आशा** मेरा दोस्त विदेशी है। उसे काफ़ी तेज़ बुख़ार और कमज़ोरी लग रही है।
आप एमेर्जेंसी में रजिस्ट्रेशन कीजिए।

**स्टाफ़** ओह, ऐसी बात है। आप अपने दोस्त का पासपोर्ट दिखाइए।
आप जैसा बता रहे हैं उससे लगता है कि उन्हें डेंगू है।

**आशा** तब तो आप डॉक्टर से हमारी तुरंत मुलाक़ात करवाइए।

**स्टाफ़** घबराइए नहीं। इस पर्ची को लेकर अपने दोस्त के साथ सेकेंड फ़्लोर के रुम नंबर 202 में चले जाइए। डॉक्टर तुरंत जाँच करेंगे।

**नर्स** अपने दोस्त के लिए ये दवाइयाँ ले आइए।

**आशा** अभी जाकर ले आती हूँ। वैसे जीमिन को कौन-सी बीमारी निकली है?

**नर्स** उन्हें डेंगू हुआ है। दवाइयाँ तुरंत देनी शुरु कर दी जाए तो रिकवरी जल्दी होगी। दवा की दुकान नीचे फ़्लोर पर है।

**आशा** भैया, पर्चे पर लिखी सारी दवा दे दीजिए।

**दवा दुकानदार** डेंगू की दवाइयाँ हैं। डॉक्टर ने जो दवाइयाँ लिखीं हैं उनमें से दो का सबस्टिच्युट है। क्या दवाइयाँ दे दूँ?

**आशा** सबस्टिच्युट दवा से किस प्रकार की परेशानी होगी?
अगर बहुत परेशानी होगी तो डॉक्टर से दवा बदलवा लेती हूँ।

**दवा दुकानदार** सबस्टिच्युट दवा से किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। सबस्टिच्युट दवा में दवा वही रहती है सिर्फ़ कंपनी दूसरी होने से नाम अलग होता है।

**आशा** अच्छा, ऐसी बात है! तब तो आप सारी दवा दे दीजिए।
अगर डॉक्टर सबस्टिच्युट दवा के लिए मना करेंगे तब मैं उन्हें लौटा दूँगी।

**दवा दुकानदार** अवश्य, मुझे नहीं लगता कि वो मना करेंगे।
फिर भी आप एक बार कंफ़र्म हो लीजिएगा।

**आशा** ठीक है। सारी दवा के कुल कितने पैसे देने हैं?

**दवा दुकानदार** आप मुझे दो हज़ार तीन सौ रुपये दीजिए।
सारी दवा की क़ीमत पर दस प्रतिशत छूट मिली है।

**आशा** ओह, कोई बात नहीं! कार्ड से पेमेंट ले लीजिए।

**दवा दुकानदार** यह रही आपकी दवाइयाँ और आपका कार्ड।
अगर कोई परेशानी होगी तो मिलिएगा।

**आशा** शुक्रिया! बस मेरा दोस्त जल्दी से ठीक हो जाए।





**1** 아유르베다를 아시나요?

**2** 우리나라 한의학과 인도의 아유르베다를 비교해 보세요.

## सुनना

**[1-2] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1. लोग किसी घायल की मदद करने से क्यों घबराते हैं?**

① पुलिस की पूछताछ के डर से

② अस्पताल में पहचान प्रस्तुत करने की ज़िम्मेदारी के कारण

③ दोनों कारणों से

④ दोनों में से कोई नहीं

**2. घायल आदमी को अस्पताल पहुँचाने वाले व्यक्ति को क्या कहा जाता है?**

① गुड सिटीजन

② गुड सैमेटेरियन

③ गुड ह्यूमन

④ गुड ब्वॉय

**[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, × चुनिए।**

**3. हमें बीमारी के लक्षण दिखते ही सबसे पहले टेस्ट कराने चाहिए।**

○ ×

**4. स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी लेने की ज़रूरत नहीं है।**

○ ×



## बोलना

**1. दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।**

① : सुनिए भैया, पैरासिटामोल की 10 गोली देना। मेरी बेटी को हलका बुख़ार है।

: ____________________

② : भैया, डॉक्टर के पास तो मैं गई ही नहीं, थर्मामीटर लगाकर मैंने देख लिया था।

: ____________________

③ : आपको पैरासिटामोल की कितनी गोलियाँ चाहिए?

: ____________________

④ : डॉक्टर से ज़रूर मिल लीजिए आप।

: ____________________

## बोलना

**2. आपको बुख़ार के हलके लक्षण हैं। आप डॉक्टर के पास गए, आपने उनसे सलाह ली। अब इन विषयों पर विचार कीजिए।**

① डॉक्टर ने आपको देखकर टायफायड होने का संदेह जताया। इसके लिए आपको टेस्ट कराने के लिए कहा गया, आप पैथोलोजी लैब में होने वाले अनुभव के बारे में बोलिए।

| डॉक्टर से मिलना और आपकी बातचीत | पैथोलोजी लैब में होने वाले अनुभव |
|---|---|
| | |

② बीमारी के दौरान आपको किस तरह की सावधानी रखने के लिए कहा गया? आपने किस तरह के नियमों का पालन किया? उनके बारे में बोलिए।

## पढ़ना

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**

आज सुबह से मुझे कुछ अच्छा नहीं लग रहा है। मन में बेचैनी-सी हो रही है। ठंड भी लग रही है। भूख भी नहीं लग रही। प्यास बहुत लग रही है, कमज़ोरी-सी महसूस हो रही है। अस्पताल जाना चाहिए। सबसे पहले अस्पताल में फ़ोन कर डॉक्टर से समय लेना चाहिए। अस्पताल में एक कार्ड बनाकर डॉक्टर से मिलना होगा। डॉक्टर साहब को मुझे बताना होगा कि आज सुबह से ही सिर में भी बहुत दर्द हो रहा है। डॉक्टर साहब ने डेंगू की जाँच कराने को कहा है। साथ ही बुख़ार की दवा दवाखाने से लेने को कहा है। अब आराम करना होगा और समय पर दवा लेनी होगी ठीक होने के लिए।

**1. मरीज़ को क्या-क्या महसूस हो रहा है?**

① बेचैनी, ठंड, प्यास　② नींद, बदहज़मी

③ पैर में दर्द　④ पेट में दर्द

**2. कौन-सा कथन ग़लत है?**

① प्यास बहुत लग रही है, कमज़ोरी सी महसूस हो रही है।

② मन में बेचैनी सी हो रही है।

③ डॉक्टर साहब ने खाँसी की जाँच कराने को कहा है।

④ डॉक्टर साहब ने डेंगू की जाँच कराने को कहा है।

**[3-4] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**




**3. चिकित्सक से मिलने के लिए आवश्यक प्रक्रिया न हो, वह क्या है?**

① पंजीकरण फॉर्म भरना अनिवार्य है।

② चिकित्सक निर्धारित करना है।

③ वित्तीय समाशोधन करवाना होता है।

④ केवल एक हॉल से गुज़रना है।

**4. कौन-सा कथन ग़लत है?**

① बाहरी मरीज़ प्रक्रिया द्वारा चिकित्सक से मिलना होता है।

② हॉल संख्या 1 में स्वागत कक्ष, स्क्रूटनी कक्ष, शुल्क विभाग शामिल हैं।

③ स्क्रूटनी कक्ष जाने के बाद शुल्क विभाग जाना है।

④ चिकित्सक को पंजीकरण से संबंधित परामर्श प्राप्त होता है।

## लिखना

- बीमार होने और अस्पताल में भर्ती होने के अपने किसी अनुभव को हिन्दी में संक्षेप में लिखिए।

## सोचना

### अस्पताल
### आहार-विहार ठीक रखिए!

[यून-गी और जेनी पढ़ने के लिए दिल्ली में हैं। अचानक यून-गी की तबीयत ख़राब हो जाती है। उन्हें अस्पताल आदि के बारे में कुछ नहीं मालूम है। जेनी अपने भारतीय दोस्त विजय को फ़ोन करती है....]

**जेनी** विजय, मैं बहुत परेशान हूँ, प्लीज तुम जल्दी आ जाओ!

**विजय** क्यों क्या हुआ?

**जेनी** कल से यून-गी की तबीयत बहुत ख़राब है। उसे तेज़ बुख़ार है, सिरदर्द और बदनदर्द भी है।कल से उसने कुछ भी खाया-पिया नहीं है। मुझे डर लग रहा है, प्लीज तुम जल्दी आ जाओ।

**विजय** डरने की कोई बात नहीं है, तुम उसके सर पर ठंडे पानी की पट्टी करो! मैं उबर करके फ़ौरन पहुँच रहा हूँ।

[विजय, जेनी और यून-गी के यहाँ पहुँचता है]

**जेनी** विजय! इसे जल्दी हॉस्पिटल ले चलते हैं। कहाँ चलना चाहिए?

**विजय** देखो, पास में तो अ.भा.आ.सं(AIIMS) और सफ़दरजंग हॉस्पिटल हैं, लेकिन सरकारी हॉस्पिटल्स में प्रोसेस बड़ा लंबा है और पब्लिक बहुत होती है वहाँ, इसलिए मेरी मानो तो कोरियाई दूतावास के पास प्राइमस हॉस्पिटल है, वहीं चलो!

[हॉस्पिटल में – रिसेप्शन पर]

**स्टाफ़** डॉक्टर का नाम बताइए, जिनसे कंसल्ट करना है?

**विजय** हमें नहीं मालूम, आप बताइए! इसे तेज़ बुख़ार और सिरदर्द है। प्लीज जल्दी डॉक्टर से मिला दीजिए।

**स्टाफ़** आप मेडिसिन डिपार्टमेंट में डॉक्टर मिसेज़ जैन को दिखा लीजिए। ये फॉर्म भर दीजिए और इनका पासपोर्ट दे दीजिए। आप रूम न० 111 में चलिए, मैं डॉ० साहब को फ़ोन कर  देती हूँ कि एमेर्जेंसी केस है।

[डॉक्टर के पास]

**डॉक्टर** यहाँ लेट जाइए! शरीर ढीला छोड़ दीजिए! लंबी साँसें लीजिए! [पेट दबाते हुए] यहाँ दर्द हो रहा है?...... यहाँ?...... ठीक है। कब से बुख़ार है इन्हें? उल्टी, दस्त, खाँसी वग़ैरह?...... कोई और हिस्ट्री?

**जेनी** जी, दो-तीन से सुस्त लग रही थी। कल से बुख़ार है। और बता रही थी कि पेट में मरोड़ हो रहा है। आज सुबह से सिर और बदन में बहुत दर्द था। ........ डॉक्टर साहब, कोई चिंता की बात तो नहीं है?

**डॉक्टर** अभी तो ऐसा कुछ नहीं लग रहा है, रिपोर्ट आने दीजिए। तब तक ये दवाइयाँ दीजिए। रिपोर्ट आने के बाद मुझसे मिलिए!

**जेनी** कोई परहेज़ डॉक्टर साहब?

**डॉक्टर** मिर्च-मसाले वाली चीज़ें मत दीजिए, दलिया, मूँग-दाल की खिचड़ी, दही-चावल आदि दीजिए।
ताज़ा जूस, नारियल-पानी ले सकें तो अच्छा है। पानी ज़रूर पीते रहिए। .......
अटेंडेंट, इन्हें पैथोलोजी में ले जाओ!

[रिपोर्ट आने बाद डॉक्टर के पास]

**डॉक्टर** [यून-गी को देखते हुए] पहले से तो बेहतर लग रही हैं!.......रिपोर्ट भी ठीक है। चिंता की कोई बात नहीं है, आहार-विहार ठीक रखिए, सब ठीक रहेगा।

**यून-गी** डॉक्टर, मैं समझी नहीं!

**डॉक्टर** मेरा मतलब है, समय पर पौष्टिक खाना खाइए! सोना-जगना, व्यायाम आदि का ध्यान रखिए! हो सके तो योग कीजिए! दरअसल, क्लाइमेट और सोशल एन्वायर्नमेंट चेंज होने की वजह से आप लोगों को थोड़ा ज़्यादा ध्यान रखना चाहिए।

**यून-गी** बहुत-बहुत शुक्रिया, डॉक्टर साहब!

## मेमो



पाठ 07

# फल और सब्ज़ियाँ

**학습목표**

인도의 채소 및 과일 종류를 알고 관련된 다양한 주제에 대해 힌디어로 이야기할 수 있다.

**도입 질문**

| | |
|---|---|
| 인도에서 과일 시장에 가본 적이 있나요? | क्या आप कभी भारत के फल मंडी में गए हैं? |
| 인도에는 무슨 채소들이 나나요? | भारत में क्या सब्ज़ियाँ होती हैं? |
| 인도에서 어떤 과일이 과일의 왕인가요? | भारत में कौन-सा फल फलों का राजा होता है? |
| 과일마다 어떤 맛이 나나요? | हर किसी फल का कौन-सा स्वाद होता है? |

## वार्तालाप 1

**अराध्या** भैया, आप आज़ादपुर फल मंडी चलेंगे? वहाँ का कितना किराया लेंगे?

**टैक्सीवाला** यहाँ से आज़ादपुर फल मंडी का किराया सौ रुपया है। अगर रास्ता जाम रहा तो हर आधे घंटे का बीस रुपया अतिरिक्त लगेगा।

**अराध्या** ठीक है। आप चलिए। ...... ये रहा आपकी टैक्सी का किराया, सौ रुपए। अच्छे फल किस तरफ़ मिलेंगे?

**टैक्सीवाला** आप यहाँ से सीधे 200 मीटर जाकर बाईं ओर मुड़ जाइएगा, वहाँ आज आए ताज़े फल मिलेंगे।

**अराध्या** शुक्रिया। ...... भैया, यह तो सेब है लेकिन इतना बड़ा कैसे है?

**फलवाला** मैडम, यह कश्मीरी सेब है। आज ही आया है। सेब के साथ-साथ स्ट्रॉबेरी भी आया है। दोनों काफ़ी मीठे हैं।

**अराध्या** सेब और स्ट्रॉबेरी के साथ-साथ मुझे आम, लीची, नाशपाती, अमरूद और पपीता भी चाहिए।

**फलवाला** मेरे पास बिहार का आम, लीची और नाशपाती भी हैं। आपको अमरूद और पपीते के लिए दो दुकाओं आगे की तरफ़ जाना होगा।

**अराध्या** ठीक है, आप अपने पास के सब फल एक एक किलोग्राम पैक कर दीजिए। मैं आगे दुकान से होकर आती हूँ।

**फलवाला** आइए मैडम, अमरूद, शरीफ़ा, पपीता, अँगूर, अनार, अनानास, संतरा, केला, किवी, पीच में से आपको कौन-सा फल लेना है?

**अराध्या** वाह, आपकी दुकान पर बहुत सारे फल हैं। आप मुझे एक अनानास और एक एक किलोग्राम अमरूद, पपीता और अनार दे दीजिए।

**फलवाला** ठीक है, क्या आप थैला लेकर आई हैं? अगर नहीं लाई है तो कोई बात नहीं, छोटी पेटी में सब कुछ पैक कर देता हूँ।

**अराध्या** जी, यही ठीक रहेगा। आप छोटी पेटी में पैक कर दीजिए। आपके कितने पैसे हुए?

**फलवाला** कुल दो सौ सत्तर रुपए दीजिए। फिर आइएगा।

## वार्तालाप 2

**मनीष** अराध्या, एक साथ इतने सारे फल क्यों ले आई हो?

**अराध्या** मुझे फल खाना पसंद है और तुम तो जानते ही हो कि फलों में कई गुण होते हैं।

**मनीष** हाँ, लेकिन सिर्फ़ फलों में ही नहीं अपितु बहुत सारी सब्ज़ियों में भी लाभकारी गुण हैं।

**अराध्या** अच्छा, इसके बारे में थोड़ा खुलकर बताओ।

**मनीष** देखो, हम सब्ज़ियों में भिंडी, गोभी, करेला, फ़्रेंच बीन, पत्ता गोभी, तोरई, पालक, मेथी, बैंगन और कद्दू का हमेशा उपयोग करते हैं। इन सभी में कई लाभकारी गुण हैं।

**अराध्या** तुम थोड़ा और भी ज़्यादा समझाओ।

**मनीष** इन सब्ज़ियों में किसी में सोडियम, किसी में एक विटामिन, किसी में बहुत तरह के विटामिन, किसी में फ़ाइबर, किसी में प्रोटीन, किसी में पोटैशियम, किसी में मैग्नीशियम फ़ास्फ़ोरस मिलता है तो किसी में एक से अधिक तत्त्व मिलते हैं।

**अराध्या** अच्छा, इन चीज़ों के मिलने से क्या लाभ मिलता है?

**मनीष** अराध्या, तुम अच्छी विद्यार्थी हो। तुमको तो पता है कि इन तत्त्वों से पाचन बढ़ाने, इम्युनिटी, वज़न घटाने, कैंसर से बचाव, ब्लड प्रेसर कंट्रोल, डायबिटीस कंट्रोल जैसे छोटे लेकिन अहम काम होते हैं।

**अराध्या** अब समझ में आ रहा है कि भारतीय जीवन में शाकाहार पर क्यों ज़ोर दिया गया है। हमारी पहले की पीढ़ियाँ बहुत समझदार थीं।

**मनीष** तुमने बिलकुल सही समझा है। अब तुम फलों के साथ सब्ज़ियों का भी सेवन किया करो।

**अराध्या** आज सब्ज़ियों के जो गुण छिपे हुए थे वे सामने आ गए हैं। अब तो मैं फल की तरह सब्ज़ियों के सेवन पर बल दूँगी।

**मनीष** बहुत बढ़िया।हमारे लोग वैज्ञानिक ढंग से व्यावहारिक हैं।
लोगों ने सब्ज़ियों के माध्यम से कई प्रकार की बीमारियों को कंट्रोल कर रखा है।

**अराध्या** बिलकुल, मनीष। तुम्हारा शुक्रिया।





**1** 사진 속 과일 및 채소 이름과 그 영양소에 대해 말할 수 있나요?

**2** 우리나라 과일/채소와 인도 과일/채소를 비교해 보세요.

## सुनना

[1-2] **प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. इनमें से कौन-सी क़िस्म आम की नहीं है?

① चौसा

② दशहरी

③ लंगड़ा

④ कमला

2. गरमी के मौसम में किस फल का सबसे ज़्यादा मज़ा है?

① तरबूज़

② अमरूद

③ केले

④ शरीफ़ा

[3-4] **प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, × चुनिए।**

3. केले को चक्कर केली भी कहा जाता है।

○ ×

4. खजूर और अंजीर मरुस्थलीय फल हैं।

○ ×



## बोलना

1. दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।

① : आज मुन्ने को सर्दी-खाँसी हो रही है, सारी रात खाँसी करता रहा है।

: ______________________

② : अरे नहीं, उसे मैंने शहद में अदरक मिलाकर दे दी है। उसे खाँसी में आराम आ जाएगा।

: ______________________

③ : मुझे पेट में दर्द है। इसके लिए कोई घरेलू उपाय बताइए।

: ______________________

④ : मुझे हैरानी होती है पर क्या आपके पास हर बीमारी से लड़ने के घरेलू उपाय मौजूद हैं?

: ______________________

## बोलना

**2.** **आप अपने अनुभव के बारे में बताइए, जब आप भारत आए और आपको भारतीय पकवान खाने का अवसर मिला।**

① भारतीय परिवार में कौन-कौन-से व्यंजन परोसे गए?

| भारतीय मित्र के परिवार के सदस्य | खिलाए गए पकवान |
|---|---|
| | |

② जिस परिवार में आप रहने गए थे, उनके बच्चे को खाँसी की तकलीफ़ थी, आपने उन्हें कौन-से घरेलू इलाज करते हुए देखा? आपका यह अनुभव कैसा रहा?

## पढ़ना

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के सही उचित उत्तर चुनिए।**

फल और हरी हरी ताज़ा सब्ज़ियों का बाज़ार लगा है। रसीला आम, हिमाचल के सेब, खुमानी, जामुन, केले पपीते और लीची बिक रही हैं। दूसरी तरफ़ सब्ज़ियों में भिंडी, करेला, लौकी, तोरी, आँवला, धनिया, हरी मिर्च, अदरक, नींबू आदि बिक रहे हैं। मुझे फलों में आम बहुत पसंद है। आम भारत में फलों का राजा कहा जाता है। यहाँ आम की कई क़िस्में पाई जाती हैं। 'आम' शब्द का एक और अर्थ होता है- सामान्य, लेकिन फलों की दुनिया वाला आम दरअसल बहुत ख़ास है। यह बहुत मीठा, रसीला और ख़ास स्वाद वाला फल है। भारत में हिमाचल के सेब भी बहुत मशहूर हैं। सब्ज़ियों में मुझे भिंडी बहुत पसंद है। लौकी, तोरी या तोरई भी सेहत के लिए बहुत अच्छी है। वैसे तो सभी फल और सब्ज़ियाँ स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छे होते हैं। भारतीय घरों में लोग लौकी से खीर, सब्ज़ी और रायता बनाते हैं। लौकी की मिठाई भी बनाई जाती है। लौकी की बर्फ़ी तो बहुत प्रसिद्ध है। फल और सब्ज़ियाँ सभी को खाने चाहिए।

**1.** **आम के क्या-क्या गुण गद्यांश में दिए गए हैं?**

① मीठा, रसीला और ख़ास स्वाद वाला

② कड़वा और खट्टा

③ तीखा और चटपटा

④ बेस्वाद

**2.** **कौन-सा कथन ग़लत है?**

① आम भारत में फलों का राजा कहा जाता है।

② भारत में हिमाचल के सेब भी बहुत मशहूर हैं।

③ लौकी की मिठाई भी बनाई जाती है।

④ लौकी की चटनी भी बनाई जाती है।

## पढ़ना

[3-4] **अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**

सुबह का वक़्त। सब्ज़ी मंडी में सब्ज़ियों की बोलियाँ लग रही हैं। यहाँ भिंडी 10 रुपए, तोरी 8 रुपए, घिया 5 रुपए, हरी मिर्च 5 रुपए, टमाटर 5 रुपए, पहाड़ी खीरा 25 रुपए, बैंगन 8 रुपए, मूली 8 रुपए और करेला 28 रुपए प्रति किलो के हिसाब से किसानों से ख़रीदा गया। लेकिन जब सब्ज़ी मंडी में दुकानें सजीं तो भिंडी 20 रुपए, तोरी 20 रुपए, पहाड़ी खीरा 75, करेला 40, घिया 20, बैंगन 30 और टमाटर 20 रुपए किलो दर से बेचा जाने लगा। यहाँ न कोई फ़ासला था न ही किसी तरह सब्ज़ियाँ ढोने का भाड़ा दिया गया। लेकिन रेट सीधे दो से चार गुना हो गए। अब किसान यहाँ ख़ुद को लुटा और ठगा महसूस कर रहे हैं। हरी सब्ज़ियों की क़ीमतों पर हो रहे खेल में किसान को वाज़िब दाम नहीं मिल पा रहे हैं। उनसे ख़रीदी हुई सब्ज़ी मंडी के भीतर ही दो से तीन गुना दामों पर बेची जा रही है। किसानों के हाल इतने बेहाल हो चुके हैं कि बीज की क़ीमत तो दूर सब्ज़ी बेचने के बाद घर लौटने तक का किराया भी जेब में नहीं बचता। मंडी में उन्हें यह कहकर टरकाया जा रहा है कि सब्ज़ियों के रेट गिर गए हैं।

**3. सब्ज़ी मंडी के अंदर क्या होता दिख रहा है?**

① किसानों को उनकी मेहनत का वाज़िब हक़ मिल रहा है।
② किसानों से सब्ज़ियाँ बहुत कम दाम पर ख़रीदी जा रही हैं।
③ सब्ज़ियों के दाम गिर गए हैं।
④ मंडी में किसानों को सच बोला जा रहा है।

**4. सब्ज़ी मंडी के संबंध में कौन-सा कथन ग़लत है?**

① सारी सब्ज़ियाँ लगभग दो गुणी क़ीमत की हो गई।
② कुछ सब्ज़ियों के दाम लगभग चार गुणा बढ़ गए।
③ किसानों के जेब में मुनाफ़े की जगह घर लौटने का भी पैसा नहीं बच रहा है।
④ सब्ज़ी मंडी में सुबह के वक़्त कुछ नहीं हो रहा है।

## लिखना

**1. अपनी पसंद के कम से कम पाँच फलों के नाम और उनमें मिलने वाले तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।**

| फल का नाम | फल का तत्व |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

## लिखना

2. अपनी पसंदीदा और नापसंदीदा सब्ज़ियों के बारे में हिन्दी में लिखिए।

## मेमो

सोचना

## फल खाओगे बल पाओगे

[कुलदीप मान और उनकी पत्नी दोनों दिल्ली में नौकरी करते हैं। शनिवार और रविवार को दोनों की छुट्टी होती है। इसलिए वे हफ़्ते भर का काम सप्ताह के अंत में निपटाते हैं। आज शनिवार है। उन्हें फल-सब्ज़ी ख़रीदने जाना है। दोनों गाड़ी से बाज़ार जा रहे हैं]

**कुलदीप मान** [गाड़ी में, अपनी पत्नी से] कहाँ चलना है, मॉल या सब्ज़ी बाज़ार?

**मिसेज़ मान** रेहड़ी वाले ताज़ी सब्ज़ियाँ लाते हैं, वहीं चलो! वहीं मदर डेयरी भी है; पनीर, दूध, दही,छाछ वग़ैरह भी ले लेंगे।

**कुलदीप मान** फल-सब्ज़ियाँ तो मदर डेयरी में भी मिलती हैं, वहाँ से भी तो ले सकती हो!

**मिसेज़ मान** देखूँगी, वैसे। वहाँ भी वही बात है। सुबह-सुबह जाओ तो ताज़ी चीज़ें मिलेंगी, बाद में तो बची-खुची रह जाती हैं। मैं अपने फल वाले से लूँगी जहाँ से हमेशा लेती हूँ।

[फल-सब्ज़ी बाज़ार में]

**उस्मान (फलवाला)** नमस्कार, बीबी जी! क्या-क्या दे दूँ? ताज़े फल हैं, आज ही लाया हूँ।

**कुलदीप मान** जो चाहो वो ले लो। अरे! मंगलवार को तुम्हारा व्रत भी तो है, उसके लिए भी लेना।

**मिसेज़ मान** [उस्मान से] उस्मान! एक-एक किलो अनार, आम, सेब, संतरा दे दो और आधा किलो चीकू और एक दर्जन केले देना। और हाँ, एक छोटा-सा तरबूज़ भी दे देना।

**उस्मान** लीची, बहुत बढ़िया लाया हूँ। बिलकुल चीनी! बेचे तो मैंने दो सौ रुपए किलो हैं, लेकिन आपके लिए बस, एक दाम, डेढ़ सौ लगाऊँगा।

**मिसेज़ मान** चलो, दे दो!....... पैसे बताओ, कितने हुए? ठीक-ठीक लगाया है न?



**उस्मान** बीबी जी, रेट की आप फ़िक्र ना करो! आपके हो गए साढ़े आठ सौ रुपए।

**मिसेज़ मान** ये पैसे लो! इन्हें गाड़ी में रख दो।

[सब्ज़ीवाले के पास]

**रामेश्वर(सब्ज़ीवाला)** राम-राम, मैडम जी! बड़े दिनों बाद आना हुआ, क्या-क्या दे दूँ?

**मिसेज़ मान** कैसे दिया?

**रामेश्वर** आलू, प्याज़, टमाटर, खीरा और पालक चालीस रुपए किलो; घीया, तोरी, भिंडी, बैंगन, सेम, और टिंडा साठ रुपए किलो; फूल गोभी, बंद गोभी, चुकंदर और मटर पचास रुपए किलो; फ्रेंच बीन और शिमला मिर्च अस्सी रुपए किलो; लहसुन, अदरक और नींबू सौ रुपए किलो।

**मिसेज़ मान** तुम हमेशा महँगा लगाते हो!

**रामेश्वर** मैडम जी, क्या करें! मंडी में ही दाम चढ़े हुए हैं, किसी से पता कर लो! आप सब्ज़ी तो बताओ, मैं रेट सही लगा दूँगा।

**मिसेज़ मान** एक-एक किलो आलू, प्याज़, टमाटर, खीरा, घीया, तोरी, फूल गोभी दे देना और भिंडी, सेम और मटर आधा-आधा किलो। लहसुन, अदरक और नींबू एक-एक पाव दे देना। तौल कर रखो, हम लोग मदर से आ रहे हैं।

[लौटकर, सब्ज़ीवाले से]

**मिसेज़ मान** पैसे कितने हुए, रामेश्वर? धनिया और हरी मिर्च रख दिया है न!

**रामेश्वर** हाँ जी, रख दिया है। आपके हो गए पाँच सौ पैंसठ रुपए।

**मिसेज़ मान** ये लो छह सौ रुपए और सब्ज़ियाँ डिक्की में रख दो।

**रामेशवर** [बैलेंस लौटाते हुए] बीबी जी पाँच रुपए खुले नहीं हैं।

**मिसेज़ मान** कोई बात नहीं! अगली बार देख लेंगे।




पाठ

# 08 यातायात

**학습목표**

인도 교통수단의 종류와 특징을 힌디어로 설명할 수 있다.

**도입 질문**

| | |
|---|---|
| 여러분은 학교에 어떻게 오나요? | आप विद्यालय कैसे आते हैं? |
| 인도에 어떤 대중교통이 있나요? | भारत में क्या-क्या सार्वजनिक वाहन है? |
| 인도에서 운전해본 적이 있나요? | क्या आपने कभी भारत में कार चलाई है? |
| 메트로의 편리한 점은 무엇인가요? | मेट्रो की क्या सुविधाएँ हैं? |

## वार्तालाप 1

**आशा** मनोज, आज इंडिया गेट पर शाम चार बजे प्रधान मंत्री का भाषण होना है। तुम वहाँ तो जाओगे ही।

**मनोज** हाँ आशा, मैं आज प्रधान मंत्री का भाषण सुनने जाऊँगा। यहाँ से मैं तीन बजे 350 नंबर की बस पकड़ कर 3:45 तक इंडिया गेट पहुँच जाऊँगा।

**आशा** यहाँ से मेट्रो तो जाती है जो तुम्हें कम समय में सेंट्रल सेक्रेटेरियट स्टेशन पहुँचा देगी। तुम स्टेशन से पाँच मिनट का वॉक लेकर इंडिया गेट आसानी से पहुँच जाओगे।

**मनोज** आशा, बस से जाऊँ या मेट्रो से समय एक जैसा ही लगता है। गंतव्य स्टेशन के लिए मेट्रो का इंतज़ार भी तो करना होता है।

**आशा** फिर भी मैं यह कह सकती हूँ कि मेट्रो कम समय लेती है। आज मुझे भी भाषण सुनने जाना है। एक काम करते हैं, तुम बस से जाना और मैं मेट्रो से जाऊँगी। देखते हैं कौन पहले पहुँचता है?

**मनोज** ऐसी बात है तो मैं यह चैलेंज करता हूँ कि मैं पहले पहुँच जाऊँगा।

**आशा** फिर तीन बजे हम झिलमिल स्टेशन के सामने वाले बस स्टॉप पर मिलते हैं। वहाँ से हम एक साथ यात्रा शुरु करेंगे।

**मनोज** देखो आशा, 2:55 हो रहे हैं। ठीक तीन बजे से हमारी प्रतियोगिता शुरु होगी।

**आशा** बिलकुल, ठीक तीन बजे मैं स्टेशन की तरफ़ चल पड़ूँगी। तुम भी ठीक तीन बजे से बस पकड़ सकते हो।

**मनोज** हम इंडिया गेट के बग़ल वाली पार्क के गेट पर मिलेंगे। जो भी वहाँ पहले पहुँचेगा दूसरे का इंतज़ार करेगा।

**आशा** ठीक है। अब तीन बज गए हैं। मैं चलता हूँ, पार्क की गेट पर मुलाक़ात होगी।

[थोड़ी देर बाद]

**मनोज** ओह आशा, तुम पहले पहुँच गईं। तुम कितनी देर से यहाँ खड़ी हो?

**आशा** मनोज, मैं दस मिनट पहले यहाँ पहुँच गई थी। मैंने कहा था न कि मेट्रो से कम समय लगता है।

**मनोज** बिलकुल, तुम जीत गईं तुम सही हो। अब मैं भी मेट्रो प्रेफर करूँगा।

## वार्तालाप 2

**सुजी** रोशन, भारत में कार ड्राइविंग कोरिया से अलग है। तुम यहाँ कार ड्राइविंग के लिए कुछ टिप्स बताओ!

**रोशन** सुजी, कोरिया और भारत की कार ड्राइविंग में बहुत अंतर है। पहली बात तो यह है कि कोरिया में लेफ्ट हैंड ड्राइविंग है और भारत में राइट हैंड ड्राइविंग है।

**मनीष** इससे मुझे कोई ख़ास फ़र्क़ नहीं पड़ेगा। मैंने दोनों हैंड ड्राइविंग के अंतर को समझ लिया है।

**रोशन** सुजी, भारत में ट्रैफिक भी बिलकुल अलग तरह का है। कोरिया में लोग नियम को ज़्यादा फॉलो करते हैं जबकि यहाँ पर लोग नियमों को लेकर लापरवाह हैं।

**सुजी** मतलब यह समझना चाहिए कि भारत में काफ़ी सतर्क होकर कार ड्राइविंग करनी है। क्या वहाँ के लोग रेड लाइट भी फॉलो नहीं करते?

**रोशन** बड़े शहरों के लोग रेड लाइट फॉलो करते हैं लेकिन छोटे शहरों में कई जगह रेड लाइट नहीं होता।

**सुजी** यह एक महत्वपूर्ण बात है। इसके अलावे कोई और अंतर मिलता है?

**रोशन** हाँ, भारत की सड़कों पर साइकिल, टू व्हीलर और थ्री व्हीलर बहुत ज़्यादा चलते हैं। इसके साथ-साथ सड़क पर पालतू जानवर भी ट्रैफ़िक के बीच में आ जाते हैं।

**सुजी** कोरिया में साइकिल और छोटे वाहन के लिए अलग ट्रैक बना हुआ है। भारत में भी ऐसा ही होगा।

**रोशन** नहीं, भारत में ऐसी अलग व्यवस्था नहीं है। सब प्रकार के वाहन एक सड़क पर चलते हैं।

**सुजी** ओह, तब तो काफ़ी नियंत्रित तरीक़े से गाड़ी चलानी होगी। अन्य कुछ ख़ास बात हो तो वो भी बताओ!

**रोशन** सुजी, इन चीज़ों के अलावे भारतीय ट्रैफिक की ख़ास बात जाम लगना है। यहाँ लोग कई बार जाम में दो तीन घंटे तक फँस जाते हैं।

**सुजी** ओह, यह बहुत कष्ट देता होगा! भारत सरकार को इस पहलू पर गंभीरता से सोचना चाहिए।

**रोशन** सही कह रही हो, जाम से कई वर्क-अवर का नुक़सान हो जाता है। लेकिन मुझे विश्वास है कि सरकार इस पर बहुत जल्दी क़ाबू पा लेगी।




**1** 사진의 트럭에 적힌 문구는 무엇을 의미할까요?

**2** 인도에서 운전자들은 언제 경적을 울리나요?



## सुनना

**[1-2] ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।**

**1.** मेट्रो कार्ड बनवाने पर किस तरह की सुविधा मिलती है?

① पंक्ति में से अलग चलने की

② किराए में 10 प्रतिशत की छूट की

③ किराए में 20 प्रतिशत की छूट की

④ मेट्रो में बैठने की

**2.** सार्वजनिक वाहनों में से किस वाहन में सबसे कम समय लगता है?

① बस

② ऑटो

③ मेट्रो

④ टैक्सी

**[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, ✕ चुनिए।**

**3.** आंकड़ों के अनुसार पुरुष महिलाओं से बेहतर ड्राइवर होते हैं।

○ ✕

**4.** जब किसी की गाड़ी सड़क पर हमारी गाड़ी के आगे रुक जाए, तो हॉर्न बजाकर उसके तनाव को कम किया जा सकता है।

○ ✕

## बोलना

**1.** दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।

① : अरे भाई साहब, स्कूटर कैसे टूट गया?

: ______________________

② : आपको पुलिस में रिपोर्ट लिखानी चाहिए।

: ______________________

③ : वह व्यक्ति तो अपनी गाड़ी छोड़कर भाग ही गया, जिसने स्कूटर को टक्कर मारी थी।

: ______________________

④ : बहन जी, आपकी मदद के लिए बहुत बहुत शुक्रिया।

: ______________________



**2.** आप अपने अनुभव के बारे में बताइए, जब आप चांदनी चौक, दिल्ली में दीपावली के लिए ख़रीदारी करने गए थे।

① आप चाँदनी चौक, दिल्ली में दीपावली के लिए ख़रीदारी करने गए थे, पर यातायात में फँसकर आप दुकान तक नहीं पहुँच सके, और आपको वापस लौटना पड़ा।

| त्यौहार का नाम | सामान की लिस्ट | यातायात की स्थिति | अनुभव |
|---|---|---|---|
| | | | |

② आपके घर से दुकान 500 मीटर की दूरी पर है जहाँ आप सामान लेने गए थे। पर सड़क पर भारी भीड़ होने के कारण आपको वहाँ पहुँचने में दो घंटे लगे, इस अनुभव के बारे में बताइए।

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के सही उचित उत्तर चुनिए।**

मुझे आजकल दिल्ली में सरकारी यातायात में यात्रा करना अच्छा लगता है। मेट्रो आ जाने के कारण बहुत सुविधा हो गई है। सड़क के शोर, धुएँ, धूल, गर्मी और भीड़भाड़ से बचना है तो मेट्रो की यात्रा दिल्ली में सबसे अच्छी है। मेट्रो उन इलाक़ों तक भी जाती है जहाँ गाड़ी से पहुँचने में सड़क की भीड़ के कारण घंटों लग जाते थे। शाम के समय मेट्रो थोड़ी भरी होती है। बसों की तुलना में तो मेट्रो का सफ़र बहुत साफ़ सुथरा, समय की बचत करने वाला और सुविधाजनक है। भारत में ख़ास तौर से दिल्ली में गाड़ी चलाना बिलकुल आसान नहीं। भीड़ बहुत है। कई बार लोग सड़क यातायात नियमों का पालन भी नहीं करते। भारत के सभी छोटे बड़े शहरों में सड़कों पर बहुत अधिक भीड़ है। इसीलिए दिल्ली की मेट्रो एक राहत देती है।

**1. दिल्ली में मेट्रो की यात्रा किन कारणों से सबसे अच्छी है?**

① सड़क के नियमों से बचने के लिए

② भीड़ का आनंद लेने के लिए

③ सरकारी होने के कारण

④ सड़क के शोर, धुएँ, धूल, गर्मी और अतिशय भीड़ से बचने के लिए

**2. दिल्ली मेट्रो में यात्रा कैसी है?**

① पैसे कम ख़र्च करवाने वाली

② अधिक समय, भीड़ और परेशानी देने वाली

③ सुविधाजनक, साफ़ सुथरा और समय की बचत करवाने वाली

④ यातायात नियमों का पालन करने वाली

**[3-4] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**

दिल्ली में अनलॉक 4 की शुरुआत के साथ ही मेट्रो संचालन की 7 सितंबर से अनुमति दे दी गई है। DMRC प्रमुख मंगू सिंह ने बुधवार को बताया कि पहले चरण में दो पालियों में मेट्रों का संचालन किया जाएगा। यानी सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक मेट्रों को संचालित किया जाएगा। वहीं दूसरी पाली की बात करें तो इसमें मेट्रो सुबह 7 बजे से दोपहर के 1 बजे और शाम के 4 बजे से रात के 10 बजे तक मेट्रों को संचालित किया जाएगा। दूसरे चरण में 7 सितंबर को ब्लू लाइन और पिंक लाइन मेट्रों सेवा को बहाल कर दिया जाएगा। वहीं 10 सितंबर को रेड लाइन, ग्रीन लाइन, वायलेट लाइन पर सेवा शुरु की जाएगी। 7 सितंबर को समयपुरी बादली से हुडा सिटी सेंटर के लिए येलो लाइन पर मेट्रों को संचालित किया जाएगा। साथ ही रैपिड मेट्रों को भी 7 सितंबर को चालू किया जाएगा। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का उचित तरीक़े से पालन किया जा सके, इसके लिए स्टेशनों पर कुछ ही गेटों को खोला जाएगा। अंदर आने और बाहर निकलने के लिए अलग गेट का प्रयोग किया जाएगा। इस दौरान जिन यात्रियों के पास स्मार्ट कार्ड नहीं होगा उन्हें यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**3. पहले चरण की पहली पाली में मेट्रो कब चलेगी?**

① पूरे दिन

② 7 सितंबर से 10 सितंबर तक

③ सुबह 7 बजे से 11 बजे तक

④ सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक

**4. 10 सितंबर को कौन-सी मेट्रो सेवा बहाल होगी?**

① ब्लू लाइन और पिंक लाइन की

② समयपुर बादली से हुडा सिटी सेंटर येलो लाइन की

③ रैपिड मेट्रो की

④ रेड, ग्रीन और वोइलेट लाइन की

## लिखना

**1.** दिए गए चित्र में यातायात के साधनों को पहचानिए और उनके नाम उनके नीचे लिखिए।

### यातायात के साधन



교통수단
셔터스톡
238185415
301303661
423995023
459988267
681208795
1664967112
1820128307
1902358531
1926830030
대체예정

**2.** दी गई शब्दावली का प्रयोग करके विषय से संबंधित छोटा निबंध लिखिए।

सड़क, शोर, धुएँ, धूल, गर्मी, भीड़भाड़

**सोचना**

## जन्मदिन मुबारक हो, यारा!

[जेनी, मिन योंग, जी वन, और बो योंग कोरिया से दिल्ली में पढ़ने आए हैं। कुणाल, गगन, संकेत, जयंत और विमल भी उनकी कक्षा में पढ़ते हैं। ये सब दोस्त बन गए हैं। कल संकेत का बीसवाँ जन्मदिन है। उसने शाम में कनॉट प्लेस के बार बी क्यू नेशन में बर्थडे पार्टी दी है। मिन योंग और गगन नोएडा से, जेनी और कुणाल पश्चिमी दिल्ली के द्वारका से, जी वन और विमल दक्षिण दिल्ली के वसंत विहार से, और बो योंग और जयंत उत्तरी दिल्ली के मॉडल टाउन से कनॉट प्लेस आएँगे। बर्थडे से एक दिन पहले सभी योजना बना रहे हैं कि वे लोग कनॉट प्लेस कैसे पहुचेंगे।]

**संकेत** भई! बताओ कल कनॉट प्लेस कैसे पहुँच रहे हो तुम लोग?

**जयंत** तू क्यों चिंता कर रहा है यार! आने वाले आ जाएँगे! तू बियर-शियर की चिंता कर।

**संकेत** वो तो है, लेकिन बुलाया है तो पूछना तो बनता है यार! तू बता गगन, सबसे दूर तो तुम और मिनयोंग ही हो। तेरे यहाँ से मेट्रो तो आती है न?

**गगन** आती तो है, लेकिन बहुत चक्कर है यार! हमारे सेक्टर से डायरेक्ट नहीं है, तीन जगह बदलना पड़ता है। मैं और मिनयोंग तो उबर करेंगे। कालिंदी कुंज की तरफ़ से रूट भी छोटा है और ज़ाम भी नहीं मिलेगा।

**संकेत** कुणाल, तुम्हारे और जेनी के लिए तो मेट्रो से ही ठीक रहेगा, क्यों?

**कुणाल** बिलकुल! हमारे लिए तो मेट्रो से बढ़िया कुछ भी नहीं है। द्वारका सेक्टर-9 पर बैठो और सीधे राजीव चौक उतरो। हम दोनों के पास मेट्रो कार्ड है ही, लाइन में भी लगने का झंझट नहीं है।

**संकेत** तुम्हारे और बोयो के लिए भी तो मेट्रो ही ठीक रहेगी?

**जयंत** हाँ, मेट्रो ही सही है। मैं और बोयो जा चुके हैं कई बार।

**संकेत** और भई! विमल और जीवन, एलिट गाईज़! तुमलोग तो BMW से ही आओगे!

**जीवन** हम लोग एलिट क्यों?



**संकेत** मैं बताता हूँ। गांगनाम का नाम सुना है? है न उसका 'स्टाइल' ख़ास? जो तुम्हारे यहाँ गांगनाम है वही यहाँ वसंत विहार है।

**जीवन** ओ... आई सीईईई! मुझे तो पता ही नहीं था!

[अगले दिन कनॉट प्लेस में। सब पहुँच गए हैं, लेकिन विमल और जीवन ट्रैफ़िक जाम में फँसे हुए हैं।सब परेशान हैं। देर हो रही है। इतने में विमल और जीवन पहुँचते हैं।]

**विमल** सॉरी, फ्रेंड्स, माफ़ी चाहता हूँ यार! बहुत लंबा जाम था। हौरिबल!

**गगन** किस वजह से जाम था? आज तो संडे है!

**विमल** कुछ नहीं यार, एक ट्रक ख़राब हो गया था बीच सड़क पर। कोई देखने वाला नहीं। हमसे ज़रा-सी कोई ग़लती हो जाए, पुलिस वाले तुरंत आ जाएँगे चालान काटने। इनकी....(गाली)।

**कुणाल** रिलैक्स! कूल डाउन! चल तू पहले ठंडी बियर पी और गुस्सा शांत कर। जीवन! टेंशन मत ले यार! कोई देर नहीं हुई है। रात तो अपनी है। [लिफ़्ट में] जीवन, एक बात कहूँ? ये जो तुमने महसूस किया - जो कोरिया से बिलकुल अलग है, इसके बारे में क्या ख़याल है तेरा? चल, कल बात करेंगे इस पर!

**जी वन** [गहरी साँस लेते हुए] हाँ कुणाल, ठीक कह रहे हो! कोशिश करूँगी।

[पार्टी के बाद]

**संकेत** बहुत-बहुत शुक्रिया दोस्तो! मेरा ये बर्थडे हमेशा याद रहेगा। तहे दिल से शुक्रिया! एंड, माय लवली कोरियन फ्रेंड्स – यू मेड दिस इवेंट अ मेमोरेबल वन! ग्रेट! [अपने दोस्तों से पूछता है] अच्छा भई! कैसे जाना है?

**गगन** [नशे में झूमते हुए] तू बेमतलब क्यों चिंता करता है यार! जैसे आए हैं चले जाएँगे।

**संकेत** जब गगन जी गगन में घूम रहे हों तो चिंता तो करनी ही पड़ेगी! तुम लोग रुको, मैं तुम्हारे लिए उबर बुक करता हूँ। तुमने पी रखी है, मेट्रो में एंट्री नहीं होगी।




पाठ

# 09 संचार

**학습목표**

인터넷, SNS, 블로그 등 각종 통신매체에서 힌디어로 의사소통을 할 수 있다.

**도입 질문**

| | |
|---|---|
| 여러분은 친구들과 어떻게 연락하나요? | आप अपने मित्रों से कैसे संपर्क करते हैं? |
| 인도에서 전화를 개통해본 적 있나요? | क्या आपने भारत में कभी फ़ोन चालू किया है? |
| 인도인들이 가장 많이 사용하는 SNS는 무엇일까요? | भारत में किस एस॰एन॰एस॰ के उपयोगकर्ताओं की संख्या सबसे अधिक है? |
| 온라인 회의를 위해 무슨 장비가 필요한가요? | वेब कॉन्फ्रेंस के लिए क्या उपकरण चाहिए? |

## वार्तालाप 1

**जीन** भैया, मुझे एक सिम कार्ड ख़रीदना है। इस क्षेत्र में कौन-सी कंपनी का सिम कार्ड अधिक बिकता है?

**दुकानदार** यहाँ पर एयरटेल, आइडिया, सेल वन और जियो कंपनी का सिम कार्ड मिल जाएगा। इनमें सबसे सस्ता और लाभ वाला जियो कंपनी का है।

**जीन** लोगों ने भी यही बताया था। मुझे सिम कार्ड के लिए कौन-से काग़ज़ात देने हैं?

**दुकानदार** आपको सिम कार्ड ख़रीदने के लिए अपने पासपोर्ट का फ़ोटोकॉपी, दो फ़ोटो और भारत का एड्रैस प्रूफ़ देना होगा।

**जीन** अच्छी बात है। मेरे पास अभी ये सभी हैं। आप मुझे जियो का सिम कार्ड दे दीजिए।

**दुकानदार** ठीक है। आप इस फ़ॉर्म को भर दीजिए। इसमें भारत का पता लिखिएगा वरना सिम बंद हो जाएगा।

**जीन** ओह, आपका धन्यवाद अन्यथा मैं कोरिया का पता लिख देता।

**दुकानदार** कोई बात नहीं है। आप ध्यान से फ़ॉर्म भर लीजिए और एक फ़ोटो मुझे दे दीजिए।

**जीन** मेरा फ़ोटो लीजिए। मुझे नए सिम में इंटरनेट की सेवा भी चाहिए।

**दुकानदार** इंटरनेट की सेवा के लिए आपको सिम कार्ड में डाटा प्लान लेना होगा। उसके बहुत प्रकार हैं। सबसे किफ़ायती प्लान 399 रुपए का है।

**जीन** तो आप सिम कार्ड में 399 रुपए का डाटा प्लान दे दीजिए।

**दुकानदार** आपको कुल 449 रुपए देने होंगे। इसमें डाटा प्लान का 399 रुपए और सिम कार्ड का 50 रुपए जुड़ा है।

**जीन** आप ये रुपए लीजिए। मेरा सिम कब से शुरु हो जाएगा।

**दुकानदार** आपका सिम 15 मिनट के भीतर शुरु हो जाएगा। भारत में आपका प्रवास सुखद हो।

**जीन** आपका बहुत बहुत धन्यवाद।

## वार्तालाप 2

**जीन** मनोज, मुझे यहाँ से कोरिया में वीडियो चैटिंग करनी है। वीडियो चैटिंग के लिए यहाँ कौन-सा ऐप ज़्यादा चलता है।

**मनोज** जीन, वीडियो चैटिंग के लिए सबसे अच्छा वाट्सऐप है। तुम उससे सही ढंग से चैट कर सकोगे।

**जीन** मुझे कभी-कभार अपने साथियों के साथ वेबकैम चैटिंग और ऑफ़िस में कॉन्फ्रेंस कॉल भी करना होगा। इनके लिए क्या ठीक रहेगा?

**मनोज** तुम वेबकैम चैटिंग और कॉन्फ्रेंस कॉल करने के लिए सिस्को या स्काईप या ज़ूम का उपयोग कर सकते हो।

**जीन** ये सभी ऐप्स फ़्री ऑफ़ कॉस्ट हैं या कुछ चार्ज़ भी देना होता है।

**मनोज** सभी ऐप्स बिना किसी शुल्क के हैं। तुम अपने फ़ोन पर सभी ऐप्स स्टोर से डाउनलोड करके इंस्टॉल कर सकते हो।

**जीन** ऐप्स इंस्टॉल करने के बाद मुझे क्या करना होगा?

**मनोज** कुछ ख़ास नहीं। तुम्हें सभी ऐप्स के लिए नंबर सत्यापित करवाना होगा। ठीक उसी तरह से जिस तरह से कोरिया में होता है।

**जीन** ओह, समझ गया। तकनीकी उपकरणों के उपयोग के मामले में कोरिया और भारत का पैटर्न एक जैसा लगता है।

**मनोज** हाँ, ऐसा ही समझ लो। कोरिया के सिर्फ़ कुछ कोरियाई ऐप्स यहाँ अच्छे से काम नहीं करेंगे।

**जीन** बिलकुल सही कह रहे हो। यहाँ मेरा काकाओ टॉक अच्छे से काम नहीं कर रहा है।

**मनोज** अब तुम भारत में हो, तो दोनों देश में इस्तेमाल होने वाले ऐप्स का इस्तेमाल करो। फिर तुम्हें कभी कोई परेशानी नहीं होगी।

**जीन** शुक्रिया, मनोज।






1 사진 속 노란 간판 가게는 무엇을 하는 곳일까요?

2 공중전화를 사용해 본 적 있나요? 우리나라와 인도의 공중전화 시스템을 비교해 보세요.

## सुनना

**[1-2] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1. महिला सिम कार्ड ख़रीदने के लिए किस चीज़ पर सबसे ज़्यादा बल दे रही हैं?**

① कम दाम

② नेटवर्क टावर

③ मुफ़्त डाटा

④ कई योजनाएँ

**2. सबसे कम कितने रुपए का रिचार्ज़ करना ज़रूरी है?**

① पचास रुपए

② दस रुपए

③ सौ रुपए

④ दो सौ रुपए

**[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, × चुनिए।**

**3. भारत में पासपोर्ट और वीज़ा की प्रति के माध्यम से प्री-पेड सिम ख़रीदा जा सकता है।**

○ ×

**4. हवाई अड्डे को कीओस्क पर सबसे सस्ता सिम कार्ड मिल जाता है।**

○ ×

## बोलना

**1. दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।**

① : सर, क्या अब इस लॉकडाउन की स्थिति में हम योग नहीं कर सकेंगे? अब तो समूह में इकट्ठा होना भी मना है और कोई व्यक्ति किसी के घर भी नहीं जा सकता।

: ______________________

② : ऑनलाइन योग कक्षा कैसे होगी? हम 6 लोग क्या एक दूसरे को देख सकेंगे। मुझे इसमें भरोसा नहीं है।

: ______________________

③ : ये ऐप आपको ख़रीदने भी नहीं होंगे।

: ______________________

④ : ये तो पता नहीं मैडम, अभी ये ऐप मुफ़्त है। बस ज़ूम पर अभी 40 मिनट के बाद फिर से मीटिंग ज्वाइन करनी होती है। गूगल मीट पर तो 100 लोग भी एक साथ योग कर सकते हैं। आप कल से योग कक्षा में आइए, आपको अच्छा लगेगा।

: ______________________

## बोलना

**2. आप अपने अनुभव के बारे में बोलिए जब दफ़्तर में आपको कॉन्फ्रेंस कॉल पर जोड़ा गया था।**

① आपको कॉन्फ्रेंस कॉल पर जोड़ते हुए आपके वरिष्ठ अधिकारियों ने आपसे अपने कनिष्ठ कर्मचारी को कॉन्फ्रेंस कॉल पर जोड़ने के लिए कहा जिससे एक मीटिंग का आयोजन किया जा सके। अपने इस अनुभव के बारे में बोलिए।

| मीटिंग का समय | मीटिंग का विषय | कॉन्फ्रेस कॉल में जोड़ने की प्रक्रिया | कॉन्फ्रेंस कॉल में आने की दिक़्क़तें |
|---|---|---|---|
| | | | |

② आपके एक कनिष्ठ कर्मचारी की शिकायत है कि आपकी आवाज़ कॉन्फ्रेस कॉल में सुनाई नहीं दे रही। आपने इस समस्या को दूर करने के लिए क्या किया? इस बारे में बोलिए।



## पढ़ना

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के सही उचित उत्तर चुनिए।**


New Message
To
Subject

प्रिय विद्यार्थियो!

कल से हम गूगल मीट पर कक्षा लेना शुरु करेंगे। आपकी कक्षा के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं जिनके पालन की आपसे उम्मीद की जाती है, इन्हें अपने पास किसी कॉपी में नोट कर लीजिए और फिर इनके अनुसार ही आप कक्षा में आएँगे:

- आपके पास एक जीमेल आईडी का होना ज़रूरी है जिसके माध्यम से आपको गूगल क्लासरूम में जोड़ा जाएगा।
- आपके पास हर कक्षा से पहले एक क्लास कोड आएगा जिसपर क्लिक करके आप कक्षा में प्रवेश करेंगे।
- आप सभी कक्षा में वेबकैम के माध्यम से अपने कंप्यूटर के ऑडियो से जुड़कर कक्षा में आएँगे। कक्षा शुरु होने से पाँच मिनट पहले और कक्षा शुरु होने के पाँच मिनट बाद तक आप कक्षा से जुड़ सकते हैं। उसके बाद आपको जोड़ा नहीं जा सकेगा।
- आप कक्षा में ऑडियो और वीडियो बंद रखेंगे। जब जिस विद्यार्थी को कहा जाए, उसे वीडियो ऑन करना होगा।
- कक्षा में कॉपी और क़लम लेकर आएँ जिससे कक्षा कार्य को आप लिख सकें।
- गूगल क्लासरूम में आपके लिए असाइंमेंट भेजे जाएँगे। दिए गए समय में आपको इन्हें पूरा करना होगा।
- कल की कक्षा में मिलते हैं। तब तक के लिए शुभ रात्रि!

SEND

**1. विद्यार्थी को कक्षा में भाग लेने के लिए क्या चाहिए?**

① नोट　② जीमेल आईडी

③ मोबाईल फ़ोन　④ ऑडियो और वीडियो

**2. कौन-सा कथन गलत है?**

① कक्षा में कॉपी और क़लम लेना मना नहीं है।

② विद्यार्थी को कक्षा में ऑडियो और वीडियो बंद रखना है।

③ सभी कक्षा के लिए एक ही क्लास कोड दिया जाएगा।

④ विद्यार्थी कक्षा शुरु होने से दस मिनट पहले प्रवेश कर नहीं सकता।

## पढ़ना

[3-4] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।

### वोडाफ़ोन आइडिया के 98 रुपए प्री-पेड प्लान में अब मिलेगा दोगुना डाटा

अपडेटेड: 22 मई 2020 18:52 IST

एयरटेल की राह पर चलते हुए वोडाफ़ोन आइडिया ने अपने 98 रुपए वाले प्री-पेड रीचार्ज़ प्लान में बदलाव किया है। इस प्लान में अब ग्राहकों को इस्तेमाल के लिए 12 जी॰बी॰ हाइ-स्पीड डाटा दिया जाएगा। इसका मतलब है कि कंपनी ने इस प्लान के साथ अब दोगुना डाटा देगी। पहले 98 रुपए वाले प्लान में 6 जी॰बी॰ हाइ-स्पीड डाटा मिलता था। अभी कुछ दिन पहले ही एयरटेल ने अपने 98 रुपए वाले रीचार्ज़ प्लान में 12 जी॰बी॰ डाटा देने का फ़ैसला किया था। आज की तारीख़ में एयरटेल और वोडाफ़ोन आइडिया अपने 98 रुपए प्री-पेड प्लान में यूज़र्स को 28 दिनों की वैधता मिलती है, लेकिन इसमें वॉयस कॉल और एसएमएस की कोई सुविधा नहीं है। वोडाफ़ोन की आधिकारिक लिस्टिंग के मुताबिक, 98 रुपए वोडाफ़ोन प्री-पेड रीचार्ज़ प्लान में 28 दिनों की वैधता के साथ 12 जी॰बी॰ डाटा मिलेगा। आइडिया की वेबसाइट पर भी यह भी बदलाव कर दिया गया है। यहाँ भी यूज़र्स को 98 रुपए के पैक से रीचार्ज़ करने पर दोगुना डाटा मिलेगा। ओनलीटेक की मानें तो 98 रुपए के रीचार्ज़ पैक में 12 जी॰बी॰ डाटा वाला फ़ायदा चुनिंदा सर्कल तक ही सीमित है। इसका मतलब है कि आपके सर्कल में अगर यह ऑफ़र लाइव नहीं हुआ है तो आपको 6 जी॰बी॰ डाटा ही मिलेगा।

**3.** अब 98 रुपए वाले रिचार्ज़ से ग्राहकों को क्या फ़ायदा होगा?

① 12 जी॰बी॰ डाटा
② प्लान पर असीमित वैधता
③ पहले की अपेक्षा दुगुना डाटा
④ वॉइस कॉल और एसएमएस की सुविधा

**4.** 98 रुपए रिजार्ज़ के फ़ायदे के संबंध में कौन-सा कथन ग़लत है?

① सभी कंपनी के सिम पर उपलब्ध होगा।
② पहले चुनिंदा सर्कल में ही मिलेगा।
③ एयरटेल कंपनी के सिम पर मिलेगा।
④ वोडाफ़ोन आइडिया कंपनी के सिम पर मिलेगा।



## लिखना

**1.** दिए गए शब्दों से किसी कंपनी के सिम कार्ड का लाभ बताइए।

डाटा, वॉइस कॉल, सोशल मीडिया,
ऑन नेट कॉलिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, चार्ज़, बैलेन्स

## लिखना

**2.** अपना एस॰एन॰एस॰ अकाउंट प्रोफ़ाइल हिन्दी में बनाएँ, जैसे फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि।



## सोचना

### गूगल मीट पर मिलें?

[मिनहो अपनी कंपनी के काम से आज ही भारत आया है। उसका फ़ोन पता नहीं कहाँ खो गया। उसकी गर्लफ्रेंड दासोम, सऊल में परेशान है कि मिनहो का फ़ोन बंद क्यों है? वह लगातार ककाओटॉक, फेसबुक मेसेंजर और ईमेल से संदेश भेज रही है। मिनहो होटल पहुँचकर सबसे पहले दासोम को ईमेल करता है]

**मिनहो** हाय, दासोम।
मैं जानता हूँ कि तुम बहुत परेशान होगी। यहाँ आते ही मेरा फ़ोन खो गया। इसलिए तुमसे बात नहीं हो पाई। लगता है, अनजाने में फ़ोन कहीं गिर गया। आज ही मैं नया फ़ोन ख़रीदूँगा और एक्टिवेट होते ही तुमसे बात करूँगा। तुम प्लेस्टोर से वाट्सऐप डाउनलोड कर लेना। वीडियो कॉल करूँगा। यहाँ वाट्सऐप चलता है।
अपना ख़्याल रखना!
जादू की झप्पी!

तुम्हारा
मिनहो

**दासोम** ओ माय गॉड!
तो इतना परेशान हो गई थी कि रात भर नींद नहीं आई! जल्दी फ़ोन करना। मैं इंतज़ार कर रही हूँ। तुम्हारी बहुत याद आ रही है।
अपना ध्यान रखना!

सिर्फ़ तुम्हारी
दासोम

[दुकान पर]

**मिनहो** भाई साहब, एक कोई सस्ता-सा फ़ोन दे दीजिए।
**दुकानदार** कम दाम में तो चायनीज फ़ोन ही आएँगे। कितने तक का चाहिए आपको?

**मिनहो** मुझे सैमसंग का फ़ोन दीजिए। कोई आठ-दस हज़ार से नीचे-नीचे।

**दुकानदार** आठ हज़ार में सैमसंग का सबसे बढ़िया फ़ोन यही है।

**मिनहो** ठीक है, वही दे दीजिए! और सिम किसका है आपके पास?

**दुकानदार** रिलायंस और एयरटेल।

**मिनहो** किसकी सर्विस अच्छी है?

**दुकानदार** दोनों बढ़िया हैं कोई-सा ले लीजिए! तीन सौ रुपए मासिक में 2 जी॰बी॰ डेली डाटा के साथ, अनलिमिटेड कॉल और मेसेज दोनों कंपनियाँ दे रही हैं।

**मिनहो** उम्मम.. ठीक है, एयरटेल का सिम दे दीजिए!

[मिनहो, रात में दासोम को वाट्सऐप वीडियो कॉल करता है]

**दासोम** मिनहो, तुम ठीक तो हो ना! मैं इतना डर गई थी कि बता नहीं सकती! अब तुम्हे ठीक-ठाक देखकर जान में जान आई। तुमने कुछ खाया-पिया है? ध्यान रखना, मसालेदार खाने से कहीं पेट ना ख़राब हो जाय!

**मिनहो** चिंता मत करो जानेमन! तुम जो हो मेरे साथ, कुछ नहीं होगा मुझे।

**दासोम** अच्छा, अब तुम जाकर आराम करो! थके-से लग रहे हो। कल सुबह में बात करते हैं। बा-बाय!

[अगले दिन सुबह दासोम वाट्सऐप मेसेज करती है]

**दासोम** कैसे हो? नाश्ता कर लिया?

**मिनहो** हाय! अभी गूगल मीट पर बॉस के साथ कॉन्फ्रेंस चल रही है। फ़ुर्सत से तुम्हें कॉल करता हूँ।

**जीवन** कोई बात नहीं, जब फ़ुर्सत मिले तो वीडियो कॉल से वहाँ की तस्वीरें दिखाना।



[मिनहो शाम को वाट्सऐप वीडियो कॉल करता है]

**मिनहो** कोई बात नहीं, जब फ़ुर्सत मिले तो वीडियो कॉल से वहाँ की तस्वीरें दिखाना।

**दासोम** सॉरी यार, दिन-भर फ़ोन, गूगल मीट, फॉलो-अप... उफ़! अब जाकर मौक़ा मिला है। अब मैं नहाऊँगा और फिर डिनर के लिए जाऊँगा।

**मिनहो** डिनर के लिए कहाँ जाओगे?

**दासोम** ली मेरिडियन होटल में, एक क्लाइंट ने पार्टी दी है। एक काम करें? लौटकर आता हूँ तो गूगल मीट पर मिलें? लैपटॉप पर गूगल मीट खोलना! अच्छी तरह तुम्हें देखना चाहता हूँ।

**मिनहो** ठीक है, मैं इंतज़ार करूँगी!





पाठ
10
# लड़ाई-झगड़ा

학습목표

다툼과 화해의 과정에서 사용되는 힌디어 표현을 이해한다.

도입 질문

| | |
|---|---|
| 여러분은 언제 화가 나나요? | आपको कब गुस्सा आता है? |
| 최근에 누군가와 다툰 적이 있나요? | हाल में कभी आपने किसी से लड़ाई की है? |
| 잘못된 행동에 대해 어떻게 사과하나요? | ग़लत व्यवहार पर माफ़ी कैसे माँगी जाती है? |
| 간디의 비폭력 정신을 알고 있나요? | आप गाँधी की अहिंसा के बारे में जानते हैं? |

## वार्तालाप 1

**जीमिन** आशा, तुमने सर से मेरी शिकायत क्यों की?
तुम्हें मुझसे कोई परेशानी थी तो मुझसे कहती।

**आशा** जीमिन, तुम अपने आप को समझते क्या हो? तुमने मुझे बहुत बुरा कहा था जिसके बाद तुमसे क्या बात हो सकती थी? तुम्हारे अंदर बहुत ज़्यादा एरोगेंसी है।

**जीमिन** अजीब हाल है। तुमने तो हद कर दी एक तरफ़ तुम सर से मेरी झूठी शिकायत की है और उसके बाद मुझे एरोगेंट कह रही हो। अगर तुम विदेशी नहीं होती तो तुम्हें अच्छे से बताता।

**आशा** देशी विदेशी की बात मत करो। अगर तर्क है तो उसे सामने रखो। धमकी उसे देना जो धमकी से डरता हो।

**जीमिन** तुम बहुत चीप हो। तुमसे कोई भी कैसे बात कर सकता है?

**आशा** हाँ हाँ, जब काम निकल जाता है तब लोग ऐसा ही कहने लगते हैं। यही चीपनेस की पहचान है। मैंने तुम्हारी पढ़ाई और बहुत से कामों में बहुत ज़्यादा मदद की है। उसी को छिपाने के लिए झगड़ा कर रहे हो न?

**जीमिन** तुमने क्या मदद कर दी? ग़ज़ब झूठ बोलती हो। तुमसे बात ही करना बेकार है।

**आशा** बदतमीज़ लड़का, तुम हिंदी में जो इतनी बात कह पा रहे हो, उसे तुमने मेरे साथ रहकर सीखा है। ज़्यादा बोलोगे तो दो थप्पड़ लगा दूँगी।

**जीमिन** तुम क्या मारोगी, ये लो मैं ही मार देता हूँ।

**आशा** मेरा थप्पड़ कैसा लगा? अब आज के बाद मेरे सामने मत पड़ना।
सर को किसने कहा था कि मैं चीटिंग करके असाइन्मेंट बनाती हूँ!

**जीमिन** अरे, सर को मैं ऐसा क्यूँ कहूँगा। तुम अपना असाइन्मेंट कहीं से भी बनाओ, मुझे उससे क्या लेना-देना है? हाँ, सर से असाइन्मेंट के बारे में दीपा ने कुछ कहा है?

**आशा** क्या कहा? दीपा ने कुछ कहा है?

**जीमिन** हाँ, दीपा ने कुछ कहा है। सर ने तुम्हें किसी का नाम बताया है?

**आशा** नहीं, उन्होंने किसी का नाम तो नहीं बताया था
ऐसा लगता है कुछ ग़लतफ़हमी हो गई है।

## वार्तालाप 2

**आशा** जीमिन, मुझे लगता है ग़लतफ़हमी में मैंने तुम्हारे विषय में काफ़ी बुरा सोचा है।

**जीमिन** आशा, मैं तुम्हारे बारे में तो नहीं जानता लेकिन मैंने अपनी कमज़ोरी के कारण तुम्हें बहुत भला बुरा कहा है।

**आशा** कैसी कमज़ोरी जीमिन?

**जीमिन** तुमने सही कहा था कि मेरे अंदर एरोगेंसी है। मैंने इस बात को महसूस किया है।

**आशा** ओहो, चलो अच्छा है। तुमने कम से कम इस बात पर ध्यान तो दिया।
भारत में कहा जाता है कि ग़लती का एहसास हो जाने से ग़लती ख़त्म हो जाती है।

**जीमिन** सच में, तो क्या मैं अपनी ग़लतियों के लिए तुमसे माफ़ी माँग सकता हूँ।

**आशा** माफ़ी तो मुझे माँगनी चाहिए।
मैंने ग़लतफ़हमी का शिकार होकर तुम्हारे बारे में बहुत बुरा सोचा।

**जीमिन** मतलब ग़लतियाँ हम दोनों ने की है तो हम दोनों को एक दूसरे से माफ़ी माँग लेनी चाहिए।

**आशा** ओह जीमिन, तुम कितनी अच्छे हो। मुझे माफ़ कर दो मेरा सच्चा दोस्त।

**जीमिन** मुझे भी माफ़ कर दो, आशा! इतने दिन तक साथ में रहकर भी मैंने तुम्हें समझने में भूल की है।

**आशा** आज हम दोनों एक दूसरे से वादा करेंगे कि अब हम किसी ग़लतफ़हमी के होने पर सीधे तरीक़े से बात करके उसे दूर कर लेंगे।

**जीमिन** बिलकुल ऐसा ही होगा और यह भी वादा करेंगे कि एक दूसरे के लिए मन में कोई मैल नहीं रखेंगे।

**आशा** यह मेरा वादा रहा। मैं पुरानी ग़लत बातों को कभी सामने नहीं आने दूँगी।

**जीमिन** मेरा भी यह वादा रहा। आज से हम लोग झगड़े से पहले की तरह रहेंगे।





**1** 간디의 비폭력 저항운동에 대해 설명해보세요.

**2** 갈등의 해결 방법에는 어떤 것들이 있을까요?

## सुनना

**[1-2] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1. राजेश और प्रिया में झगड़े की वजह क्या है?**

① माँ द्वारा बेटे को पढ़ाना

② बेटे का मोबाईल पर खेलना

③ ऑफ़िस का काम करना

④ बेटे का गणित में कम अंक लाना

**2. पिता को पढ़ने का कौन-सा तरीक़ा ठीक लगता है?**

① साथ बैठकर समझाना

② बेटे को प्यार करके पढ़ाना

③ पिटाई करके पढ़ने के लिए मजबूर करना

④ पत्नी द्वारा बेटे को पढ़ाना

**[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, ✕ चुनिए।**

**3. महिला और सब्ज़ीवाले के बीच झगड़ा बच्चे को लेकर हुआ है।**

○ ✕

**4. महिला ने सब्ज़ीवाले से पैसे लौटाने और दूसरे केले देने को माँगा है।**

○ ✕



## बोलना

**1. दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।**

① : आप मेरा चालान नहीं कर सकते।

:

② : पर जब मैंने गाड़ी क्रॉस करने की कोशिश की थी, तब तो पीली बत्ती ही थी।

:

③ : लाइए एक हज़ार रुपए भरिए, मैं आपको रसीद काट कर देता हूँ।

:

④ : मैडम, आपको ऐसी बात नहीं करनी चाहिए। सरकारी आदमी को रिश्वत की पेशकश नहीं करनी चाहिए। इससे ग़लत व्यवहार को बढ़ावा मिलता है।

:

## बोलना

**2. आप अपने अनुभव के बारे में बोलिए जब आपने अपने ग़लत व्यवहार के लिए किसी से माफ़ी माँगी थी।**

① मान लीजिए आपने अपशब्दों का इस्तेमाल करके अपनी छोटी बहन का मन दुखाया, बाद में जब आपको एहसास हुआ, तो आपने उससे माफ़ी माँगी। इस अनुभव के बारे में बोलिए।

| बहन का नाम | जिस विषय पर बहस हुई | आपका व्यवहार | माफ़ी माँगने के बाद आपको कैसा अनुभव हुआ |
|---|---|---|---|
| | | | |

② आपकी छोटी बहन पर आपके गुस्से और माफ़ी का क्या प्रभाव पड़ा? इसके बारे में बोलिए।

## पढ़ना

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के सही उचित उत्तर चुनिए।**

हमारे बारे में जैसे ही कोई ग़लत बात कहता है हमारे मन में उसका जवाब देने की भावना तुरंत जागती है। यहीं से लड़ाई की शुरुआत होती है। जैसे कल राम के मोहल्ले में पानी के नल के पास दो महिलाओं के बीच ख़ूब लड़ाई हुई। बात की शुरुआत पानी भरने आई महिलाओं के बीच हो रही बातचीत से हुई। एक महिला ने दूसरी महिला को नीचा दिखाने के लिए अपने साड़ी और गहनों की बातें शुरू की और दूसरी महिला के बारे में कहा कि वह कल पड़ोस की शादी में इसीलिए नहीं आई क्योंकि उसके पास अच्छे कपड़े और गहने नहीं हैं। दूसरी महिला भी पानी के नल के पास इस पहली महिला के पीछे ही खड़ी थी। अपने बारे में यह बात सुनकर उससे रहा न गया और वह तुरंत बोल पड़ी कि मेरे बारे में तुम इतना कुछ जानती हो, क्या अपने घर पर ध्यान देने के लिए कुछ नहीं है? बस यही से घमासान लड़ाई की शुरुआत हो गई। बात इतनी ज़्यादा बढ़ गई कि दोनों महिलाओं के पतियों को बीच-बचाव करना पड़ा। दोनों ही महिलाएँ एक ही मोहल्ले में रहती हैं तो पानी के नल पर रोज़ ही दोनों की मुलाक़ात होगी। यही सोचकर आज मोहल्ले की दूसरी औरतें इन दोनों के बीच सुलह करवाने गई हैं।

**1. 'सुलह' शब्द का क्या अर्थ है?**

① झगड़ा ख़त्म करना
② झगड़ा बढ़ाना
③ सही बात करना
④ मुलाक़ात करना

**2. कौन-सा कथन ग़लत है?**

① बात की शुरुआत पानी भरने आई महिलाओं के बीच हो रही बातचीत से हुई।
② कल राम के मोहल्ले में पानी के नल के पास दो महिलाओं के बीच ख़ूब लड़ाई हुई।
③ दूसरी महिला भी पानी के नल के पास इस पहली महिला के पीछे ही खड़ी थी।
④ बात इतनी ज़्यादा बढ़ गई कि मोहल्ले के सब लोगों को बीच-बचाव करवाना पड़ा।

[3-4] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।

सेवा में,

श्रीमान प्रभारी निरीक्षक
कोतवाली लोनी
जनपद - गाजियाबाद

महोदय,

निवेदन है कि मैं छुन्नी लाल मिश्रा आज दिनांक 08/09/2020 समय लगभग 5:20 बजे अपने भाई जय प्रकाश के साथ अपने ऑफ़िस (पता - कृष्णा मुरारी फिलिंग स्टेशन के सामने, बन्थला) पर था। अचानक कुशलवीर पुत्र अज्ञात निवासी शालीमार गार्डन, चिंपू पुत्र अज्ञात, ढीले उर्फ़ अनुज पुत्र अज्ञात सुशील पुत्र अज्ञात एवं एक अन्य व्यक्ति अज्ञात ने एक राय होकर मुझपर जान-लेवा हमला बोल दिया। कुशलवीर एवं चिंपू दोनों ने मेरे सीने पर तमंचा लगा दिया और मेरी पैन्ट की दाईं जेब से सुशील ने 50,000/- निकाल लिए जब मैंने व मेरे भाई जय प्रकाश ने विरोध किया तो उक्त सभी व्यक्तियों ने मुझे व मेरे भाई जय प्रकाश को नीचे फ़र्श पर गिराकर काफ़ी मारपीट की। कुशलवीर ने मेरे भाई जय प्रकाश की नाक पर तमंचे की बट मार दी और कहा साले आज तुम दोनों को ज़िंदा छोड़ दिया अगर तुम दोनों ने हमारे ख़िलाफ़ क़ानूनी कार्यवाही की तो तुम दोनों को जान से मार देंगे।

मारपीट व लूट के दौरान ढीले ने हमारा मोबाइल नोकिया जे7 छीन लिया जोकि कुछ दूरी पर क्षतिग्रस्त पड़ा मिला।

श्रीमान जी कुछ समय पहले उपरोक्त लोगों ने हमपर जान लेवा हमला कर रंगदारी वसूली थी जिसका मुक़दमा आपके थाने में पहले भी पंजीकृत कराया था। मेरे व मेरी पत्नी के नाम इंडियन ऑयल एल॰पी॰जी॰ प्लांट लोनी में ट्रांसपोर्टर का टेंडर है जिस कारण आना-जाना बना रहता है। मुझे व मेरे परिवार को कुशलवीर, चिंप, ढीले, सुशील व अन्य अज्ञात से जान-माल का ख़तरा बना है। कृपया मुक़दमा पंजीकृत कर क़ानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें।

प्रार्थी

**3.** मारपीट में प्रार्थी को क्या-क्या नुक़सान प्राप्त हुआ है?

① पचास हज़ार रुपए का
② मोबाइल फ़ोन का
③ तमंचे का
④ एल॰पी॰जी॰ प्लांट का

**4.** किसने प्रार्थी के ऊपर हमला किया था?

① जय प्रकाश
② प्रार्थी की पत्नी
③ सुशील का भाई
④ कुशलवीर और अनुज

## लिखना

1. दी गई शब्दावली का प्रयोग करके विषय से संबंधित छोटा निबंध लिखिए।

नोक-झोंक, झगड़ना, सुलझाना, शांत, ईर्ष्या, मारपीट, पार्टी

2. अपने एक नाराज़ दोस्त को मनाने के लिए एक पत्र लिखिए जो आपसे गुस्सा होकर दूर चला गया है।

सोचना

## होश ठिकाने लगा दूँगा!

[मेट्रो में चढ़ते हुए एक व्यक्ति को, भीड़ में किसी से धक्का लग जाता है। उसके हाथ का सामान गिर जाता है। वह व्यक्ति धक्का देने वाले पर गुस्सा होता है। दोनों कम पढ़े-लिखे हैं, झगड़ पड़ते हैं।]

पुरुष 1 अबे! अंधा है क्या? मेरे बैग का फीता भी टूट गया और हाथ में चोट भी लग गई! पता नहीं कहाँ-कहाँ से चले आते हैं; अंधों की औलाद!

पुरुष 2 ओय! ज़बान सँभाल के बात कर, नहीं तो होश ठिकाने लगा दूँगा! मैंने कोई जान-बूझकर किया है?

पुरुष 1 बताऊँ तुझे, होश ठिकाने कैसे लगाते हैं, ग़लती भी की और धमकी भी दे रहा है।

पुरुष 2 चुप हो जा, वरना तेरी ख़ैर नहीं है। एक लफ़्ज़ भी बोला तो.......

पुरुष 1 [गुस्से में उसकी ओर जाता है] तो क्या करेगा, बता? बता क्या करेगा?

[इतना कहते हुए जोर से एक थप्पड़ लगा देता है। पुरुष 2 भी उसे थप्पड़ मारता है। हाथापाई होने लगती है। आसपास के लोग बीच-बचाव करते हैं और दोनों को शांत कराने की कोशिश करते हैं]

लोग क्या कर रहे हो भाई तुम लोग! छोड़ो! हटो! छोटी-सी बात को तुम लोगों ने तिल का ताड़ बना दिया।दिमाग़ शांत करो भाई! तुम्हारी वजह से सवारियों को परेशानी हो रही है! दिख नहीं रहा है? महिलाएँ बैठी हुई हैं, और तुम गाली दिए जा रहे हो! चुप करके बैठो, वरना अभी किसी ने CISF को फ़ोन कर दिया तो अंदर मिलोगे दोनों के दोनों!

पुरुष 2 [स्टेशन पर उतरते हुए] मेट्रो से बाहर आ जा; बताता हूँ। मर्द की औलाद है तो बाहर आ के दिखा!

पुरुष 1 अबे उचक्के, चल निकल ले यहाँ से, अभी लंबी उमर है तेरी!

[मेट्रो का दरवाज़ा बंद]

जानकी [सामने हितेश को देखकर आवाज़ लगाती है] हितेश...हितेश...हितेश ! प्लीज़ , लिसन यंगमैन!

[हितेश बिना जवाब दिए चला जाता है।]

जानकी [अगले दिन] हितेश... [उसका हाथ पकड़ लेती है] तुम्हें सुनना पड़ेगा, नहीं तो मैं कुछ कर लूँगी!

हितेश इतना भी कमज़ोर नहीं हूँ कि तुम मेरे पीछे एक्स्ट्रा रिलेशन रखो और मैं चुपचाप देखता रहूँ – आयम नॉट दैट सबड्यूड! मुझसे बात करने की ज़रूरत नहीं है।

जानकी [तेज़ आवाज़ में] मुकेश के साथ रिलेशंस नहीं हैं मेरे, मैं उसके साथ मूवी देखने गई थी, रंगरलियाँ नहीं मना रही थी मैं।

हितेश अच्छा! इमोशनल ब्लैकमेल! ठीक कहते हैं लोग, लड़कियों को तो देवता भी नहीं जान सके, मैं क्या जान पाउँगा? प्लीज़ लीव मी अलोन, अकेला छोड़ दो मुझे!

जानकी हितेश...प्लीज़ अंडरस्टैंड मी....कांट, जस्ट लिव विदाउट यू! [रोने लगती है]

हितेश [जानकी को चुप कराते हुए] ठीक है, वी कैन टॉक लेटर..... अभी तुम सँभालो अपने आप को।

जानकी [सुबकते हुए] चांस की बात थी। मुकेश और उसकी बहन मार्केट में मिल गए थे। वे लोग सिनेमा देखने जा रहे थे। उन्होंने बहुत ज़िद की और मुझे भी ले गए। तुम बेवजह शक कर रहे हो। तुमको बताने ही वाली थी तब तक पता नहीं तुमसे किसने क्या कह दिया।

हितेश क्या? मुकेश की बहन भी साथ थी?

जानकी और क्या? तुम चाहो तो उससे फ़ोन पर पूछ लो!

हितेश ओके बाबा, ओके! मुझे मालूम नहीं था कि तुम्हारे साथ मुकेश की बहन भी थी। आयम सॉरी! मुझे माफ़ कर दो!

[दोनों एक दूसरे के गले लग जाते हैं]




पाठ
# 11 हवाई अड्डा

**학습목표**

공항 시설 이용규칙이나 비행기에 탑승하는 절차 등을 힌디어로 표현할 수 있다.

**도입 질문**

| | |
|---|---|
| 인디라간디국제공항에 가본 적 있나요? | क्या आप कभी इंदिरा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गए हैं? |
| 탑승수속 절차는 어떻게 되나요? | बोर्डिंग प्रकिया क्या होती है? ? |
| 비행기에서 무슨 규칙을 지켜야 하나요? | हवाई सफ़र में किन नियमों का पालन ज़रुरी है? |
| 출입국신고서에 어떤 내용을 기입하나요? | आगमन-प्रस्थान कार्ड में क्या-क्या लिखना है? |

## वार्तालाप 1

**स्टाफ़** नमस्ते, आज आप किधर जा रहे हैं?

**नामजून** नमस्ते, मेरी काठमांडू जाने की योजना है।

**स्टाफ़** जी, बहुत बढ़िया। आप मुझे अपना पासपोर्ट दिखाएँगे? क्या कोई और आपके साथ यात्रा करने वाला है?

**नामजून** अवश्य, यह रहा मेरा पासपोर्ट। नहीं, मैं अकेले यात्रा कर रहा हूँ।

**स्टाफ़** ठीक है, क्या आपके पास कोई चेक इन बैग भी है?

**नामजून** हाँ, मेरे पास सिर्फ़ यही चेक इन बैग है। इसके अलावा एक और बड़ा बैग है जिसे मैं कैरि ऑन बैग की तरह रखूँगा।

**स्टाफ़** जी, बहुत अच्छा। आप कृपया अपने दोनों बैग स्केल पर रखें। आपने सभी सामानों को सही ढंग से पैक किया है?

**नामजून** हाँ, सभी सामान सही ढंग से पैक है।

**स्टाफ़** आपका कैरि ऑन बैग काफ़ी बड़ा है। उसे हम फ़्लाइट के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं दे सकते। आपको उसे चेक इन कैटेगरी में डालना होगा।

**नामजून** ओह, विमान में कितने चेक इन बैग की अनुमति है?

**स्टाफ़** विमान में एक चेक इन बैग फ़्री है। एक से ज़्यादा बैग होने पर आपको 2000 रुपये का भुगतान करना होगा।

**नामजून** ठीक है, यह लीजिए 2000 रुपये। अगर मेरा बैग खो जाएगा तो मुझे क्या करना होगा?

**स्टाफ़** पहली बात तो यह कि आपका बैग खो नहीं सकता। अगर खो भी जाता है, तो आप विमान कंपनी के दफ़्तर में जाकर अपने बैग का क्लैम कर सकते हैं। आपको वहाँ से किसी भी तरह से दो दिन के भीतर बैग मिल जाएगा।

**नामजून** जानकारी देने के लिए बहुत बहुत शुक्रिया।

## वार्तालाप 2

**नामजून** नमस्ते। मैं दिल्ली से आ रहा हूँ। आपकी कंपनी की फ़्लाइट संख्या 204 से मेरी यात्रा हुई है। ये रहा मेरा बोर्डिंग पास। मेरा चेक इन बैग बेल्ट पर नहीं आया है। ऐसा लगता है वह गुम हो गया है। कृपया उसके विषय में पता करें।

**स्टाफ़** ओह, ऐसी बात है। थोड़ी देर समय दें। मैं सिस्टम में चेक करके बताता हूँ। .... ऐसा लगता है कि लोडिंग के समय कुछ त्रुटि हुई है। आप अपने बैग का विवरण इस फ़ॉर्म पर भर कर दीजिए।

**नामजून** ऐसी बात है तो कब तक मेरा सामान मुझे मिल जाएगा? और न मिल पाने पर क्या होगा?

**स्टाफ़** मुझपर भरोसा रखिए। दो दिन में आपका सामान यहाँ आ जाएगा और अगर दो दिन में सामान नहीं आता है तो आपको आपके सामान की पाँच गुणा ज़्यादा क़ीमत कंपनी देगी।

**नामजून** यह नियम है?

**स्टाफ़** जी, बिलकुल। यात्रियों की सुविधा के लिए हमारी कंपनी ने यह नियम बनाया है।

**नामजून** ठीक है। फ़ॉर्म पर मैंने अपने बैग की कंपनी का नाम, साइज़, रंग और उसके अंदर के सामान की अनुमानित क़ीमत लिख दी है।

**स्टाफ़** ठीक है। आप अपना पासपोर्ट भी दें। उसकी और बोर्डिंग पास की छाया प्रति हम रखेंगे। आप दो दिन के बाद बाहर के काउंटर पर आकर अपने सामान के बारे में पता कर सकते हैं।

**नामजून** उम्मीद करता हूँ कि आपने जो कहा है वह सच होगा। मेरा सामान बहुत जल्दी मिल जाएगा।

**स्टाफ़** आप निश्चिंत रहें। सामान सुरक्षित होगा और आ जाएगा।

**नामजून** ठीक है। मैं दो दिन के बाद आ जाऊँगा। क्या आप मुझे कोई पेपर भी देंगे?

**स्टाफ़** जी हाँ, आपको कंपनी की तरफ़ से यह रसीद दी जा रही है। जब आप अपना सामान लेंगे, तब आपको यह रसीद देनी होगी।

**नामजून** बहुत अच्छी बात है। आप सहयोगी हैं। आपका बहुत बहुत शुक्रिया।

**स्टाफ़** शुक्रिया की क्या ज़रूरत है। ये तो मेरा काम है।





1 인도 비행기의 채식 기내식을 먹어본 적 있나요?

2 우리나라 기내식과 인도 기내식의 구성을 비교해보세요.

## सुनना

**[1-2] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के उत्तर चुनिए।**

**1. भारत से नेपाल जाने के लिए निम्न में से किसकी ज़रूरत है?**

① पासपोर्ट

② वीज़ा

③ आधार कार्ड

④ वोटर पहचान पत्र

**2. नेपाल जाने वाली कौन-सी फ़्लाइट का ज़िक्र यहाँ नहीं है?**

① विस्तारा

② इंडिगो

③ रॉयल नेपाल

④ क़तर

**[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, × चुनिए।**

**3. नेपाल एयरलाइंस व्यवसायी वर्ग और किफ़ायती वर्ग के अतिरिक्त एक अन्य वर्ग की भी सुविधा देती है।**

○ ×

**4. छोटे बच्चों के लिए मुफ़्त सामान की सीमा 20 किलोग्राम है।**

○ ×



## बोलना

**1. दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।**

① : आपका हमारे 'खोया-पाया' काउंटर पर स्वागत है श्रीमान!
बताइए, मैं आपकी कैसे मदद कर सकती हूँ?

: ______________________________

② : सर, आप घबराइए नहीं, क्या आपने अपने सामान का बीमा कराया था?

: ______________________________

③ : आपके एयरलाइंस के नियम इस संदर्‌ में क्या हैं? कृपया बताइए।

: ______________________________

④ : मैडम, सामान मुझे किस प्रकार वापस मिलेगा?

: ______________________________

## बोलना

**2.** **आप अपने अनुभव के बारे में बोलिए जब आपका सामान एयरपोर्ट पर खो गया था।**

① अपने सामान की सूची बताइए जिससे आपका सामान ढूँढ़ने में एयरपोर्ट अथॉरिटी को मदद मिल सके।

| एयरलाइंस | सामान की सूची | अनुभव | भविष्य के लिए सीख |
|---|---|---|---|
| | | | |

② आपका सामान वापस नहीं मिला। ऐसी स्थिति में नई जगह पर आप अब क्या करेंगे? इस बारे में बोलिए।

**3.** **आप जिस जगह घूमने जा रहे हैं, उस जगह के बारे में आपको कोई विशेष जानकारी नहीं है। आप एयरपोर्ट पर किस तरह की जानकारी एकत्र करेंगे।**

① एयरपोर्ट पर आपने किससे जानकारी प्राप्त की? आपको इस नई जगह पर जाकर कैसा लगा? इस बारे में बोलिए।

| जानकारी | अनुभव |
|---|---|
| | |

② नेपाल जाते समय आपने किन जगहों को देखने की सूची बनाई, इस बारे में बोलिए।

[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।

हवाई जहाज़ से यात्रा करना एक अलग अनुभव है। भारत से नेपाल जाते समय मैंने हवाई अड्डे पहुँचकर सबसे पहले अपने सामान की जाँच करवाई, सामान निर्धारित स्थान पर जमा किया, अपना पासपोर्ट दिखाया और कुछ देर हवाई अड्डे पर समय बिताते हुए निर्धारित दरवाज़े के आगे पहुँची जहाँ से मुझे अपने विमान में चढ़ना था। कई लोगों को हवाई यात्राओं से बहुत डर लगता है क्योंकि हवाई जहाज़ में बैठकर ज़मीन से कई हज़ार फ़ुट ऊँचे चले जाना कई लोगों के लिए डरा देने वाला अनुभव है तो कई लोगों के लिए रोमांचकारी अनुभव है। हवाई जहाज़ में यात्रा करते हुए मैंने देखा कि हवाई जहाज़ के उड़ान भरने से पहले कुछ दिशा निर्देश दिए जाते हैं। जिनका पालन करना और ध्यान से सुनना चाहिए। हवाई जहाज़ के भीतर बैठने के बाद जब मैंने ऊपर से नीचे बसे हुए शहरों को देखा तो ऐसा लग रहा था जैसे नीचे कोई नन्हें-नन्हें खिलौने रखे हैं और मैं आसमान में पंख लगा कर चिड़िया की तरह उड़ती चली जा रही हूँ। हवाई जहाज़ के अंदर कई लोगों ने उड़ान भरने के समय अपने कानों में कोई यंत्र या रुई लगाई थी क्योंकि कई लोगों को ऊँचाई पर पहुँचने के साथ ही कान बंद होने की समस्या हो जाती है। जब हवाई जहाज़ नेपाल की राजधानी काठमांडू के हवाई अड्डे पर उतरा तो हमने बाहर निकल कर अपना सामान पुनः प्राप्त किया। हवाई जहाज़ और हवाई अड्डे की यह यात्रा मेरे लिए बहुत यादगार रहेगी।।

**1.** 'रोमांचकारी अनुभव' इस शब्द का क्या अर्थ है?

① उत्साहित होना

② साहसी होना

③ पागल होना

④ चल पड़ना

**2.** कौन-सा कथन ग़लत है?

① हवाई जहाज़ और हवाई अड्डे की यह यात्रा मेरे लिए बहुत यादगार रहेगी।

② जहाज़ के अंदर कई लोगों ने उड़ान भरने के समय अपने कानों में कोई यंत्र या रुई लगाई थी।

③ हवाई जहाज़ नेपाल की राजधानी काठमांडू के हवाई अड्डे पर उतरा।

④ नेपाल हवाई अड्डे पहुँचकर मैंने सबसे पहले अपने सामान की जाँच करवाई।





[3-4] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।

## घरेलू उड़ानों के लिए 5 अहम नियम




एयरपोर्ट पर चेक-इन की सुविधा नहीं मिलेगी, वेब चेक-इन कंफ़र्म होने पर ही एंट्री मिलेगी।

१४ साल से ज़्यादा उम्र वालों को आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करना होगा।




मास्क पहनना ज़रूरी होगा, टर्मिनल में एंट्री से पहले थर्मल स्क्रीनिंग होगी।



ऐप में रेड स्टेटस हुआ तो यात्रा नहीं कर सकेंगे।




फ़्लाइट के टाइम से २ घंटे पहले एयरपोर्ट पहुँचना होगा।



**3.** किसी भी यात्री को यात्रा करने की अनुमति कब नहीं मिलेगी?

① वह मास्क पहने है।

② उसने वेब चेक इन किया है।

③ उसके मोबाइल के ऐप में रेड स्टेटस हुआ है।

④ एयरपोर्ट टर्मिनल प्रवेश करने से पहले उसका थर्मल स्क्रीनिंग हुई है।

**4.** घरेलू उड़ानों के लिए नियम के संबंध में ग़लत कथन क्या है?

① एयरपोर्ट पर चेक इन की सुविधा नहीं मिलेगी।

② 14 साल से अधिक उम्र होने पर मोबाइल में आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करना होगा।

③ फ़्लाइट के समय से दो घंटे पूर्व एयरपोर्ट पहुँचना होगा।

④ आरोग्य सेतु को मास्क पहनाना ज़रूरी नहीं होगा।

## लिखना

• दी गई शब्दावली का प्रयोग करके विषय से संबंधित छोटा निबंध लिखिए।

सुरक्षा जाँच, चेक इन, बोर्डिंग, हवाई जहाज़, स्केल, वज़न,
भार चढ़ाव, एक्स रे, टिकट, नशीली दवा, सामान्य दावा, सामान बेल्ट, सहयात्री

## मेमो

सोचना

## यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

[युरा और होजून दिल्ली से काठमांडू घूमने जा रहे हैं। आज इंदिरा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उनकी उड़ान है। सड़क पर जाम की वजह से वे देर हो चुके हैं। वे भागकर एयर इंडिया फ़्लाइट के लिए गेट न 9-बी की ओर जाते हैं]

घोषणा
यात्रीगण कृपया ध्यान दें। दिल्ली से काठमांडू जाने वाली उड़ान संख्या ए० आई०-212 गेट संख्या 9-बी से उड़ान भरने को तैयार है। कृपया यथाशीघ्र गेट संख्या 9-बी पर पहुँचें।

स्टाफ़ जल्दी आइए सर! हमने कई बार आप लोगों का नाम अनाउंस किया।
होजून [हाँफते हुए] जाम में फँस गए थे। हमने बैग चेक इन के लिए दे दिया है, आ जाएगा न?
स्टाफ़ जब उन्होंने ले लिया है तो आ जाएगा। आप जल्दी बोर्डिंग कीजिए। पाँच मिनट रह गए हैं।

[विमान के भीतर घोषणा] नमस्कार! मैं कैप्टन गौरव शर्मा एयर इंडिया के इस उड़ान में आपका हार्दिक स्वागत करता हूँ। मेरे साथ इस विमान में जूनियर कैप्टन दानिश, एयर होस्टेस लीना और, सुनैना आपकी सेवा में होंगे। यह विमान एक घंटे पैंतीस मिनट में दिल्ली से काठमांडू की दूरी तय करेगा। हम आपके सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हैं। कृपया सुरक्षा संबधी अनुदेशों का पालन करें।

[विमान उतरने से पहले घोषणा]
कुछ ही क्षणों में हमारा विमान काठमांडू के त्रिभुवन हवाई अड्डे पर उतरने वाला है। आप पेटी बाँध लें, कुर्सी को सीधी रखें और खिड़कियों के शटर खोल दें! काठमांडू का मौसम साफ़ है और तापमान पंद्रह डिग्री सेल्सियस है। एयर इंडिया से यात्रा करने के लिए धन्यवाद! आशा है कि आप भविष्य में भी हमें सेवा का अवसर देंगे।

[युरा और होजून काठमांडू हवाई अड्डे पर]



[नेपाली में घोषणा] काठमांडू एयरपोर्टमा स्वागत छ। दिल्लीबाट आउने एयर इंडियाका यात्रीहरु आफ्नो सामानको लागि ब्यागेज काउन्टर पाँचमा आइपुग्छन्। (काठमांडू एयरपोर्ट पर आपका स्वागत है। दिल्ली से आने वाले एयर इंडिया के यात्री अपने सामान के लिए बैगेज काउंटर पाँच पर पहुँचें।)

[सभी यात्री बैगेज काउंटर पाँच से सामान लेकर चले गए, लेकिन युरा और होजून का सामान नहीं मिला। वे दोनों, एयरपोर्ट स्टाफ़ से शिकायत करते हैं। स्टाफ़ उन्हें संबंधित अधिकारी के पास लेकर जाता है।]

होजून नमस्कार! लगता है मेरा बैगेज नहीं आया है...।
स्टाफ़ न दिखाइए! [कंप्यूटर पर चेक करता है] हाँ, आपने चेक इन करने में देर कर दिया था। सामान के आने तक उड़ान जा चुकी थी। आपका बैगेज शाम की फ़्लाइट से आ जाएगा। आप होटल का पता दीजिए, हम बैगेज वहीं भेज देंगे।
होजून धन्यवाद!

[होजून और युरा टाइगर माउंटेन लॉज जाने के लिए टैक्सी बुक करते हैं।]

टैक्सी वाला तिमि कहाँ जान चाहन्छौ? (आपको कहाँ जाना है?)
होजून होटल टाइगर माउंटेन लॉज।
टैक्सी वाला म यो लिन्छु, बस्नुहोस्! (मैं ले चलूँगा, बैठिए!)
होजून पैसे?
टैक्सी वाला फिक्स्ड रेट!
होजून ठीक है चलिए! [होटल पहुँचकर] कितने पैसे हुए?
टैक्सी वाला नौ सय रुपैयाँ नेपाली, पाँच सय पचास रुपैयाँ आई० सी०। (नौ सौ रुपये नेपाली या पाँच सौ पचास इंडियन करेंसी)
युरा [आसपास का दृश्य देखकर] होजून! कितना अच्छा सीन है! मज़ा आ गया। चलो लंच करके घूमने निकलते हैं!



पाठ

12

# प्रकृति

**학습목표**

인도의 산, 들, 강, 바다 등 자연경관의 아름다움과 각 지역의 특징을 힌디어로 말할 수 있다.

**도입 질문**

| | |
|---|---|
| 히말라야에 가본 적이 있나요? | क्या आप कभी हिमालय गए हैं? |
| 인도의 강들의 이름을 아나요? | क्या आप भारत की नदियों का नाम जानते हैं? |
| 자연의 어떤 아름다운 광경이 기억나나요? | आपको प्रकृति का कौन-सा सुंदर दृश्य याद है? |
| 여러분은 어디를 여행하고 싶은가요? | आप किस जगह की यात्रा करना चाहेंगे? |

## वार्तालाप 1

**आशा** नमस्ते नामजून, बहुत दिनों के बाद दिख रहे हो। कहीं बाहर गए थे क्या?

**नामजून** नमस्ते आशा, हाँ मैं सैर के लिए नेपाल गया था। वहाँ मैं दस दिन रहा।

**आशा** वाह, नेपाल के बारे में काफ़ी कुछ सुना है। वहाँ के बारे में विस्तार से बताओ।

**नामजून** सच कहूँ तो नेपाल बहुत ख़ूबसूरत है।
वहाँ के लोग और वादियाँ मन को बाँध लेती हैं। हर जगह सुंदरता भरी हुई है।

**आशा** कुछ सुंदर दृश्यों के विषय में बताओ।

**नामजून** आशा, नेपाल की एक तरफ़ हिमालय की शृंखला दिखलाई पड़ती है, तो दूसरी तरफ़ तराई के मदमस्त खेत दिखलाई पड़ते हैं। चारों तरफ़ आँखों को सुकून देने वाली हरियाली मिलती है।

**आशा** उम्म... सच में काफ़ी ख़ूबसूरत दिखता होगा। तुम्हें और क्या अच्छा लगा?

**नामजून** नेपाल में सबसे ज़्यादा आकर्षित करने वाली चीज़ वहाँ के पहाड़ हैं। ऊँचे-ऊँचे पहाड़ और उनसे निकलने वाली छोटी-छोटी नदी मन मोह लेती हैं।

**आशा** सुना है कि नेपाल में पहाड़ों के बीच में गाँव बसे हुए हैं?

**नामजून** बिलकुल आशा, जब तुम वहाँ के पहाड़ के ऊपर चड़ोगे तब बीच-बीच में छोटे छोटे गाँव बसे दिखलाई पड़ेंगे। नेपाली लोग अपने गाँव को बहुत सुंदर बना कर रखते हैं।

**आशा** वो कैसे?

**नामजून** वे अपने गाँव के आसपास के खेत को सीढ़ीनुमा बनाते हैं और उन खेतों की हरी हरी फ़सल गाँव को बहुत सुंदर बना देती है। नेपाली लोग दो खेतों के बीच की जगह को काफ़ी साफ़ रखते हैं। तुम चाहो तो वहाँ बैठकर पूरा दिन गुज़ार सकती हो।

**आशा** वाह, इतना सुनकर ही मज़ा आ गया। मैं भी बहुत जल्द नेपाल घूमने जाऊँगी।

**नामजून** बिलकुल जाना। बहुत मज़ा आएगा।

## वार्तालाप 2

**नामजून** आशा, भारत की प्रकृति के बारे में कुछ बताओ। सुना है कि भारत प्रकृतिक सुंदरता में अद्भुत है।

**आशा** बिलकुल नामजून, भारत की प्राकृतिक सुंदरता उसके पहाड़ और नदियों से अधिक बनी है।

**नामजून** पहाड़ों के बारे में काफ़ी कुछ पढ़ा है। तुम वहाँ की नदियों के बारे में बताओ।

**आशा** भारत में बहुत बड़ी-बड़ी नदियाँ और नद हैं। नद नदी का पुल्लिंग है। वहाँ ब्रह्मपुत्र और दामोदर नाम की काफ़ी चौड़ी और गहरी नदी है, उनके रूप और नाम के कारण उन्हें नद कहा जाता है।

**नामजून** ये दोनों भारत में किस तरफ़ बहते हैं?

**आशा** दोनों नद उत्तर भारत में हैं जो पूर्व दिशा की तरफ़ बहते हैं। इनके अलावा गंगा, यमुना, राप्ती, सरयू, नर्मदा जैसी विशाल नदियाँ हैं जो उत्तर भारत की सुंदरता को काफ़ी बढ़ा देती हैं।

**नामजून** हम्म... तो क्या भारत में सारी बड़ी नदियाँ उत्तर भारत में ही हैं?

**आशा** नहीं ऐसी बात नहीं है। तुम दक्षिण भारत की तरफ़ जाओगे तो उधर तुम्हें कावेरी, कृष्णा, महानदी, गोदावरी जैसी विशाल नदियाँ मिलेंगी।

**नामजून** वाह, तब तो पश्चिम भारत में भी कुछ विशाल नदियाँ होंगी?

**आशा** बिलकुल हैं पश्चिम भारत में रावी, ताप्ती, सतलज, माही, लूनी और घग्गर नदियाँ काफ़ी महत्त्वपूर्ण हैं। तुम्हें यह जानना चाहिए कि भारत के सभी प्रमुख शहर इन्हीं नदियों के किनारे बसे हुए हैं।

**नामजून** इन सभी नदियों से भारत को क्या फ़ायदा होता है?

**आशा** आज भी भारत का प्रमुख उद्योग कृषि है। इन सभी नदियों के प्रवाह से भारत की 70 प्रतिशत ज़मीन की सिंचाई होती है। जिससे फ़सल का उत्पादन काफ़ी मात्रा में होता है।

**नामजून** वहाँ की कौन-सी नदी सबसे पवित्र मानी जाती है।

**आशा** तुम उसका नाम जानते हो। हिमालय की गंगोत्री से निकलने वाली गंगा भारत में सबसे पवित्र नदी मानी जाती है। लोग गंगा की पूजा करते हैं।

**नामजून** ऐसा लगता है कि एक बार भारत की नदियों को देखने के लिए ही भारत जाना पड़ेगा।

**आशा** तुम ऐसी योजना बना सकते हो





**1** 히말라야에 가본 적이 있나요?

**2** '히말라야'의 어원을 알고 있나요?

## सुनना

[1-2] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. पोखरा को नेपाल में किस नाम से जाना जाता है?
   ① राजधानी
   ② पर्यटन राजधानी
   ③ हिमालय राजधानी
   ④ अरावली श्रृंखला

2. इनमें से किस स्थान पर भिक्षुओं की प्रार्थनाओं को सुना जा सकता है?
   ① अरावली श्रृंखला
   ② पुराना बाज़ार
   ③ रूपा झील
   ④ तिब्बती शिविर

[3-4] प्रस्तुति को ध्यान से सुनिए और ○, × चुनिए।

3. शिव मंदिर में जाते हुए गुफ़ा से गुज़रना पड़ता है।

○ ×

4. यहाँ लोग फ़ोटो खिंचाना बहुत पसंद करते हैं।

○ ×

## बोलना

1. दिए गए वार्तालाप को पूरा कीजिए।

① : बच्चों बताओ, भारत की तीन प्रमुख नदियाँ कौन-सी हैं?
: ______________________

② : क्या आप जानते हैं कि पंजाब का नाम पाँच नदियों से बना है?
क्या आप इनके नाम जानते हैं?
: ______________________

③ : मैडम, गंगा नदी को पवित्र क्यों माना जाता है?
: ______________________

④ : मैडम, भारत में लोग नदी को माँ क्यों कहते हैं?
: ______________________

## बोलना

**2.** आप अपने अनुभव के बारे में बोलिए जब आप परिवार के साथ हरिद्वार गंगा स्नान के लिए गए थे। आप किस अवसर पर हरिद्वार गए थे? क्या आपने लक्ष्मण झूले का आनंद लिया? आपके अनुभव के बारे में बोलिए।

| अवसर | परिवार में कौन-कौन गया | नदी स्नान का अनुभव | हरिद्वार घूमने का अनुभव |
|---|---|---|---|
| | | | |

**3.** भारत में कुम्भ का आयोजन किया जाता है। मान लीजिए आपको कुम्भ में जाने का अवसर मिला, यह एक अत्यंत पवित्र धार्मिक कार्यक्रम माना जाता है। आपको वहाँ जाकर कैसा लगा? इस बारे में बोलिए।



## पढ़ना

**[1-2] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के सही उचित उत्तर चुनिए।**

प्रकृति और मानव का रिश्ता बहुत महत्त्वपूर्ण है। प्रकृति के इस महत्व को आज मानव समझ रहा है, लेकिन लंबे समय तक इसे नहीं समझा गया। प्रकृति के नज़ारे हमेशा ही लोगों की आँखों को आकर्षित करते रहे हैं। नेपाल और भारत की सीमा पर कंचनजंघा की पहाड़ियाँ, माउंट एवरेस्ट, हिमालय के सुंदर नज़ारे; भारत के उत्तर भाग को बहुत मनोहारी बनाते हैं। इन सुंदर पहाड़ों से निकलने वाली नदियाँ भारत के लोगों की जीवनधारा हैं। गंगा, यमुना, सतलुज, कावेरी, नर्मदा भारत की सुंदर नदियाँ हैं। गंगा और यमुना का संबंध तो भारत के समाज से धार्मिक रूप से है। गंगा के साथ तो भारतीय लोगों का रिश्ता जन्म से लेकर मृत्यु तक का है। हरिद्वार, वाराणसी आदि कई शहर गंगा के छोर हैं जो सभी भारतीयों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

**1.** 'मनोहारी' शब्द का क्या अर्थ है?

① सुंदर दृश्य
② मन की बात
③ मन का विचार
④ मंगलकारी

**2.** कौन-सा कथन ग़लत है?

① प्रकृति और मानव का रिश्ता बहुत महत्त्वपूर्ण है।
② इन सुंदर पहाड़ों से निकलने वाली नदियाँ भारत के लोगों की जीवनधारा हैं।
③ गंगा और यमुना का संबंध तो भारत के समाज से धार्मिक रूप से है।
④ गंगा और यमुना का संबंध तो भारत से नहीं है।

**[3-4] अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए।**

### नेपाल का सफ़र: एवरेस्ट की गोद में बसा भारत का सुंदर पड़ोसी

जिस भूमि पर विशाल माउंट एवरेस्ट सीना ताने खड़ा हो और महात्मा बुद्ध जहाँ के निवासी रहे हों, उस जगह से अधिक रहस्यमय और रोमांचकारी भला क्या हो सकता है? भारत की सीमा से घिरा हुआ यह सीधा-साधा पड़ोसी देश, पर्यटकों के लिए किसी ख़ज़ाने से कम नहीं। ऐसी विविधता भला और कहाँ देखने को मिलेगी जहाँ एक तरफ़ हैरान करने वाला हिमालय और दूसरी तरफ़ आध्यात्मिक ज्ञान का रास्ता है।

मुश्किल रास्तों और दूसरी चुनौतियों के बावज़ूद नेपाल एक अद्भुत नशा है। फिर चाहे बौदानाथ और स्वयंभुनाथ के शक्तिशाली मंदिरों की परिक्रमा करके एक अनोखी शक्ति का अनुभव करना हो या दरबार स्कैवेयर (जो अब युनेस्को की वर्ल्ड हैरिटेज साइट है) के रूप में काठमांडू के राजसी इतिहास को जानना हो या फिर पोखरा घाटी की सुंदरता में खोना हो और वहाँ के दुर्गम स्थानों और पहाड़ों पर ऐसे ट्रेक करना हो मानों आप यही करने के लिए ही पैदा हुए हों। नेपाल का हर अनुभव रोमांच से भरा हुआ है।

नेपाल में ऐसा क्या जादू है कि पर्यटक वहाँ खिंचे चले जाते हैं जबकि अन्य देशों की तुलना में वहाँ घूमना उतना आसान नहीं है। ख़राब सड़कें और उस वजह से होने वाली आम दुर्घटनाएँ भी पर्यटकों को यहाँ आने से नहीं रोक पाती। यहाँ घूमने के लिए एक 4WD या फिर एक बाइक भी किराए पर ले सकते हैं लेकिन ख़ुद चलाने के लिए वहाँ की सड़कें एक बड़ी चुनौती हैं। उसके लिए बाइक चलाने का अच्छा-ख़ासा अनुभव होना ज़रूरी है।

काठमांडू और पोखरा जैसी जगहों पर, टैक्सी आसानी से मिल जाती हैं लेकिन ड्राइवर आम तौर पर मीटर से जाने के लिए मना कर देते हैं। इसके अलावा सस्ती साइकिल-रिक्शा और टेम्पो भी लोकल घूमने-फिरने के लिए अच्छे विकल्प हैं।

**3. नेपाल की विशिष्ट पहचान के अवयवों में जो शामिल न हो, वह क्या है?**

① महात्मा बुद्ध
② माउंट एवरेस्ट
③ आध्यात्मिक ज्ञान
④ ख़ज़ाना

**4. नेपाल में घूमने लायक़ जगह में जो शामिल न हो, वह क्या है?**

① बौदानाथ
② दरबार स्कैवेयर
③ टेम्पो और रिक्शा
④ पोखरा घाटी

## लिखना

• आपके द्वारा देखी किसी नदी, पहाड़ या सागर की सुंदरता के बारे में लिखिए।

## मेमो

सोचना

## ये धरती, ये नदियाँ, ये पर्वत, चाँद-सितारे

[होजून और युरा दिल्ली से काठमांडू घूमने जाते हैं और वहाँ से लौटते हुए वे बनारस आते हैं और फिर वहाँ से दिल्ली लौटते हैं। रास्ते में वे अपनी नेपाल-यात्रा का अनुभव साझा करते हैं]

**होजून** तो, नेपाल-यात्रा कैसी लगी युरा?

**युरा** मैं तो इतना ख़ुश हूँ कि बता नहीं सकती! कुदरत का करिश्मा वाक़ई क़ाबिल ए तारीफ़ है।

**होजून** कुछ विस्तार से बताओ! देखा तो मैंने भी, लेकिन तुमसे सुनकर अच्छा लग रहा है।

**युरा** नागरकोट से उगते सूरज को देखना और कालापाथर एवरेस्ट बेस कैंप से स्वच्छ-धवल एवरेस्ट को देखना मुझे सबसे सुंदर लगा। विशाल हिमालय पर्वत, हरे-भरे पहाड़ों के बीच में गहरी घाटियाँ, निर्मल नदियाँ और झरनों का संगीत बहुत आकर्षक था। जी चाहता था वहीं रहें।

**होजून** और काठमांडू अच्छा नहीं लगा?

**युरा** हाँ, लगा क्यों नहीं? पशुपतिनाथ मंदिर, स्वयंभूनाथ मंदिर, बोधनाथ स्तूप, नमो बुद्ध स्तूप, कोपन मोनास्ट्री, काठमांडू दरबार स्क्वायर आदि देखना तो मेरे लिए अद्भुत अनुभव था।इसके अलावा आसन मार्केट और वहाँ की गलियों में घूमना भी मुझे बहुत अच्छा लगा।

**होजून** और वहाँ के लोग?

**युरा** हाँ, लोग भी बहुत सीधे-सादे और सरल लगे!
तुम भी तो बताओ, तुम्हें क्या अच्छा लगा? तुम भी तो थे साथ!

**होजून** तुमने जो बताया वो सब मुझे अच्छे लगे, लेकिन...... सबसे अच्छा मुझे......।

**युरा** क्या? बोलो! चुप क्यों हो गए?

**होजून** जब तुम होटल में सोई हुई थी उसी बीच मैं कसिनो चला गया था। बुरा मत मानना यार, प्लीज़!

**युरा** कितने गंदे हो तुम! मौक़ा मिलते ही कसिनो चले गए? ख़बरदार! आगे कभी गए तो।

**होजून** कैसे जाऊँगा? इंडिया में तो है नहीं कसिनो!
अच्छा, चलो अब थोड़ी देर आराम कर लो, एक घंटे में बनारस पहुँचने वाले हैं।

**युरा** तुम आराम करो! मैं तो एक उपन्यास पढ़ने जा रही हूँ 'शहर बनारस'।



[बनारस स्टेशन पर होजून और युरा बात करते हुए]

**होजून** हमारी ट्रेन रात में आठ बजे है। अभी शाम के पाँच बजे हैं। इस बीच क्या करें?

**युरा** ऐसा करते हैं, गंगा आरती देख आते हैं। मैंने बहुत नाम सुना है।

**होजून** ठीक है चलो! ऑटो ले लेते हैं।

[घाट पर पहुँचकर]

**होजून** हमें तो कुछ मालूम नहीं, कैसे पता करें गंगा आरती के बारे में? रुको, इन पंडित जी से पूछते हैं! प्रणाम पंडित जी! हम कोरिया से हैं। कृपया, हमें संक्षेप में गंगा आरती के बारे में बताइए!

**पंडित जी** [आशीर्वाद देते हैं] आयुष्मान भव! आपकी जिज्ञासा का समाधान हम ज़रूर करेंगे। ध्यान से बैठकर सुनिए!

भारत की सांस्कृतिक राजधानी बनारस का मूल नाम वाराणसी या काशी है। आप जहाँ खड़े हैं उसका नाम दशाश्वमेध घाट है। प्राचीन ग्रंथों के अनुसार, राजा दिवोदास ने यहाँ दस अश्वमेध यज्ञ कराया था, इसलिए इसका नाम दशाश्वमेध पड़ा। गंगा और गौ का भारतीय संस्कृति में सर्वोच्च स्थान है। गंगा को भागीरथी भी कहते हैं। मान्यता है कि काशी के कण-कण में भगवान् शिव का वास है। हिंदू आस्था के अनुसार देवी गंगा शिव की जटा से निकली हैं। दैनिक आरती के माध्यम से देवी गंगा की आराधना की जाती है। विस्तार से जानने के लिए कुछ दिन बनारस में प्रवास कीजिए। आज इतना ही! आपका कल्याण हो! आप दीर्घायु और विद्वान हों!

**युरा और होजून** [हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर अभिवादन करते हैं] प्रणाम पंडित जी।

# परिशिष्ट

# 부 록


1. 듣기 지문 • 175

2. 정답 • 182

3. 어휘 • 184

4. 참고 자료 / 출처 • 218






## पाठ 01

### विवाह

[1-2]

**सुनिता** आप आज मेरे पुत्र की शादी के समारोह में आए। यह मेरे पूरे परिवार के लिए बहुत ख़ुशी की बात है। शादी के हॉल तक आने में कोई परेशानी तो नहीं हुई?

**जीमिन** सुनिता जी, नमस्ते। हम तो बड़े आराम से हॉल तक पहुँच गए। आपने तो अनेक तरह के भोजनों का यहाँ इंतज़ाम किया है, हम सब यहाँ आकर बहुत ख़ुश हुए। पनीर तो हमें सबसे ज़्यादा पसंद आया। मिठाइयाँ भी बहुत अच्छी बनी हैं।

**सुनिता** आइए, आप हमारे रीति-रिवाजों को भी देखें। उसमें भाग लें और पूरे समारोह में हमारे साथ रहें।

**जीमिन** जी, ज़रूर! मेरा पूरा परिवार आपके विवाह समारोह में आपके साथ ही रहेगा। कोई काम हो तो ज़रूर कहें।

**सुनिता** आइए, अब वर और वधू दोनों एक दूसरे को वरमाला पहनाएँगे।

**जीमिन** हाँ, चलिए। हमें भी इस पल का इंतज़ार था। अब लड़के-लड़की के साथ फ़ोटो भी तो खिंचानी है।

[3-4]

इस हॉल का निर्माण 16वीं शती में राजा मानसिंह ने कराया था। सफ़ेद संगमरमर से बनी यह इमारत बेहद ख़ूबसूरत है। इसके ऊपर के हिस्से में कंगूरों का डिज़ाइन बना हुआ है। इसके विशाल दरवाज़े लकड़ी के बने है जिसे सुंदर फूलों की माला से सजाया गया है। दरवाज़े पर दो दरबान खड़े हैं जो आने-जाने वालों का स्वागत इत्र छिड़क कर कर रहे हैं। इत्र गुलाब का है जिससे चारों ओर गुलाब की ख़ुशबू फैल गई है। सभी ख़ुश हैं; क्योंकि सब का शाही स्वागत किया गया है। खाने की मेज़ हॉल के बीच में लगाई गई है जिस पर चॉकलेट से बना केक रखा है। वर और वधू इस केक को काटकर एक दूसरे को खिलाएँगे।

## पाठ 02

### परिवार

[1-2]

**नेहा** सुदीप भैया, अगले हफ़्ते राखी है। इस बार राखी के दिन मैं बच्चों के साथ तुम्हारे घर आऊँगी।

**सुदीप** ज़रूर आना, नेहा। भाई-बहन के प्यार का यह त्यौहार तो साथ मिलकर ही मनाया जाता है, तभी ख़ुशी देता है।

**नेहा** पिछली बार व्यस्त होने के कारण मुझे डाक से राखी भेजनी पड़ी थी। इस बार मैं ज़ूरूर आकर तुम्हें राखी बाँध दूँगी। भाभी को कहना, सूजी का हलवा बनाकर रखेंगी।

**सुदीप** आ जाओ नेहा, तुम्हारी भाभी ने गुलाब जामुन भी बनाए हैं। बच्चे भी बुआ का इंतज़ार कर रहे हैं।

**नेहा** हाँ भैया, मेरे बच्चों ने भी मामा-मामी और नाना-नानी से मिलने की रट लगाई हुई है।

**सुदीप** तो दो दिन पहले ही आ जाओ, बचपन को याद करके हम भी ख़ुश हो लेंगे। माँ भी तुम्हारा इंतज़ार कर रही है। जीजा जी से भी इसी बहाने मुलाक़ात तो हो जाएगी।

[3-4]

जनवरी महीने में भारत में मनाया जाने वाला एक त्यौहार है; सकट चौथ। इस त्यौहार को माँ और बच्चों के संबंध को हमेशा बनाए रखने की इच्छा से मनाया जाता है। माँ अपने बच्चों की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और इस दिन तिल से बने लड्डू का भोग गणेश जी को लगाया जाता है। बच्चों की उम्र के साथ-साथ उनकी विद्या और बुद्धि के बने रहने की प्रार्थना भी की जाती है।

## पाठ 03

### कॉलेज जीवन

**[1-2]**

**रिचा** महेश सुनो, परीक्षाएँ निकट आ रही हैं। अब पढ़ाई में जी-जान से जुटना होगा।

**महेश** हाँ रिचा, ठीक कह रही हो। पहली परीक्षा कौन-सी और किस दिन है?

**रिचा** आज 30 अप्रैल है। मई की 5 तारीख़ से परीक्षा शुरु हो रही है। पहली परीक्षा हिन्दी और दूसरी इतिहास की है। तुमने परीक्षाओं की तिथि पर ध्यान नहीं दिया?

**महेश** नहीं, अभी नहीं। किस वेबसाईट पर सूचना है, कृपया बताना।

**रिचा** दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर परीक्षा से जुड़ी सारी जानकारियाँ उपलब्ध हैं। कोई परेशानी हो तो मुझे बताना।

**महेश** ज़रूर! मैं देख कर तुमसे बात करूँगा। तब तक के लिए नमस्कार।

**[3-4]**

दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिए लगभग तीन गुणा विद्यार्थी आते हैं जिनमें से एक तिहाई को ही दाख़िला मिल पाता है। कुछ विषयों में अंकों के आधार पर दाख़िला मिलता है तो कुछ विषयों में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। वर्ष भर में आंतरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया भी चलती रहती है जिसके अंक मुख्य परीक्षा के अंकों में जोड़े जाते हैं। कक्षाओं में उपस्थिति के भी अंक दिए जाते हैं। इस तरह कक्षा में उपस्थित होने वाले विद्यार्थी को सिर्फ़ सीखने का ही अवसर नहीं मिलता बल्कि सीखने के अंक भी मिलते हैं।

## पाठ 04

### भावनाएँ

**[1-2]**

**सीमा** रमेश बधाई हो। बी॰ए॰ हिन्दी की परीक्षा का परिणाम आ गया है।

**रमेश** बहुत शुक्रिया, सीमा! पर अभी मैंने परिणाम नहीं देखा है।

**सीमा** रमेश, आपने परीक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। मैं दूसरे स्थान पर हूँ।

**रमेश** आपको भी बधाई। आप अब आगे क्या करना चाहती हैं?

**सीमा** मैं अब दिल्ली विश्वविद्यालय केन्द्रीय शिक्षा संस्थान से बी॰एड॰ करना चाहती हूँ। और आप?

**रमेश** मैं एम॰ए॰ करके आगे प्रोफ़ेसर बनना चाहता हूँ तो शोध की दिशा में ही आगे कोशिश करूँगा।

**सीमा** अनेक शुभकामनाएँ आपको।

**[3-4]**

**रोहन** तो, कल तुम्हारी बी॰ए॰ की परीक्षा का परिणाम आने वाला है। तुम कितनी रोमांचित हो?

**सीमा** बहुत ज़्यादा, रोहन! मुझसे अब इंतज़ार नहीं हो रहा। परिणाम जल्दी से देखना चाहती हूँ।

**रोहन** अच्छा अगर किसी वजह से परिणाम तुम्हारी आशा के अनुसार नहीं आया तो तुम क्या करोगी?

**सीमा** रोहन, जीवन में हर व्यक्ति कुछ कर सकता है। इसे परीक्षा के परिणाम से जोड़ना ठीक नहीं है।

**रोहन** तुम ठीक कहती हो! तो तुम आगे क्या करना चाहती हो?

**सीमा** अगर परिणाम वही रहा तो आगे एम॰ए॰ करूँगी। वरना फैशन डिज़ाइनिंग भी तो मैं अच्छी करती हूँ, उस तरफ़ जाऊँगी।

**रोहन** ठीक कहती हो। इंसान के भीतर गुण होने चाहिए, ऐसे में वो अपने लिए हर रास्ता बना सकता है। तुम्हारे लिए शुभकामनाएँ।

**सीमा** बहुत शुक्रिया।

## पाठ 05

### अवकाश

**[1-2]**

**ऋचा** आज शुक्रवार है, आज तो नई हिन्दी फ़िल्म रिलीज हुई है। चलोगे देखने?

**मनोज** कौन-सी फ़िल्म रिलीज हुई है? और कहाँ चलने की योजना है?

**ऋचा** राजीव चौक, क्नॉट प्लेस पर रिवोली प्लाज़ा में अक्षय कुमार की फ़िल्म केसरी लगी है, हाउसफुल शो है, पर मैंने टिकट की व्यवस्था कर ली है। तुम चलोगे तो ठीक है, नहीं तो मैं साधना से बात करती हूँ।

**मनोज** अरे नहीं-नहीं। मैं ही चलूँगा। इस फ़िल्म की टिकट तो मिल ही नहीं रही है, तुमने कैसे व्यवस्था की?

**ऋचा** मैंने एक सप्ताह पहले ही ऑनलाइन टिकट बुक कर दी थी पीवीआर की वेबसाईट के माध्यम से। और टिकट के साथ पॉपकॉर्न भी बुक कर दिए थे।

**मनोज** बस तो ठीक है। शाम को छः बजे मिलते हैं प्लाज़ा के आगे।

**ऋचा** पौने पाँच तक आ जाना। छः बजे तो फ़िल्म शुरु हो जाएगी। ठीक है, मैं इंतज़ार करूँगी।

**[3-4]**

हिन्दी फ़िल्में प्राय: लंबी अवधि की होती है। आधी फ़िल्म के बीच मध्यांतर किया जाता है। इस मध्यांतर के ठीक पहले कहानी में कोई ऐसा मोड़ दिखाया जाता है, जिससे आगे की कहानी जानने में दर्शकों की जिज्ञासा बनी रहे। सभी पिक्चर हॉल में मध्यांतर में दर्शकों की भीड़ बाहर खाने-पीने के काउंटर के आगे देखी जा सकती है। पॉपकॉर्न से लेकर शीतल पेय, बर्गर खाने के लिए बच्चे लालायित रहते हैं। बच्चों की रुचि फ़िल्म से ज़्यादा मध्यांतर में ही होती है। आख़िर खाने-पीने के लिए इतना सारी व्यवस्था तो वहीं होती है। माता-पिता फ़िल्म का अगला दृश्य नहीं छोड़ना चाहते और बच्चे खाने-पीने के काउंटर से नहीं हटना चाहते। फ़िल्म मध्यांतर के बाद और अधिक रोचक हो जाती है क्योंकि अब क्लाइमेक्स आने वाला होता है। दर्शक चिप्स हाथ में लिए क्लाइमेक्स देखने के इंतज़ार में लगातार स्क्रीन पर टकटकी लगाए रखते हैं। इस पूरी प्रक्रिया को देखना भी किसी फ़िल्म को देखने जैसा ही रोचक है।

## पाठ 06

### अस्पताल

**[1-2]**

**आध्या** सुनो मनोज, वह सड़क पर आदमी घायल पड़ा है। हमें उसकी मदद करनी चाहिए।

**मनोज** रहने दो आध्या, बेकार में पुलिस कार्रवाई और अस्पताल में पहचान कराने की समस्या में कौन पड़ेगा।

**आध्या** अरे, आप कैसी बात करते हैं? आप जानते हैं ना, सरकार ने अब नियमों में छूट दी है। गुड सैमेटेरियन (नेक आदमी) योजना के तहत घायल को अस्पताल पहुँचाने वाले आदमी को प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

**मनोज** पर पुलिस की पूछताछ से गुज़रना भी तो बहुत मुश्किल है।

**आध्या** अब घायल आदमी को लाने वाले को अपनी पहचान बताने की बाध्यता भी नहीं है। वैसे भी जब किसी को मदद की ज़रुरत हो, तो अच्छे नागरिक का फ़र्ज़ हमें निभाना ही चाहिए। आपको उसके इलाज के लिए अस्पताल में कोई राशि भी जमा नहीं करनी होगी।

**मनोज** तुम ठीक कहती हो। चलो, उसे अस्पताल ले चलते हैं।

**[3-4]**

**प्रिया** आजकल रिया क्लास में नहीं आ रही। सब ठीक है ना, मनीष?

**मनीष** अरे प्रिया, तुम नहीं जानती, रिया को तीन दिन से तेज़ बुख़ार है।

**प्रिया** हमें उसे देखने जाना चाहिए। क्या वह अस्पताल में है?

**मनीष** नहीं, वह अपने आसपास के किसी डॉक्टर से दवा ले रही है। डॉक्टर ने उसे कुछ टेस्ट लिखे हैं, पर उसने अभी टेस्ट नहीं कराए हैं।

**प्रिया** यह तो ठीक नहीं है। हमें उसके पास चलकर पास के किसी अच्छे पैथोलोजी लैब से टेस्ट कराने चाहिए।

**मनीष** उसका हेल्थ कार्ड और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी भी साथ ले चलेंगे जिससे उस पर ख़र्च का ज़्यादा दबाव न हो और उसे बिना ख़र्च के इलाज मिल सके।

**प्रिया** तुम ठीक कहते हो। चलो पहले देखते हैं कि डॉक्टर ने उसे क्या सलाह दी है।

**मनीष** ठीक है, चलो।

## पाठ 07
### फल और सब्ज़ियाँ

[1-2]

**महिला** भैया! सुनो, लगता है, सीधे फल मंडी से आ रहे हो। फल तो बड़े अच्छे दिख रहे हैं।

**सब्ज़ीवाला** जी, बहन जी। सीधे फल मंडी से ताज़े फल लेकर आ रहा हूँ। आम, केले, लीची और पपीता सब कुछ हैं।

**महिला** यह तो चौसा आम लग रहा है। दशहरी भी है ना!

**सब्ज़ीवाला** बहन जी चौसा, दशहरी, केसर और लंगड़ा सारे आम हैं। और मुज़फ्फरपुर वाली शाही लीची भी है।

**महिला** अरे वाह! फिर तो एक किलो लीची, दो किलो लंगड़ा आम और एक दर्जन केले तौल दो। बच्चे ख़ुश हो जाएँगे।

**सब्ज़ीवाला** अभी तौलता हूँ बहन जी। वैसे अगली बार ख़रबूज़े और तरबूज़ भी लाऊँगा। गरमी के मौसम में तो इनका अपना ही मज़ा है।

[3-4]

फलों की बहार देखनी हो तो भारत में गरमियों में आइए। ताज़े, ख़ुशबूदार और मीठे, रसीले फलों को सजे हुए देखकर मुँह में पानी आ जाता है। शाही लीची की मिठास सीधे मुज़फ्फरपुर से आती है और कश्मीर का नाम सुनते ही सुर्ख़ सेब याद आ जाते हैं। सेब और नाशपाती कश्मीर से आती हैं तो केला भारत के हर हिस्से में अलग-अलग नाम से आकर अपनी धमक बनाए रखता है। कहीं यह चक्कर केली है तो कहीं पूवन, कहीं चंपा, कहीं मोहनभोग, माल भोग। अंगूर उत्पादन करने वाले क्षेत्रों में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु प्रमुख हैं। आँवला, अनार, बेर, खजूर तथा अंजीर, शुष्क मरुस्थल तथा अर्ध मरुस्थल के फल हैं। इनके अतिरिक्त जामुन, कटहल, बेल, फ़ालसा, कठ-सेब, शहतूत तथा लसोड़ा इत्यादि शुष्क प्रदेशों के फल हैं।

## पाठ 08
### यातायात

[1-2]

**दीपा** गिरीश जी, आज भी आप देर से आए हैं। अगर अब आप एक भी दिन देर से आए, तो आपकी तनख़्वाह कट सकती है।

**गिरीश** दीपा जी, मैं क्या करूँ, सार्वजनिक वाहन से आना आसान नहीं है। कभी बस रुकती है, कभी नहीं रुकती, बहुत परेशानी है। आप दिल्ली की सार्वजनिक वाहनों की हालत जानती तो हैं न?

**दीपा** गिरीश सर, मैं भी सार्वजनिक वाहन से ही आती हूँ। पर मैं बस से नहीं, मेट्रो से आती हूँ। मेट्रो का समय तय होता है और उससे हम जल्दी भी पहुँच सकते हैं। आप मेट्रो से आकर देखिए।

**गिरीश** मैडम, मेट्रो मेरे घर से दूर है फिर उसमें टिकट भी महँगी है।

**दीपा** गिरीश जी, मेट्रो में टिकट महँगी है पर समय भी बचता है। आप अगर मेट्रो कार्ड बनवा लेंगे, तो आपको 10 प्रतिशत की छूट भी मिलेगी। फिर आपने सुना ही होगा 'समय ही असली धन है'।

**गिरीश** आप ठीक कहती हैं। कल से मैं मेट्रो तक बस से आऊँगा फिर वहाँ से मेट्रो से आ जाऊँगा। शायद यही ठीक होगा।

[3-4]

भारत में कार चलाना आसान नहीं। ख़ासकर जब आप शुरुआत में कार चलाना सीखते हैं तो ऐसा लगता है जैसे हर कोई आपकी ही ओर गाड़ी लेकर चला आ रहा है। आप अगर किसी तरह अपनी लेन में कार चला भी रहे हैं तो कहीं किसी भी किनारे से कोई भी कूद कर सामने आ सकता है, या फिर ग़लत दिशा से आने वाली बाइक भी हादसे का शिकार बना सकती है। ट्रक भी उसी लेन में चलते हैं, जिस लेन में कार। सड़क पर हर तरह की गाड़ियों के लिए अलग लेन होना ज़रूरी है जिससे कितने ही हादसों को रोका जा सकता है। लगातार हॉर्न बजाने वालों से भी परेशानी होने लगती है। ज़रा, गाड़ी रुकी तो हॉर्न की आवाज़ों से आपके अंदर का तनाव बढ़ जाता है।

## पाठ 09
### संचार

[1-2]

**महिला** सुनिए श्रीमान, मुझे आपकी कंपनी का सिम ख़रीदना है।क्या आप मुझे इसकी कुछ ख़ासियत बता सकते हैं जिससे मुझे इसे ख़रीदने में मदद मिले?

**दुकानदार** जी मैडम! हमारी कंपनी सिम ख़रीदने पर आपको पहले दो महीने में डाटा मुफ़्त दे रही है। तीसरे महीने से भी हमारे पास सिल्वर, गोल्ड और प्लेटिनम जैसी कई योजनाएँ हैं। आप अपनी सुविधा के अनुसार रिचार्ज़ कर सकती हैं।

**महिला** आपके सिम की कॉनेक्टिविटी की क्या स्थिति है?

**दुकानदार** हमारे सिम से बेहतर नेटवर्क किसी का नहीं है, मैडम! एक क्षेत्र में टावर भी लगा हुआ है।

**महिला** सबसे कम कितने रुपए का रिचार्ज़ करना ज़रूरी है? मुझे कम पैसे में ज़्यादा सुविधा मिल सकती है? यह मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण इश्यू है।

**दुकानदार** सबसे कम एक सौ रुपए का रिचार्ज़ करना ज़रूरी है। मैडम आप चिंता न करें, आप एक बार सिम ख़रीदिए, आपको निराशा नहीं होगी।

[3-4]

आजकल फ़ोन सभी की ज़रूरत बन चुका है। अगर आप विदेश से भारत आए हैं और भारत में सिम ख़रीदना चाहते हैं तो यह कतई मुश्किल नहीं है। आप अपने पासपोर्ट की मूल प्रति और वीज़ा की प्रति दिखाकर कहीं से भी प्री-पेड कार्ड ख़रीद सकते हैं। पोस्ट-पेड कार्ड ख़रीदने के लिए आपके पास भारत का एक स्थायी पता होना जरूरी है। आप अगर भारत आते हैं तो दिल्ली अथवा मुंबई हवाई अड्डे से ही आएँगे। दोनों हवाई अड्डे पर आप कीओस्क से ही सिम कार्ड ख़रीद सकते हैं। बाहर आने पर स्थानीय विक्रेता से भी सिम कार्ड ख़रीदा जा सकता है जो हवाई अड्डे की तुलना में थोड़ा सस्ता होगा। अंतर्राष्ट्रीय सिम कार्ड का इस्तेमाल न केवल महँगा होगा बल्कि उसके रोमिंग चार्ज़ भी अधिक होंगे। ज़रूरी है कि आप जिस देश में जाएँ, उसका ही स्थानीय सिम इस्तेमाल करें। उसका ही स्थानीय सिम इस्तेमाल करें।

## पाठ 10
### लड़ाई-झगड़ा

[1-2]

**प्रिया** राजेश, सुनो! इस बार भी कपिल गणित में कम अंक लाया है। बस मुश्किल से पास ही हुआ है।

**राजेश** प्रिया, सब तुम्हारी वजह से हुआ है। तुम्हारे लाड-प्यार ने ही उसे बिगाड़ दिया है। सारा दिन मोबाईल पर खेलता है। अब भुगतो!

**प्रिया** अरे मैंने क्या किया है? बच्चों को तो प्यार किया ही जाता है। मैं तो उसे ख़ुद पढ़ाती हूँ फिर भी...

**राजेश** तुम्हें ख़ुद गणित आता है? आज इस लड़के की पिटाई करूँगा तभी इसे गणित समझ आएगा। लाओ मेरा डंडा।

**प्रिया** बच्चों को मारने से भले ही तुम्हारा ग़ुस्सा शांत हो जाए, पर उससे वह पढ़ नहीं पाएगा। तुम्हें तो गणित बहुत अच्छी तरह आता है, तो तुम उसे क्यों नहीं पढ़ाते?

**राजेश** मुझे तुमसे कोई बहस नहीं करनी! मेरे पास ऑफ़िस का भी काम है। मैं किसी को नहीं पढ़ा सकता।

**प्रिया** तुम्हें इस तरह बात नहीं करनी चाहिए।

[3-4]

**महिला** भैया, कल मेरा बच्चा तुमसे केले लेकर गया था, केले बिल्कुल ख़राब दिए हैं तुमने!

**सब्ज़ीवाला** बहन जी, केले तो सामने ही रखे हैं। उसे देखकर लेना चाहिए।

**महिला** भैया, तुम्हें बच्चे को बता देना चाहिए था ना कि तुम्हारे पास ठीक फल नहीं हैं। तुमने उससे पैसे भी ज़्यादा लिए। अब इसे वापस लो।

**सब्ज़ीवाला** बहन जी, दोष मत दीजिए। पैसे तो वही लिए हैं जो सबसे ले रहा हूँ। मुझे तो बेचना ही है, जिसे लेना है, लेगा ही। अपने बच्चे को सिखाकर भेजो कि सामान कैसे ख़रीदते हैं।

**महिला** एक तो ग़लत काम करते हो, फिर बहस भी करते हो! पैसे वापस करो और दूसरे केले दो।

**सब्ज़ीवाला** पैसे तो वापस नहीं होंगे और केले भी नए नहीं मिलेंगे। अपने बच्चे को समझाकर भेजा कीजिए।

**महिला** भैया, अब आगे से तुम्हारी दुकान यहाँ नहीं लगेगी। मैं तुम्हारी शिकायत करूँगी।

**सब्ज़ीवाला** जाओ जिससे शिकायत करनी हो, कर दो। मैं तो यहीं सब्ज़ियाँ और फल बेचूँगा।

## पाठ 11

## हवाई अड्डा

[1-2]

**महिला** सर, एयर इण्डिया के काउन्टर पर आपका स्वागत है। आपको किस जगह की टिकट बुक करनी है?

**पुरुष** मैडम, मुझे कम्पनी की ओर से नेपाल जाना है। कल की ही टिकट लेनी है।

**महिला** ठीक है सर, मैं टिकट की उपलब्धता की जाँच कर लेती हूँ। वैसे इंडिगो के अतिरिक्त अन्य फ्लाइट्स जैसे विस्तारा और रॉयल नेपाल भी भारत से नेपाल की फ्लाइट उपलब्ध करते हैं। नेपाल का निकटतम एयरपोर्ट बागडोगरा है।

**पुरुष** मैडम, मैं बहुत परेशान हूँ, इतनी जल्दी वीज़ा की व्यवस्था कैसे होगी?

**महिला** सर आपको जानकारी देना चाहूँगी कि नेपाल के लिए वीज़ा की जरूरत नहीं है। आप केवल पासपोर्ट के माध्यम से ही नेपाल की फ्लाईट लेकर वहाँ जा सकते हैं। वैसे नेपाल जाने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी सरकारी पहचान पत्र द्वारा भी आप यात्रा कर सकते हैं।

**पुरुष** अरे, ये तो बहुत अच्छी बात बताई आपने। अब तो यात्रा आसान हो जाएगी। वैसे मैं सीधे काठमांडू जाना चाहता हूँ।

[3-4]

भारत से नेपाल जाने के लिए दिल्ली, बैंगलौर अथवा मुंबई से विमान लिया जा सकता है। नेपाल एयरलाइन्स में बिजनेस क्लास के लिए मुंबई और बैंगलौर से 40 किलो का बैग ले जाया जा सकता है। अतिरिक्त बैग ले जाने के लिए अतिरिक्त ख़र्च देना ज़रूरी है। काठमांडू से दिल्ली, मुंबई और बैंगलौर तीनों में बिजनेस क्लास में 40 किलो सामान की इजाज़त है। किफ़ायती वर्ग यानी इकॉनमी क्लास में यह दो वर्ग में विभाजित है जिसमें 30 अथवा 20 किलो सामान की इजाज़त है। अधिक सामान होने पर उसका अतिरिक्त ख़र्च देना होता है। बच्चों के लिए मुफ़्त सामान की अधिकतम सीमा 10 किलोग्राम है। किफ़ायती वर्ग और व्यवसायी वर्ग के अतिरिक्त नेपाल एयरलाइन्स शंग्रीला वर्ग की भी सुविधा देती है।

## पाठ 12

## प्रकृति

[1-2]

**महिला** सुनो, बच्चे बहुत खुश हैं; क्योंकि बहुत समय बाद हम उन्हें इतने सुंदर शहर पोखरा (नेपाल) घुमाने लेकर आए हैं।

**पुरुष** यह तो अच्छी बात है। जानती हो, पोखरा को नेपाल की पर्यटक राजधानी कहा जाता है।

**महिला** अच्छा यह बताओ, हम कहाँ घूमने जाएँगे यहाँ और क्या देखेंगे?

**पुरुष** पोखरा से हिमालय की स्वर्णिम चोटियाँ साफ़-साफ़ देखी जा सकती हैं। तिब्बती शरणार्थी शिविर भी घूमने के लिए एक ज़रूरी जगह है। वहाँ भिक्षु भी रहते हैं जिनकी प्रार्थना सुनने में बच्चों को बहुत आनन्द आएगा।

**महिला** शाम को हम लोग रुपा ताल झील चलेंगे। सुना है यह बहुत शांत झील है जहाँ बैठकर मन को बहुत अच्छा लगेगा। बच्चे नाव चला लेंगे। आप और मैं साथ बैठेंगे।

**पुरुष** अरे भाई, पुराना बाज़ार भी चलना होगा। तुम्हारे लिए माला भी तो ख़रीदनी है ना।

[3-4]

पोखरा घूमने जाने वाले पर्यटक गुप्तेश्वर महादेव गुफ़ा जाना ज़रुर पसंद करते हैं। भगवान शिव को समर्पित यह मन्दिर शांति स्तूप जाते हुए रास्ते में देखा जा सकता है। इस मन्दिर में लगातार पानी टपकता रहता है। गुफ़ा के भीतर जाते हुए सिर को झुकाकर चलना होता है जो शिवजी के प्रति आपकी श्रद्धा के रुप में भी देखा जा सकता है। फ़ोटो खींचने की सुविधा यहाँ नहीं है। भारत में जम्मू-कटरा में स्थित वैष्णों देवी में अगर आप दर्शन करने गए हों, तो पहले देवी दर्शन के लिए प्राचीन गुफ़ा से जाने की अनुमति थी। यहाँ जाकर भी वैसी ही आत्मिक अनुभूति होती है।

## पाठ 01 विवाह

सुनना

1. ② 2. ①
3. × 4. ○

पढ़ना

1. ③ 2. ④
3. ④ 4. ②

## पाठ 02 परिवार

सुनना

1. ③ 2. ①, ③
3. × 4. ○

पढ़ना

1. ② 2. ④
3. ③ 4. ④

## पाठ 03 कॉलेज जीवन

सुनना

1. ③ 2. ①
3. ○ 4. ×

पढ़ना

1. ② 2. ④
3. ③ 4. ③

## पाठ 04 भावनाएँ

सुनना

1. ③ 2. ②
3. × 4. ×

पढ़ना

1. ① 2. ②
3. ③ 4. ①, ④

## पाठ 05 अवकाश

सुनना

1. ① 2. ②
3. × 4. ○

पढ़ना

1. ② 2. ③
3. ① 4. ③

## पाठ 06 अस्पताल

सुनना

1. ③ 2. ②
3. ○ 4. ×

पढ़ना

1. ① 2. ③
3. ④ 4. ④

## पाठ 07 फल और सब्ज़ियाँ

सुनना

1. ④ 2. ①
3. ○ 4. ○

पढ़ना

1. ① 2. ④
3. ② 4. ④

## पाठ 08 यातायात

सुनना

1. ② 2. ③
3. × 4. ×

पढ़ना

1. ④ 2. ③
3. ③ 4. ④

## पाठ 09 संचार

सुनना

1. ① 2. ③
3. ○ 4. ×

पढ़ना

1. ② 2. ③
3. ①, ③ 4. ①

## पाठ 10 लड़ाई-झगड़ा

सुनना

1. ④ 2. ③
3. × 4. ○

पढ़ना

1. ① 2. ④
3. ①, ② 4. ④

## पाठ 11 हवाई अड्डा

सुनना

1. ① 2. ④
3. ○ 4. ×

पढ़ना

1. ① 2. ④
3. ③ 4. ④

## पाठ 12 प्रकृति

सुनना

1. ② 2. ④
3. ○ 4. ×

पढ़ना

1. ① 2. ④
3. ④ 4. ③

| 단어 | 품사 | 뜻 | 비 고 |
|---|---|---|---|
| अंजीर | 남성명사 | 무화과 | B1-7-सु |
| अंतर्राष्ट्रीय | 형용사 | 국제의, 국제상의 | B1-9-सु |
| अंतिम | 형용사 | 마지막의, 끝의, 최후의; 결정적인 | B1-4-सु |
| अंदरूनी | 형용사 | 내부의, 안쪽의 | B1-5-4 |
| अंधा | 형용사/ 남성명사 | 안보이는, 눈먼; 경솔한/ 장님, 맹인 | B1-10-4 |
| अकेला | 형용사/ 남성명사 | 고독한; 유일한; 단독의/ 단독 | B1-4-4 |
| अक्षर | 남성명사/ 형용사 | 문자, 글자; 음절/ 불멸의; 썩지 않는 | B1-2-4 |
| अगर | 접속사 | 만약, 만일 | B1-1-1 |
| अजब | 형용사 | 특이한, 이상한; 기묘한; 비범한, 경이로운 | B1-3-सु |
| अजी | 감탄사 | 실례합니다; 저기요 | B1-1-4 |
| अटेंडेंट | 남성명사 | 종업원; 수행원, 안내원(attendant) | B1-6-4 |
| अड्वाइस | 남성명사 | 조언, 충고(advice) | B1-2-2 |
| अतएव | 접속사 | 그러므로, 그래서 | B1-5-1 |
| अतिरिक्त | 형용사 | 덧붙이는, 첨가의, 초과의, 여분의; 그밖에, 그외에 | B1-7-1 |
| अत्यंत | 형용사/ 부사 | 많은/ 매우 많이, 과도히, 굉장히 | B1-12-बो |
| अथवा | 접속사 | 또는, 혹은, 내지 | B1-9-सु |
| अद्भुत | 형용사 | 경이로운; 놀라운 | B1-12-2 |
| अधिकतम | 형용사 | 최대의; 최대한의; 최고의 | B1-11-सु |
| अधिकारी | 남성명사/ 형용사 | 관리; 공무원/ 권한이 부여된, 권리가 있는; 권위 있는; 신뢰할 만한 | B1-11-4 |
| अधूरा | 형용사 | 불완전한; 미완성의 | B1-3-प |
| अनजाने | 부사 | 뜻하지 않게, 모르게 | B1-9-4 |
| अनानास | 남성명사 | 파인애플 | B1-7-1 |
| अनुदेश | 남성명사 | 지시, 명령, 훈령 | B1-11-4 |
| अनुपलब्ध | 형용사 | 획득할 수 없는, 구할 수 없는 | B1-4-सु |
| अनुशासन | 남성명사 | 규율; 통제; 수행 | B1-2-बो |
| अन्यथा | 부사/ 형용사 | 그렇지 않다면/ 다른; 반대의 | B1-9-1 |
| अपशब्द | 남성명사 | 욕, 욕설; 속어 | B1-10-बो |
| अपितु | 접속사 | 하지만; 그럼에도, 그래도; 오히려 | B1-7-2 |
| अभिनय | 남성명사 | (연극·영화에서의) 연기 | B1-2-4 |
| अभिनेता | 남성명사 | 배우 | B1-5-सु |
| अमल | 남성명사 | 활동, 행동; 실행, 실천; 적용 | B1-3-2 |
| अम्मा | 여성명사 | 엄마 | B1-2-4 |
| अरावली | 남성명사 | 아라발리 산맥 | B1-12-सु |
| अर्ध | 형용사 | 반(半); $\frac{1}{2}$(의) | B1-7-सु |
| अलग-अलग | 형용사/ 부사 | 별개적으로, 따로따로, 단독으로/ 명백히, 뚜렷이 | B1-1-2 |
| अवगत | 형용사 | 통보된, 통지된; 알려진 | B1-8-बो |
| अवधि | 여성명사 | 기간, 기; 시대, 치세 | B1-5-सु |
| अश्वमेध यज्ञ | 남성명사 | 아슈와메다 제식 (말 희생제) | B1-12-4 |
| असफल | 형용사 | 성공하지 못한, 실패한 | B1-4-बो |
| असली | 형용사 | 진실의; 순수한 | B1-1-सु |
| असाइन्मेंट | 남성명사 | 과제, 숙제(assignment); 임무; 배정, 배치 | B1-10-1 |
| अस्थिर | 형용사 | 불안정한; 변하기 쉬운; 망설이는 | B1-4-1 |
| आंकड़ा | 남성명사 | 수치; 수 | B1-8-सु |
| आंटी | 여성명사 | 아주머니, 숙모(auntie) | B1-4-4 |
| आंतरिक | 형용사 | 안의, 내부의; 내면적인 | B1-3-सु |
| आंध्र प्रदेश | 남성명사 | (지명) 안드라쁘라데시주 | B1-7-सु |
| आत्मिक | 형용사 | 정신의, 영적인; 자신에 관한. | B1-12-सु |
| आदिकाल | 남성명사 | 태동기 | B1-3-बो |
| आधा-आधा | 형용사 | 반반 | B1-7-4 |
| आधार | 남성명사 | 기초; 토대; 근거 | B1-2-प |
| आधार कार्ड | 남성명사 | (인도 정부에서 발급하는) 신분증, 아다르(Aadhaar) | B1-11-सु |
| आधारित | 형용사 | 근거하는; 토대로 하는 | B1-5-बो |
| आधुनिक | 형용사 | 현대의, 현대적인; 동시대의 | B1-5-बो |
| आधुनिक काल | 남성명사 | 현대, 근대, 근세 | B1-3-बो |
| आध्यात्मिकता | 여성명사 | 영성, 정신성 | B1-12-सु |
| आप्शन | 남성명사 | 선택; 선택지(option) | B1-1-4 |
| आमंत्रण-पत्र | 남성명사 | 초대장, 초청장 | B1-9-लि |
| आयोजित | 형용사 | 준비된, 정비된; 개최된; 실시된, 거행된 | B1-3-सु |
| आयोजित | 형용사 | 개최한, 소집한, 정렬한 | B1-7-सु |
| आरंभ | 남성명사 | 시작; 개시; 시초 | B1-4-1 |
| आरती | 여성명사 | (등불을 들고 선회하는) 숭배 의식 | B1-12-4 |
| आराधना | 여성명사 | 숭배, 경배 | B1-12-4 |
| आरामदेह | 형용사 | 편항, 편안한, 안락한; 쾌적한 | B1-5-4 |
| आवेदन | 남성명사 | 신청; 지원; 청원 | B1-3-सु |
| आसपास | 부사 | 근처에, 부근에; 가까이에 | B1-10-4 |
| आसानी से | 부사 | 쉽게; 거뜬히 | B1-2-प |
| आस्था | 여성명사 | 신뢰, 신념, 확신 | B1-12-4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| आहार-विहार | 남성명사 | (먹기와 잠자기 등의) 신체 활동 | B1-6-4 |
| इंटरनेट | 남성명사 | 인터넷(internet) | B1-4-सु |
| इंटरनेट कैफे | 남성명사 | PC방(internet café) | B1-4-सु |
| इंटरमिशन | 남성명사 | (연극·영화 등의) 중간 휴식 시간(intermission) | B1-5-1 |
| इंटरवल | 남성명사 | 중간 휴식 시간; 사이, 잠깐(interval) | B1-5-4 |
| इंतज़ाम | 남성명사 | 준비, 마련; 설비; 조직, 체계; 관리 | B1-1-सु |
| इकॉनोमिक्स | 남성명사 | 경제학(economics) | B1-3-4 |
| इत्यादि | 부사 | 등; 및; 기타; 따위 | B1-7-सु |
| इत्र | 남성명사 | 냄새; 향기; 향수 | B1-1-सु |
| इनकार | 남성명사 | 거부, 거절 | B1-10-बो |
| इनाम | 남성명사 | 상, 경품, 상품 | B1-7-सु |
| इम्युनिटी | 여성명사 | 면역(immunity) | B1-7-2 |
| इलाक़ा | 남성명사 | 지역, 구역, 지구(地區) | B1-8-प |
| इलाहाबाद | 남성명사 | (지명) 일라하바드 | B1-12-बो |
| इवानिंग | 여성명사 | 저녁(evening) | B1-5-1 |
| इशारा | 남성명사 | 표시; 기호; 몸짓 | B1-2-4 |
| इशू | 남성명사 | 쟁점; 사안; 문제(issue) | B1-3-2 |
| इसीलिए | 접속사 | 그래서, 그러므로 | B1-3-4 |
| ईश्वर | 남성명사 | 신(神) | B1-4-1 |
| उगना | 자동사 | 자라다, 싹이 트다 | B1-12-4 |
| उचक्का | 남성명사 | 사기꾼; 좀도둑 | B1-10-4 |
| उठाना | 타동사 | 세우다; 일으키다; 깨우다; 들다 | B1-1-4 |
| उड़ान | 여성명사 | 비행; 항공편, 항공기 | B1-11-4 |
| उत्तरी दिल्ली | 여성명사 | (지명) 북부 델리 | B1-8-4 |
| उत्तीर्ण | 형용사 | 통과한; 합격한 | B1-3-सु |
| उत्पादन | 남성명사 | 생산; 제조; 제작; 산출 | B1-7-सु |
| उत्साहित | 형용사 | 열정적인, 열의가 있는, 신바람이 난 | B1-11-प |
| उदास | 형용사 | 슬픈, 우울한 | B1-4-बो |
| उदासी | 여성명사 | 슬픔; 우울함 | B1-6-प |
| उदाहरण | 남성명사 | 예, 보기; 사례, 경우 | B1-11-सु |
| उद्योग | 남성명사 | 산업; 노동; 노력 | B1-5-सु |
| उपर्युक्त | 형용사 | 위에서 언급한; 앞서 말한 | B1-9-सु |
| उपलब्धता | 여성명사 | 획득 | B1-11-सु |
| उपस्थिति | 여성명사 | 출석; 참석; 점호 | B1-3-सु |
| उफ़ | 감탄사 | 앗; 아 | B1-9-4 |
| उम्दा | 형용사 | 훌륭한, 탁월한, 아주 좋은 | B1-5-1 |
| उल्टी | 여성명사 | 구토 | B1-6-4 |
| उल्लेख | 남성명사 | 언급; 인용 | B1-3-बो |
| एंजॉय करना | 타동사 | 즐기다; 즐거운 시간을 보내다, (무엇을 하면서) 즐거워 하다 | B1-1-1 |
| एंट्री | 여성명사 | 입장(entry); 입학; 등장; 입구 | B1-8-4 |
| एक साथ | 부사 | 함께, 같이 | B1-7-2 |
| एकत्र | 형용사 | 수집된; 모인; 회합된, 집약된 | B1-9-बो |
| एकल | 형용사 | 혼자서 하는, 단독의; 외로운 | B1-2-1 |
| एकोनोमी क्लास | 남성명사 | 일반석, 보통석, 이코노미석(economy class) | B1-5-4 |
| एक्टर | 남성명사 | 배우(actor) | B1-5-1 |
| एक्टिंग | 여성명사 | (연극·영화에서의) 연기(acting) | B1-2-4 |
| एक्ट्रेस | 여성명사 | 여배우(actress) | B1-5-1 |
| एक्शन | 남성명사 | 액션(action) | B1-5-4 |
| एग्जाम्स | 남성명사 | 시험(exams) | B1-3-4 |
| एड्रेस | 남성명사 | 주소(address) | B1-9-1 |
| एनिमेशन | 남성명사 | 만화 영화; 애니메이션(animation) | B1-5-1 |
| एप्प | 남성명사 | 앱, 응용프로그램(application) | B1-9-2 |
| एम.ए. | 남성명사 | 문학 석사(학위)(M.A.) | B1-4-सु |
| एम.फिल. | 남성명사 | 준박사(학위), 연구석사(학위)(M.Phil.) | B1-4-सु |
| एमरजेंसी | 여성명사 | 비상(사태)(emergency) | B1-6-1 |
| एयरपोर्ट | 남성명사 | 공항(airport) | B1-9-सु |
| एरिया | 남성명사 | 지역, 구역(area); 부분 | B1-9-1 |
| ऑटो | 여성명사 | 오토릭샤(auto) | B1-8-सु |
| ऑनलाइन | 형용사 | 온라인(online) | B1-3-सु |
| ऑफिस | 남성명사 | 사무실(office) | B1-2-4 |
| ओपिनियन | 남성명사 | 의견, 견해(opinion) | B1-2-2 |
| ओह | 감탄사 | (가벼운 놀라움을 표현하는) 아, 어, 오 | B1-5-1 |
| ओहो | 감탄사 | (반가움을 표현하거나 미처 생각하지 못한 것을 깨달았을 때 내는) 아하, 오호 | B1-2-2 |
| औपचारिकता | 여성명사 | 격식; 형식; 정규, 정식 | B1-1-प |
| औलाद | 여성명사 | 자손; 자녀 | B1-10-4 |
| कंगूरा | 남성명사 | 탑, 망루 | B1-1-सु |
| कंट्रोल | 남성명사 | 조절(control) | B1-7-2 |
| कंसल्ट | 남성명사 | 상담; 상의(consult) | B1-6-4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कटहल | 남성명사 | 잭푸르트(jackfruit) | B1-7-सु |
| कठ-सेब | 남성명사 | 까트 사과 | B1-7-सु |
| कठिनाई | 여성명사 | 어려움; 곤란; 고난 | B1-4-1 |
| कड़वा | 형용사 | 쓴; 불쾌한 | B1-7-प |
| कण | 남성명사 | 분자; 작은 조각; 과립; 입자 | B1-12-4 |
| कद्दू | 남성명사 | 박, 호박 | B1-7-2 |
| कनॉट प्लेस | 남성명사 | (지명) 코넛 플레이스(Connaught Place) | B1-8-4 |
